जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




A Monumental Work of Rare Scholarship

Ahmad faults India for never addressing shared security issues with Gulf countries & sees no future in the announced Israel-US-UAE-India partnership.

**Psychology: Smile Please!** Posing a smile can brighten your mood, according to a research.



*इंग्लैण्ड के नॉर्थ यॉर्कशायर में ऑस्प्री के घोंसले में दो चूज़े देखे गए हैं। अमेरिका में तो यह घटना न्यूज़ नहीं बनती लेकिन यॉर्कशायर में 200 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। यह बदलती हवा का संकेत है कि, 1916 में अंधाधुंध शिकार के कारण लुप्त हुए ऑस्प्री पक्षी इंग्लैण्ड के कई क्षेत्रों में वापसी कर रहे हैं। अब ये कम्ब्रिया, नॉर्थम्बरलैंड और नॉर्थ एण्ड वैस्ट वेल्स में प्रजनन करते नज़र आ रहे हैं तथा एक ट्रस्ट उन्हें ईस्ट एंगलिया में पुनः बसाने की कोशिश कर रहा है। सन् 1840 से 1916 के बीच ब्रिटेन के तटों के पास इन पक्षियों को बड़े पैमाने पर मारा गया क्योंकि ऐसी धारणा थी कि, ये सामन और ट्राउट फिश संग्रहण को नुकसान पहुंचाते हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद बदलते नजरिए की वजह से रैप्टर्स व अन्य पक्षियों के संरक्षण के लिए कई कानून बनाए गए, उन्हीं दिनों ऑस्प्री का एक जोड़ा स्कैण्डिनेविया से उड़कर स्कॉटलैण्ड आ गया। उसके बाद से यहाँ की निर्जनता तथा भारी मात्रा में मछलियों से युक्त जलाशयों व जलधाराओं के कारण स्कॉटलैण्ड में इनकी आबादी बढ़ती गई और 2018 में हुई गणना में यहाँ ऑस्प्री के 250 जोड़े मिले। स्वयमेव हुई इस पक्षी की वापसी के बाद उम्मीद की गई कि, आगामी 100 सालों में समूचे इंग्लैंड में ऑस्प्री की प्राकृतिक रुप से वापसी हो जाएगी। इसलिए विभिन्न वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट इसके पुनर्वास के काम में जुट गए। लैस्टरशायर एंड रटलैण्ड वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट, जो रटलैण्ड ऑस्प्री प्रोजैक्ट को मैनेज कर रहा है, ने लगभग दो सौ साल में पहली बार ऑस्प्री की इग्लैंड में वापसी करवाई। इसके तहत 1966-2001 के बीच जो 64 स्कॉटिश ऑस्प्री चिक्स छोड़े गए थे उनमें से अब, वयस्क हो चुके 26 ऑस्प्री पक्षियों ने लगभग 200 चूज़े पाल-पोसकर बड़े कर लिए हैं। इन सबने अब रटलैण्ड वॉटर नाम के एक जलाशय के चारों तरफ पार्क में घर बनाया है जहाँ मछलियाँ भरपूर मात्रा में हैं। रटलैण्ड वॉटर रिज़र्व के मैनेजर जोई डेविस ने इसे भारी सफलता की संज्ञा दी है। ऑस्प्री प्रवासी पक्षी हैं और पश्चिमी अफ्रीका और सहारा के पार तक जाते हैं।*

# बाहर की शान्ति भ्रमित करती है, राजस्थान की राजनीतिक स्थिति के बारे में

## गहलोत को हटाने का निर्णय लिया जा चुका है, केवल टाइमिंग के लिये ''फाइन टयूनिंग'' हो रही है

- गहलोत से कहा जा चुका है कि, वे एक बहुत वरिष्ठ नेता हैं, अतः उन्हें पद की शालीनता को ध्यान में रखते हुए, इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्टी भी मु.मंत्री बदलने के मामले को एक सार्वजनिक तमाशा नहीं बनाना चाहती।
- गहलोत ने हाईकमान की यह राय अस्वीकार कर दी है, तथा हाईकमान को कह दिया है कि, वे इस्तीफा देने की कतई इच्छा नहीं रखते।
- दूसरी ओर, राहुल गांधी का स्पष्ट सोच है, गहलोत को जाना ही चाहिए, चाहे इससे राजस्थान में पार्टी की सरकार गिर ही क्यों न जाये।
- राहुल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से पूछा कि, अगर गहलोत को हटाया गया तो इसका क्या नतीज़ा निकलेगा। जवाब मिला कि, इससे पार्टी की सरकार गिरा सकते हैं गहलोत। राहुल का जवाब था, इससे फर्क नहीं पड़ता।
- एक वरिष्ठ नेता का इस मुद्दे पर कहना था, ''वैसे भी राजस्थान में गहलोत की सरकार है, पार्टी की सरकार नहीं और अगर गहलोत की सरकार गिरती है, तो कांग्रेस की सरकार सत्ता में आयेगी।''

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। राजस्थान मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी में जहां उच्चतम स्तर पर आधिकारिक चुप्पी है, वहीं सूत्र कहते हैं कि अन्दरूनी रूप से पार्टी नेतृत्व यही चाहता है कि मुख्यमंत्री को बदला जाना चाहिए। अब बहस सिर्फ इसके उचित समय को लेकर है, जिसे तलाशा जा रहा है।

सुविज्ञ सूत्र कहते है कि अशोक गहलोत को अवगत करवा दिया गया है कि उन्हें सम्मानजनक ढंग से पद छोड़ देना चाहिए क्योंकि वह काफी सीनियर नेता हैं और पार्टी इस मुद्दे पर कोई तमाशा खड़ा करना नहीं चाहती।

लेकिन ज्ञात हुआ है कि गहलोत ने इससे इन्कार कर दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि वह इस्तीफा देने के इच्छुक नहीं हैं।

पता चला है कि राहुल गांधी ने पार्टी के सीनियर नेताओं से कहा है कि गहलोत को किसी भी हालात में विदा होना चाहिए और यदि इस प्रक्रिया में सरकार चली जाती है तो भी कोई बात नहीं। राहुल ने सीनियर नेताओं से पूछा कि गहलोत को हटाने की क्या प्रतिक्रया होगी। जब उन्हें यह बताया गया कि ऐसा होने पर गहलोत सरकार गिरा सकते हैं तो उन्होंने कहा कोई बात नहीं, सरकार गिर जाने दीजिए।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि ''राजस्थान की सरकार अशोक गहलोत सरकार है ना कि कांग्रेस सरकार। अतः तर्क यह है कि यदि गहलोत सरकार गिरती है तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह स्थिति कांग्रेस सरकार के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

यह बयान यह दर्शाता है कि ऊंट किस करवट बैठ रहा है और वास्तविकता यह है कि गहलोत के व्यवहार को लेकर निराशा आक्रोश है जो कि अब पार्टी पर अपने ओनरशिप राइट्स के दावे कर रहे हैं।

ऐसा लगता है कि पार्टी नेतृत्व अशोक गहलोत की गलतफहमी दूर करना चाहता है।

# तीन नवम्बर को तेलंगाना की विधानसभा सीट के लिये मतदान होगा

- हालांकि, एक सीट पर जीत व हार का सरकार व विपक्ष के विधायकों की संख्या पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, पर, टी.आर.एस. व भाजपा ने अपना सब कुछ झोंक दिया है, इस चुनाव में।
- इस उप चुनाव में जीत/हार से मालूम पड़ेगा, आगामी 2024 के विधानसभा व संसद के चुनाव में कौन हावी रहेगा, भाजपा या टी.आर.एस.।
- भाजपा को बहुत उम्मीद है कि, तेलंगाना में उसका भविष्य उज्जवल है और वह टी.आर.एस. को पछाड़ कर, सरकार भी बना सकती है विधानसभा चुनाव के बाद, और फिर आम चुनाव में भी काफी सांसद भेज सकेगी लोकसभा में।

-लक्ष्मण वेंकट कुची -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। तेलंगाना के मुनुगोडे विधानसभा सीट के उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दौर में भारी हिंसा देखी गई। सत्तारुढ़ पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस.) और विपक्षी भाजपा के कार्यकर्ताओं के आपसी टकराव से संकेत मिलता है कि चुनाव किस कदर महत्वपूर्ण हैं दोनों पार्टियों के लिए। इसने नतीजे को तेलंगाना की राजनीति की भावी की दिशा माना जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव के साथ राज्य में विधानसभा चुनाव भी होंगे।

संयोगवश मुनुगोडे सीट मौजूदा विधायक कांग्रेस के कोमातिरे राजगोपाल रेड्डी के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने की वजह से रिक्त हुई है। वे अपनी सीट से भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं तथा उनका मुकाबला टी.आर.एस. विधायक कुसुकुंतला प्रभाकर रेड्डी और कांग्रेस के पलावई श्रावंती रेड्डी से है।

सत्तारुढ़ टी.आर.एस. और भाजपा का यहां कड़ा मुकाबला है तथा दोनों दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी ताकि कांग्रेस की सीट हथिया सकें। कांग्रेस भी अपने दलबदलू विधायक को सबक सिखाने की रणनीति पर काम कर रही है। टी.आर.एस.और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन का आखिरी मिनट तक सड़कों पर रोड शो करते हुए बिताया जिसकी वजह कई बार दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं में टकराव भी हुआ।

टी.आर.एस. और भाजपा के कार्यकर्ताओं में पत्थरबाजी हुई तथा लाठी सरियों के साथ हिंसक संघर्ष भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ई.वी.एम. पर चुनाव चिन्ह

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। सुप्रीम कोर्ट ई.वी.एम. पर पार्टी के चुनाव चिन्ह की बजाय प्रत्याशी की फोटो, उम्र और शैक्षणिक योग्यता दिखाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुए पूछा कि चुनाव चिन्ह लगाने में गलत क्या है।

चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित के नेतृत्व वाली बैंच जनहित याचिका में की गई इस मांग से अप्रभावित नज़र आई कि

- ई.वी.एम. पर पार्टियों के चुनाव चिन्ह दर्शाए जाने को गैर कानूनी करार देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया और पूछा कि इसमें आखिर गलत क्या है।

राजनैतिक पार्टी की जगह पर प्रत्याशी को प्रोजैक्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि ''चुनाव राजनैतिक पार्टी से सम्बंधित होते हैं। मतदाता एक राजनैतिक पार्टी से सम्बंधित व्यक्ति को वोट देते हैं उसकी पार्टी को अनदेखा नहीं किया जा सकता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार ने अपना शिकंजा और कसा सोशल मीडिया पर

## नये आई.टी. रूल्स के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को, अपने प्लेटफार्म पर कोई मैसेज/न्यूज़ डालने से पहले उस मैसेज की स्क्रीनिंग कर, हटाना है या रखना है, का निर्णय लेना होगा

- अब तक सोशल मीडिया कंपनियों की प्रसारण के पश्चात् शिकायत आने पर ही आपत्तिजनक मैसेज हटाना है हटाने की जिम्मेवारी होती थी।
- नये रूल्स के तहत एक ग्रीवैन्स अपील कमेटी का गठन किया जायेगा, तथा किसी विवाद में इस कमेटी का निर्णय फाइनल होगा तथा दोनों पार्टियां, शिकायत कर्ता व सोशल मीडिया, को निर्णय मानना होगा।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। मोरबी में पुल ढहने की दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी और गुजरात तथा हिमाचल प्रदेश में जोर-शोर से चल रहे चुनाव प्रचार पर मीडिया के फोकस के बीच आई.टी. रूल्स, 2022 के लिए 28 अक्टूबर को आई अधिसूचना पर ज्यादातर लोगों का ध्यान नहीं गया।

संशोधित नियमों में दो महत्वपूर्ण व ठोस बदलाव किए गए हैं। पहला तो यह है कि नए नियमों के अनुसार सोशल मीडिया कम्पनियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने प्लेटफॉर्म्स पर परोसी जा रही विषय वस्तु की पूर्व स्क्रीनिंग करें। इस प्रकार से सोशल मीडिया कम्पनियों पर आपत्तिजनक सामग्री हटाने की जिम्मेदारी डाल दी गई है। पूर्व के आई.टी. रूल्स, 2021 के अनुसार सोशल मीडिया कम्पनियों को अपने इन्टरनल ग्रिवैन्स रिड्रेसल मैकेनिज़म पर कोई शिकायत प्राप्त होने के बाद ही अपनी साइट्स से आपत्तिजनक कन्टैन्ट हटाना होता था।

संशोधित आई.टी. नियमों में जो दूसरा सबसे बड़ा बदलाव है वह है नए नियमों की अधिसूचना जारी होने के तीन माह के भीतर ग्रिवैन्स अपीलेट कमेटी (जी.ए.सी) का गठन किया जाना।

इसका मतलब यह है कि जो लोग सोशल मीडिया कम्पनी के इन्टरनल ग्रिवैन्स रिड्रैसल मैकेनिज़म के निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं, वे जी.ए.सी. में अपील कर सकते हैं। जी.ए.सी. के निर्णय सोशल मीडिया कम्पनियों और यूजर्स दोनों पर लागू होंगे। नए नियमों में जी.ए.सी. को यह निर्णय करने का अधिकार दिया गया है कि सोशल मीडिया पर कौनसा कन्टैन्ट जा सकता है और कौनसा नहीं।

वर्ष 2021 के आई.टी. एक्ट ने सरकार को पहले ही यह अधिकार दिया हुआ है कि वह जिस कन्टैन्ट को आपत्तिजनक समझे उसे सोशल मीडिया से हटा सकती है। इन शक्तियों का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ठगों की पार्टी आप'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. सम्बित पात्रा ने धोखेबाज सुकेश

- आप पार्टी को धोखेबाजों व ठगों की पार्टी करार देते हुए भाजपा प्रवक्ता सम्बित पात्रा ने तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चन्द्रशेखर का पत्र जारी किया, जिसमें उसने दावा किया है कि, उसने आप पार्टी को 10 करोड़ रूपए प्रोटैक्शन मनी के रूप में और 50 करोड़ रूपए राज्यसभा सीट के लिए दिए थे।

चन्द्रशेखर द्वारा गत 7 अक्टूबर के दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर विनय कुमार सक्सैना को लिखे गए एक पत्र का हवाला देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को लताड़

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने एक असाधारण रुख अपनाते हुए एक मामले की लिस्टिंग में अत्यधिक

- चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया उदय उमेश ललित ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को फटकारा और नोटिस जारी कर दिया, जब उन्हें यह पता लगा कि, जो केस उनके सामने आया वह डेढ़ साल पहले ही लिस्टिंग के लिए तैयार था पर रजिस्ट्री उसे दबाए बैठी थी।

विलम्ब को लेकर अपनी खुद की रजिस्ट्री से ही सोमवार को स्पष्टीकरण मांगा। यह मामला सभी प्रक्रियात्मक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फिल्म स्टार चिरंजीवी एक बार फिर आंध्र की राजनीति में अवतरित होंगे!

## आंध्र के तेलुगू सिने जगत में वे उतने बड़े हैं जितने अमिताभ बच्चन हिन्दी व रजनीकांत तमिल पिक्चरों में

- 2008 में चिरंजीवी ने अपनी प्रजा राज्यम पार्टी बनायी व विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़े किये थे।
- हालांकि, उनके 18 उम्मीदवार ही विजयी हुए, पर, एन्टी कांग्रेस वोटों को विभाजित कर उन्होंने कांग्रेस को बहुमत पाने का रास्ता तय करवाया।
- कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पार्टी का कांग्रेस में विलय करवाकर, वे राजनीति की दृष्टि से सुप्त अवस्था में चले गये।
- पर, उनके छोटे भाई पवन कल्याण, जो स्वयं सिने स्टार हैं, ने अपनी पार्टी, जना सेना बनायी, जो भाजपा के नज़दीक बतायी जाती है।
- चिरंजीवी लगातार मूक संदेश दे रहे हैं कि, वे पुनः राजनीति में सक्रिय होने वाले हैं, संभवतया अपने छोटे भाई की पार्टी के माध्यम से।
- सार्वजनिक जिज्ञासा यह है कि, वे भाजपा के नज़दीक तो रहेंगे, पर, क्या वाय.एस.आर. कांग्रेस से दूरी बना सकेंगे, क्योंकि, उन्होंने वर्तमान मु.मंत्री के पिता वाय.एस.आर. को 2008 में मु.मंत्री बनवाने में, बहुत अहम् भूमिका अदा की थी।

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। इस समय फिल्म दीवाने राज्य आंध्र प्रदेश में, सारी चर्चाएं मेगास्टार चिरंजीवी के एक बार पुनः राजनीति में प्रवेश पर केन्द्रित हैं। ज्ञातव्य है कि चिरंजीवी, तेलुगू फिल्म जगत में अमिताभ बच्चन तथा रजनीकांत की ही तरह बहुत बड़े स्टार माने जाते हैं तथा दो तेलुगू भाषी राज्यों आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना में बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं।

2008 में, चिरंजीवी राजनीति में आये थे तथा उन्होंने अपनी राजनैतिक पार्टी, प्रजा राज्यम पार्टी (पी.आर.पी.) बनाई थी और तीसरी ताकत के रूप में विधानसभा चुनावी भी लड़ा था लेकिन कुछ खास नहीं कर पाये थे। वे उस समय के एकीकृत आंध्र प्रदेश में 294 में से केवल 18 सीटें ही जीत सके थे। लेकिन उनके चुनाव मैदान में आने से चुनावों की जटिलता जरूर बढ़ गई थीं। इनके आने से कांग्रेसी मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी का फिर से चुना जाना सुनिश्चित हो गया था क्योंकि चिरंजीवी ने कांग्रेस विरोधी वोट काटे थे तथा कांग्रेस की जीत में मदद की थी। वस्तुतः उन दिनों यह सर्वविदित था कि चिरंजीवी की राजनैतिक भूमिका का पटकथा-लेखन तथा निर्देश वाई.एस.आर. ने किया था, जैसा कि बाद की घटनाओं से सिद्ध भी हो गया था।

चिरंजीवी दो सीटों पर चुनाव लड़े थे, जिनमें से वे एक ही सीट पर हार गये थे। इस एक सीट सहित, केवल 18 सीटें जीतने के बाद, इस मेगा स्टार ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया तथा इसके पुरस्कार स्वरूप वे डॉ. मनमोहन सिंह सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिये गये, वर्ष 2014 में हुई कांग्रेस की घोर पराजय के बाद, चिरंजीवी आंध्र प्रदेश की राजनीति में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वायर न्यूज़ के पक्ष में मीडिया एकजुट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, प्रेस एसोसिएशन, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन, डिजीपब न्यूज इंडिया फाउंडेशन और वर्किंग न्यूज़ कैमरामैन एसोसिएशन ने वायर न्यूज

- प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, प्रेस एसोसिएशन, डैल्ही, यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट और अन्य कई संस्थाओं ने भाजपा की आई.टी. सैल प्रमुख की शिकायत पर हुई इस कार्यवाही का कड़ा विरोधी किया है।

वैबसाइट के संस्थापकों व इसके स्टाफ पर की गई कार्यवाही की संयुक्त बयान में घोर निंदा की। रविवार को वायर न्यूज के संस्थापक व स्टाफ के घरों पर रेड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

बुद्धि से विचार कर किए गए कर्म ही सफल होते हैं। –महाभारत

# डिजिटल मुद्रा की तरफ फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत

नोटबंदी से क्या हासिल हुआ यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। आम तौर पर नोटबंदी जैसे कदम अर्थव्यवस्था से काले धन को बाहर करने के लिए होती है। किन्तु वित्त विश्लेषकों को नहीं लगता कि नोटबंदी का कदम, जिसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को अब तक उलाहनें झेलने पड़ रहे हैं, बहुत सफल रहा। लेकिन उसका एक असर लोगों का डिजिटल लेनदेन की तरफ प्रवत्त होना भी रहा जो सभी के लिए इतना सुविधा जनक रहा है कि आरबीआई अब डिजिटल मुद्रा जारी करने के लिए तत्पर हुआ है और देश का पहला डिजिटल रुपया पायलट प्रोजेक्ट एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सहित नौ बैंकों के साथ शुरू हो गया है। ये बैंक सरकारी प्रतिभूतियों में लेनदेन के लिए आभासी मुद्रा जारी करेंगे। यह एक लंबी राह की छोटी शुरुआत है जिसके अनुभवों के आधार पर भविष्य का ढांचा बनेगा। आरबीआई ने एक महीने के भीतर सीमित उपयोगकर्ता समूहों में चुनिंदा स्थानों पर खुदरा खंडके डिजिटल रुपये में भी पहला पायलट लॉन्च करने की योजना है बनाई है। इसमें ग्राहक और व्यापारी शामिल होंगे। नई व्यवस्था के लिए संसद से इजाजत लेकर जरूरी वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और आशा की जाती है कि इस परियोजना में अगले वर्ष में भारत के लोग अपने बटुओं में नकदी की बजाय अपने मोबाइल फोन में डिजिटल मुद्रा रखने लगेंगे। आरबीआई डिजिटल मुद्रा जारी करने के लिए चरणबद्ध तरीके से चलने का संकेत दिया है।

हम पाते हैं कि तेजी से कैशलेस व्यवस्था की तरफ बढ़ते हुए देश के करोड़ों युवा पुराने तरीकों को छोड़ते जा रहे हैं। यह वे लोग हैं जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल भुगतान सेवा प्रदाताओं में से एक, पेटीएम के उपयोगकर्ताओं की रैंक को बढ़ा कर 400 मिलियन से अधिक हो जाने में मदद की है। अब कोई उद्यमी बिक्री के लिए पेटीएम और ऑनलाइन ट्रांसफर के लिए रेजरपे के प्लेटफॉर्म का उपयोग करता है तो व्यक्तिगत उपयोग के लिए अन्य प्लेटफार्मों में से किसी एक को प्राथमिकता देता है। उसे मालूम है कि इस तरह मौद्रिक लेनदेन जल्दी और आसानी से किया जा सकता है। युवा पीढ़ी अधिक से अधिक यूपीआई और वॉलेट जैसे कैशलेस तरीकों का भी उपयोग कर रही है, और नई प्रोद्योगिकी उनके लिए लेनदेन को आसान बना रही है। कुछ उत्पादों के लिए छोटे मूल्य के लेनदेन भी हो रहे हैं। इससे नकदी को संभालने की परेशानी भी काम होती है। वैसे भी पिछले पांच वर्षों में भारत में डिजिटल भुगतान या लेनदेन लगभग 50 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ा है। यह अपने आप में दुनिया की सबसे तेज विकास दर है। इसे दुनिया भर के विश्लेषक अद्वितीय बताया रहे हैं। रीयल–टाइम, मोबाइल–सक्षम सिस्टम, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में इसका विस्तार और भी तेजी से हुआ है। यह लगभग 160 प्रतिशत सालानादर से बढ़ा है। एक साल पहले जून में डिजिटल लेन–देन दोगुने से अधिक बढ़कर 5.86 बिलियन रुपयों का हो गया। इस लेनदेन में बैंकों की भागीदारी 44 प्रतिशत बढ़ गई। इसमें आरबीआई की भूमिका उत्प्रेरक की रही जिसने फीचर फोन (टचस्क्रीन के बजाय बटन वाले पुराने डिवाइस) के लिए भी एक यूपीआई पेश की जो दूर–दराज के ठाामीण क्षेत्रों में 400 मिलियन उपयोगकर्ताओं को जोड़ सकता है। यूपीआई प्रणाली 2016 में अपनाई गई थी। विमुद्रीकरण की पहल का झटका उसी वर्ष के अंत में आया था, जब उच्च मूल्य वाले बैंकनोट प्रचलन से वापस ले लिए गए थे और जिसकी गूंज अब तक बनी हुई है।

> **जिस प्रकार कोई पॉकेटमार जेब से रुपया चुरा लेता है वैसे ही डिजिटल रुपया चोरी न हो जाय इसके लिये निजी डाटा की सुरक्षा की व्यवस्था करनी होगी। इन सरोकारों को ध्यान में रखते हुए सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था के वास्ते व्यापक कानूनी ढांचा बनाने में लगी हुई है। भारत में अभी डाटा सुरक्षा का कोई स्पष्ट कानून नहीं है।**

यूपीआई वास्तव में भुगतान के लिए देश में प्रचलित नियमों और कागजी कार्रवाई के पैचवर्क के जवाब के रूप में देखा गया। इसका लक्ष्य व्यक्तिगत और व्यावसायिक उपयोग के लिए एक ही मोबाइल प्लेटफॉर्म पर कई बैंक खातों की अनुमति देकर रुपये–पैसों के हस्तांतरण को आसान और सुरक्षित बनाना था। यह प्रवधिकी तेजी से लोगों को भा गयी। वैसे तो यूपीआई नेटवर्क की उत्पत्ति बहुत पहले 2006 की है, जब आरबीआई और भारतीय बैंक संघ ने संयुक्त रूप से नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) का गठन किया था। इसका लक्ष्य खुदरा भुगतान के डिजिटलीकरण के लिए एक संस्थान बनाना था जिसकी छत के नीचे सब काम हो। यह संस्थान एक गैर–लाभकारी कंपनी के रूप में बनाया गया था जिसका उद्देश्य भारत के लोगों को एक सार्वजनिक व्यवस्था प्रदान करना था। इसके महत्व को विशेषज्ञों ने भी स्वीकार किया। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के शोधकर्ताओं ने 2019 के एक पेपर में लिखा था कि डिजिटल वित्तीय आधारभूत संरचना प्रदान करने की यह व्यवस्था सार्वजनिक रूप से लाभदायी है तथा सभी अर्थव्यवस्थाओं के लिए, चाहे वे विकास किसी भी चरण में हों, प्रासंगिक है। एनपीसीआई के अधिकारियों के अनुसार, भारत में व्यक्तिगत डिजिटल भुगतान के उपयोगकर्ताओं की वृद्धि पांच वर्षों में तिगुनी होकर 750 मिलियन हो जाएगी; व्यापारी उपयोगकर्ता 100 मिलियन तक दोगुने हो सकते हैं। वे बताते हैं कि भुगतान प्रणालियों के विविध पारिस्थितिकी तंत्र को केंद्रीय बैंक बढ़ावा देता है, जिसमें रुपे, एक बड़े बाजार हिस्सेदारी के साथ एक डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, राष्ट्रीय वित्तीय स्विच कैश मशीन नेटवर्क, और राष्ट्रीय पहचान कार्यक्रम का उपयोग करने वाली भुगतान प्रणाली शामिल है। इससे उन इलाकों को लाभ पहुंचाना है जहां बैंकिंग सेवाओं की कमी है। इसीलिए आरबीआई ने निर्धारित किया था कि भारत जैसे बड़े देश को कई भुगतान प्रणालियों की आवश्यकता है ताकि नागरिक अनेक भुगतान विकल्पों में से किसी एक का अपने लिए चुनाव कर सकें। यूपीआईजैसी प्रणाली किसी भी देश में तब तक नहीं आ सकती जब तक कि वहां की केंद्रीय बैंक और उस देश की सरकार ऐसा नवाचार लाने की इच्छुक न हो, जो भुगतान प्रणाली को सबसे छोटे मूल्य और सबसे उचित लागत पर लोकतांत्रिक बना दे। भारत में उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई आज लगभग मुफ्त है, और सरकार यूपीआई मर्चेंट भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

स्मार्टफोन युग की शुरुआत के बाद से नकदी पर निर्भरता पहले ही तेजी से कम होती जा रही थी, मगर कोरोना महामारी से बचने के उपायों ने संपर्क रहित डिजिटल लेनदेन को और बढ़ावा देने में मदद की, विशेष रूप से छोटी मात्रा के लिए, क्योंकि उस काल में लोग आपसी संपर्क कम करके खुद को वायरस से बचाने की कोशिश कर रहे थे। यह परिवर्तन एक अद्वितीय घरेलू नवाचार भी था जो इंडिया स्टैक, एक डिजिटल पहचान और भुगतान प्रणाली पर आधारित है, जो एक खुले एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस या एपीआई पर बनाया गया है। राष्ट्रीय पहचान कार्यक्रम, आधार को शामिल करके यह 1.3 बिलियन उपयोगकर्ताओं के साथ उपभोक्ताओं की सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाकर अधिक वित्तीय समावेशन की एक ताकत साबित हुआ है। देखा जाय तो ओपन–स्टैक तकनीक यूपीआई की नींव है, जिसने भारत के डिजिटल भुगतान के परिदृश्य को बदल दिया है। सरकार ने ओपन–स्टैक तकनीक को बढ़ावा दिया ताकि लोग बहुत तेज़ी से इस समूह में जुड़ सकें। इसके लिए पारंपरिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अलावा निजी फिनटेक कंपनियों को भी बढ़ावा दिया गया जिससे इन तकनीकों का तेजी से अपनाया जाना संभव हो सका। सबसे बड़ी बात यह है कि ये सेवाएं नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध हैं, और यही भारत के डिजिटल में परिवर्तन की विशिष्टता भी है। अब इनसे आगे बढ़ कर डिजिटल मुद्रा के युग में प्रवेश किया जा रहा है।


डिजिटल मुद्रा जिसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) कहा जाता है अभी दुनिया भर में वैचारिक, विकास और प्रायोगिक चरणों में है।इसके लिए आरबीआई को अपने यहां यह प्रौद्योगिकी किस प्रकार पनपती है उस पर ध्यान देने के साथ ही दुनिया भर में हो रहे उसके प्रयोगों पर भी निगाह रखने की जरूरत है। क्योंकि हमारे पास इसके बारे में कोई पूर्व का ज्ञान नहीं है इसलिए हमें हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श करके ऐसी यंत्र–तकनीक विकसित करनी होगी जो हमारी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो। आरबीआई ने भी माना है कि इसके लिए विस्तृत तैयारी की जरूरत है। हम आशा कर सकते हैं कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हम सतर्कता के साथ समयबद्ध तरीके से डिजिटल मुद्रा की ओर अग्रसर होंगे। उसे ऐसे नवोन्मेषी तरीके खोजने होंगे जो डिजिटल मुद्रा को नकद जितना ही लोकप्रिय बना सके। मगर सरकार को आम जन की गोपनीयता की चिंता का भी ध्यान रखना है। जिस प्रकार कोई पॉकेटमार जेब से रुपया चुरा लेता है वैसे ही डिजिटल रुपया चोरी न हो जाय इसके लिये निजी डाटा की सुरक्षा की व्यवस्था करनी होगी। इन सरोकारों को ध्यान में रखते हुए सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था के वास्ते व्यापक कानूनी ढांचा बनाने में लगी हुई है। भारत में अभी डाटा सुरक्षा का कोई स्पष्ट कानून नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने डाटा सुरक्षा को संविधान की धारा 21 के तहत मूलभूत अधिकार माना है। नई व्यवस्था में किस हद तक किसी को गुमनाम रहने का अधिकार होगा यह एक राजनीतिक और सामाजिक प्रश्न है, जिस पर भी संभल कर निर्णय लेना होगा। इसमें केवल संकीर्ण तकनीकी प्रश्न के बजाय वित्तीय स्थायित्व के जोखिम को भी ध्यान में रखना होगा। प्रस्तावित डिजिटल मुद्रा केंद्र सरकार और आरबीआई की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने का वादा किया गया है। मगर ऐसे कदम फूंक–फूंक कर रखे जाने की जरूरत है। आरबीआई ने इस बारे में एक कन्सेप्ट नोट जारी कर आश्वस्त किया है कि वह सभी सरोकारों को ध्यान में रखे हुए हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# आजादी के गुमनाम-मानगढ़ी के आदिवासी नायक-हाशिए पर



यादरामसिंह यादव




भारत में प्रारम्भ से ही आदिवासियों (मूलनिवासियों) में प्रकृति की सम्पदा– जल, जंगल और जमीन को बचाने एवं सुरक्षित रखने की वैज्ञानिक व धार्मिक सोच विद्यमान थी। आदिवासियों के प्राकृतिक अधिकारों के समर्थक राजा महाराजाओं तथा संतों–महापुरूषों के साथ मिलकर विदेशी आक्रान्ताओं –मुसलमानों तथा अंग्रेजों के विरूद्ध अपनी स्वायत्तता को बचाने के लिए अनेक विद्रोह एवं आन्दोलन किए। जिसमें उन मूलनिवासियों ने हजारों–लाखों की संख्या में अपने क्षेत्रों की प्राकृतिक संपदाओ व वन्य जीवों को बचाने में अपनी कुर्बानियां दी है। अंग्रेजों के विरूद्ध, उनके थोपे गए शोषणकारी कानूनों एवं भारतीयों की स्वायत्तता पर किये गए कानूनी हमलों/आक्रमणों के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति देकर भारत की अक्षुणता को कायम रखा है। आदिवासी वनों, पहाड़ों, नदी–नाडियों, वीहड़ों एवं वन्य जीवो की प्राकृतिक सम्पदा को सुरक्षित व संरक्षित रखने में अमूल्य योगदान देते आ रहे है। वे जंगलों व पर्वतीय क्षेत्रों में रहकर वहाँ अपनी बोली–भाषा, पहनावा, कला एवं संस्कृति को बचाये रखकर निरन्तर पीढ़ी–दर पीढ़ी अपने उत्तराधिकारियों को सोंपकर जीवित बनाये हुए हैं। ताजा आँकड़ो के अनुसार वर्तमान में देश में आदिवासियों की जनसंख्या 8.6 प्रतिशत यानि बारह करोड है।

भारत देश में अनेकों सदियों से अपनी स्वायत्तता, प्राकृतिक सम्पदा व धरोहरों एवं वन्य जीवों को बचाने में आदिवासियों ने अनेक विद्रोह व आन्दोलन किए है। जिनको इतिहास में कोई उचित स्थान नहीं दिया गया है। ऐसे कुछ प्रमुख विद्रोह व आन्दोलनों में:– अकबर एवं राणा प्रताप के बीच हुआ 18 जून 1576 का हल्दीघाटी का युद्ध, उड़ीसा का कान्डा विद्रोह या तिलका मांझी आन्दोलन 1772–1866, कोल विद्रोह 1821–36 उड़ीसा का हजारीबाग रांची विद्रोह, संथाल विद्रोह मुर्मू भाईयों का आन्दोलन 1855–56 संथालहुल झारखंड, मुण्डा विद्रोह (उलगुलान) 1897–1900 छोटा नागपुर, ताना भगत आन्दोलन 1914–1919 उरांव आदिवासियों का रांची से शुरू, रामपा विद्रोह 1879–1922 मद्रास प्रसीडेन्सी के विजयापरम पर्वतीय क्षेत्र से शुरू, राजस्थान का भील विद्रोह 1880–1913 मानगढ़ पहाड़ी नरसंहार, रानी गैड़िनलियु–हेराका आन्दोलन 1915 नागाराज्य स्थापना आन्दोलन, गुजरात का विजयनगर आदिवासी विद्रोह 1922. उपरोक्त के अलावा भी दलित आदिवासियों के

बंजारा समुदाय के महान धार्मिक सन्त गोविन्द गुरू के नेतृत्व में भील आदिवासियों में मांसाहार छोड़कर शाकाहार अपनाने व शराब त्यागने सम्बंधी सामाजिक सुधार आन्दोलन सन् 1890 में शुरू हुआ था। इसी समय गुजरात में उन्होंने भगत आन्दोलन को मजबूती देने के लिए सम्प सभा की स्थापना की। उन्होंने अपना भगत आन्दोलन लम्बे समय तक चलाया। यह आन्दोलन अंग्रेजों एवं स्थानीय जमीदारों, साहूकारों द्वारा भील आदिवासियों से मुफ्त में करायी जा रही बेगार प्रथा, वेट प्रथा तथा अन्य उत्पीड़नों के विरूद्ध था। सम्प सभा और गोविन्द गुरू के नेतृत्व में भीलों ने अंग्रेजों के सामने 33 मांगे रखी। जिनमें मुख्य रूप से बंधुआ मजदूरी, बेगार प्रथा व भारी लगान से संबंधित थी। इन मांगो से जमीदारों व रजवाड़ां को लगा कि, भील आदिवासी अनको चुनौती दे रहे है। उन्होंने गोविन्द गुरू के विरूद्ध षड़यन्त्र रचने की सूचना अंग्रेजों को दी। जिस पर अंग्रेजों द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। किन्तु आदिवासियों के तीव्र विरोध करने पर गोविन्द गुरू को छोड़ दिया गया। इसके बाद जमीदारों तथा स्थानीय राजाओं का भीलों पर अत्याचार बढ़ता गया। अंग्रेजी हुकूमत ने आदिवासियों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जुताई (बेगार) के बदले साल के 'सवा रूपया' देने का वादा कर आदिवासियों को 15 नवम्बर 1913 तक मानगढ़ की सभा को खत्म कर पहाड़ी खाली करने का समय दिया। जो भीलों को बिलकुल मंजूर नहीं था। आदिवासियों ने कहा कि 'ओ अंग्रेजों' तुम्हारे सामने, हम नही झुकेंगे, नहीं मानेंगे।

अपनी मांगो पर कोई कार्यवाही नहीं होने पर तथा जमीदारों के बढ़ते अत्याचारों पर विचार विमर्श करने हेतु क्षेत्र के समस्त भील मानगढ़ पहाड़ी पर एकत्रित हुए। स्थानीय जमीदारों व राजाओं ने अंग्रेजों को भीलों के संगठित होकर इकत्रित होने को अंग्रेजों के विरूद्ध षड़यंत्र बताया और कठोर कार्यवाही के लिए प्रोत्साहित किया। 17 नवम्बर 1913 को मेजर हैमिल्टन ने, अपने तीन अधिकारियों रजवाड़ों व जमीदारों की सेनाओं के साथ मानगढ़ पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने खच्चरों पर लादकर बन्दूको, स्टेनगनों व तोपों को मानगढ़ के चारों ओर पहाड़ी पर तैनात किया गया। अंग्रेजी सैनिकों द्वारा सुबह 8 बजे ही निर्दोष, निहत्थे सभा कर रहे लोगों पर बर्बरतापूर्वक स्टेनगन मशीनों तथा तोपों से अन्धाधुंध फायरिंग करवायी। जो दोपहर तक निरन्तर जारी रही। बन्दूकें, स्टेनगन व तोपें पहाड़ी के चारों ओर गोला बनाकर तैनात कर चलायी गयी। जिससे चारो ओर भागते हुए ज्यादा से ज्यादा लोग मारे जावें।

अंग्रेजी सेना ने नौ सौ लोगो को जिंदा पकड लिया एवं उनको अपनी मांगे छोड़ने को मजबूर किया, किन्तु गोविन्द गुरू के शिष्यों ने अपनी मांगो पर एवं स्वाधीनता देने पर अडे रहे। तब उन समस्त पकडे गए नौ सौ निहत्थे, भील आदिवासियों को गोली से भून दिया गया। यह नरसंहार इतना भीभत्स था कि जिसका भय आजादी के कई दशक बाद तक भीलों में देखा गया। जो मानगढ़ पहाडी पर जाने में कतराते हैं।

बहादुर

भील आदिवासी जो राणा प्रताप की सेना प्रमुखों के वंशज थे, उनके तलवार व तमन्चो स्टेनगनों के सामने असफल रहे ।मानगढ़ पहाडी के इस भयंकर नरसंहार में 1500 आदिवासियों ने अपने अधिकारों व देश की स्वायित्तता के लिए बलिदान दिया और हजारों की संख्या में घायल हुए थे।

गोविन्द गुरू के सहयोगी दादा तीहा के वंशज लालशंकर पारघी ने हत्याकाण्ड से संबंधित सभी भीलों के गाँव–गाँव घर–घर जाकर सर्वे करके 250 परिवारों की प्रमाणिक जानकारी संग्रहित की है। अपने दादा का स्मारक 'जगमन्दिर खत का चौपड़ा' के नाम से बनाया है। राजस्थान व गुजरात की सीमा पर बसे बांसवाड़ा–पंचमहाल के सुदुर अंचल में दफन यह ऐतिहासिक दुखान्तिका भारत की आजादी की लडाई को 'प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम' माना जाना चाहिए।

गुजरात व राजस्थान सरकार ने मिलकर मानगढ़ हत्याकाण्ड के 2013 में सौ वर्ष पूरे होने पर आदिवासियों की सहादत की सौवीं सालग्रह मनायी थी। जिसमें मानगढ़ पहाडी पर गोविन्द गुरू के नाम पर एक बाटॅनीकल गार्डन का उद्घाटन गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोविन्द गुरू के प्रपौत्र मानसिंह को सम्मानित कर किया था । उद्घाटन समारोह में अस्सी हजार भील आदिवासी शामिल हुए थे। यहां वर्तमान में एक बडा स्मृति स्तम्भ तथा पैनोरामा बनाये गए है। जो दर्शनीय हैं। ''शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा''।

**यादरामसिंह यादव,**
**स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार**

## हथाई के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र की पट्टी गिरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा ब्लॉक के हथाई गांव में जर्जर हो चुके आंगनबाडी केंद्र की छत की पट्टी अचानक गिर गई। हादसे के समय केंद्र में 10 बच्चे और आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी और सहायिका मौजूद थीं। सूचना पर सरपंच और पीईओ ने आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया।

हथाई पंचायत के सरपंच विजयपाल ने बताया कि मंगलवार को गांव के आंगनबाडी केंद्र में सुबह 11 बजे के करीब 10० बच्चे और आंगनबाडी कार्यकर्ता पुष्पा पाटीदार, आशा सहयोगिनी भानुमती वैष्णव और सहायिका तारा देवी मौजूद थे। आंगनबाडी कर्मचारी अपने–अपने काम में लगे थे और बच्चे पोषाहार खा रहे थे। इस दौरान कमरे की छत की पट्टी अचानक गिर गई। पट्टी गिरते ही आंगनबाडी केंद्र में मौजूद बच्चे और कर्मचारी घबरा गए। हादसे के बाद आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने सरपंच विजयपाल पीइओ पंकज वर्मा को सूचना दी। सूचना पर सरपंच और पीईओ ने आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर सरपंच विजयपाल ने बताया कि आंगनबाडी पूरी तरह से खंडहर अवस्था में है। केंद्र में 63 बच्चों का नामांकन है।



**हथाई गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर छत की पट्टियां गिर गई।**

## चार साल बाद फिर से आयोजित होगी कार रैली

**मंडावा,** (निसं)। कस्बे में 4 साल बाद कार रैली का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें ऑल इंडिया से प्रतिभागी भाग लेंगे। इस कार रैली प्रतियोगिता आयोजन को लेकर तैयारियों को लेकर आयोजक मंडावा पहुंचे। ऑटोज 365 मोटर्स स्पोर्ट्स की ओर से इस कार रैली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ब्लेज डे डेजर्ट टीएसडी कार रैली 16, 17 एवं 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। ऑटोज 365 मोटर स्पोर्ट्स जयपुर के रैली ड्राइवर एवं को फाउंडर रिहन भारद्वाज जयपुर ने बताया कि इस कार रैली प्रतियोगिता को देश की कई बड़ी कंपनियां स्पॉन्सर कर रही है तथा इस कार रैली का शुभारंभ 16 दिसंबर 2022 को गुरूग्राम से होगा तथा 17 दिसंबर को कार रैली गुरूग्राम से रवाना होकर शाम तक मंडावा गढ़ परिसर में पहुंचेगी तथा 18 दिसंबर को सुबह मंडावा गढ से रैली शुरू होकर जो विभिन्न रूट से होते हुए कुहाड़ू, कोलाली, पाटोदा,टांई, बिसाऊ, अलसीसर, महनसर, मलसीसर, रामगढ़ शेखावाटी, तिहावली, खालासी, सदीनसर, डाबड़ी, दीनवा, चूड़ी अजीतगढ़ के रेतीले धोरों से होते हुए शाम को मंडावा पहुंचेगी। उक्त कार रैली मंडावा सफारी के संचालक अनिरुद्ध सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होगी तथा 18 दिसंबर शाम को प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

# इंदिरा रसोई में सभापति को परोसी पानी वाली सब्जी व जली रोटी

- **इंदिरा रसोई में अव्यवस्थाओं को देखकर सभापति ने लगाई संचालकों को फटकार**
- **लम्बे समय से कर रहे थे गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़**

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर आज इंदिरा रसोई में अव्यवस्थाओं को देखकर सभापति पायल सैनी ने संचालकों को जमकर फटकार लगाई। पायल सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के सपनों को साकार नहीं करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा। उल्लेखनीय है कि सभापति पायल सैनी ने मंगलवार को नया बस स्टैण्ड व पंखा रोड़ स्थित इंदिरा रसोई का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जहां उन्हें पानी वाली सब्जी व जली रोटी संचालकों ने खाने में परोसी ।

नया बस स्टेण्ड के पास इंदिरा रसोई में वहां रसोई चालू नहीं मिलने पर सभापति ने रसोई संचालक पर जुर्माना लगाने व आगे से रसाई को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिये, मजे की बात तो यह थी कि जब सभापति पार्षदों के साथ खाना खाने बैठी, तो वहां सब्जी व कढ़ी नहीं मिली। पूछने पर पता चला की रसोई का पूरा खाना दूसरी इन्दिरा रसोई से आता है। इस रसोई में खाना बनता ही नहीं। काफ़ी देर इंतज़ार करने के बाद सभापति नाराज होकर बिना खाना खाए ही वापस लौटी। सभापति पायल सैनी ने रसोई संचालकों से कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ड्रीम प्रोजेक्ट को इस तरह धूमिल करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि वे सीएम के माह में एक बार इंदिरा रसोई के भोजन को चखने के निर्देश की पालना करने आई है । सभापति ने पंखा रोड़ पर संचालित इंदिरा रसोई के अवलोकन के दौरान सब्जी पानी की तरह बनी देखकर नाराजगी व्यक्त की और कच्ची व जली हुई रोटी को देखकर कहा कि लोगों के लिए संवेदनशील बनकर खाना परोसें । सभापति ने रसोई घर में खाना खा रहे लोगों से खाने की गुणवत्ता के बारें में जानकारी ली।

बेहतर व्यवस्थाओं के लिए उन्होंने कहा कि पार्षदों की कमेटी बनाकर समय– समय पर इंदिरा रसोईयों का अवलोकन किया जायेगा। इस अवसर पर पार्षद अंजनी शर्मा, अनीश खा, लोकेश सैनी, शाहरुख खान, शाहिद, नगरपरिषद के जिला परियोजना अधिकारी अजय सिंह आदि उपस्थित थे।




**सभापति पायल सैनी ने नया बस स्टैण्ड व पंखा रोड़ स्थित इंदिरा रसोई का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 2 नवम्बर, 2022**

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 1:43 तक, गंड योग दिन 10:26 तक, बालव करण दिन 10:07 तक, चन्द्रमा दिन 2:16 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–मकर, मंगल–मिथुन, बुध–तुला, गुरू–मीन, शुक्र–तुला, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा। आज आंवला नवमी, अक्षय कुष्मांड नवमी, श्री हरि जयन्ती, कृत यूगादि है और पंचक दिन 2:16 से आरम्भ होंगे।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:26 तक, शुभ 10:48 से 12:10 तक, चर 2:55 से 4:17 तक, लाभ 4:17 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:41, सूर्यास्त 5:40

**मेष**
व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**वृष**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में मांगलिक–धार्मिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से भागदौड़ से राहत मिलेगी। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कुंभ**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है और परिजनों के कारण समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# 17 जिलों की सेना भर्ती रैली अग्निवीर शुरू

## महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित की जायेगी रैली

**कोटा,** (निसं)। अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली(अग्निवीर) मंगलवार 1 नवम्बर से 16 नवम्बर तक महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित की जायेगी।

रैली की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। निदेशक सेना भर्ती कार्यालय कर्नल जे. के जोसफ ने बताया कि प्रवेश द्वार पर सत्यापन के लिए प्रवेश पत्र के साथ उम्मीदवार की मूल 8 वीं व 10वीं की मार्कशीट, मूल निवास, आधार कार्ड, टीकाकरण प्रमाण-पत्र और ऐफिडेविट की जांच की जाएगी। यदि इनमें से काई भी दस्तावेज उम्मीदवार के पास नहीं पाया जाता है तो रैली मैदान में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**इन जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे:-** निदेशक सेना भर्ती ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली में अजमेर, बारां, बून्दी, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ , डूंगरपुर, दौसा, झालावाड़, कोटा, करौली, पाली, प्रतापगढ़ , राजसंमद, सवाई माधोपुर, टोंक और उदयपुर जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे।

निदेशक ने बताया कि उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र पर उल्लेखित तिथियों पर ही रैली के लिए आये। प्रवेश पत्र की अच्छी प्रिंट कॉपी साथ रखे। एडमिट कार्ड को बारकोड लाइन से न मोडें। उपस्थिति के लिए रैली मैदान में रैली की तारीख से पहले रात को 10 बजे तक रिपोर्ट करें। सभी दस्तावेजों को मूल रूप में ले जाएं। 8वी, 10वीं, 12वीं, आईटीआई प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, स्थानीय निवासी, जाति प्रमाण-पत्र, ऐफिडेविट, एनसीसी और खेल प्रमाण-पत्र आदि सभी मूल दस्तावेजों को साथ लाएं। उन्होंने बताया कि 10 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आएं ।

भर्ती के अंदर आने के समय दाढ़ी मान्य नहीं होगी, बाल कटे हुए, शेविंग की हुई और शरीर की साफ सफाई आवश्यक होगी। निर्देश दिए गए हैं कि अभ्यर्थी कानून व्यवस्था बनाए रखें, पुलिस पूरे इलाके को ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी में रखेगी, चूककर्ताओं के खिलाफ एफआईआर की जाएगी, जो भविष्य में भी उन्हें किसी भी सरकारी नौकरी से वंचित कर देगी। वापसी यात्रा के लिए सशुल्क बसें रैली स्थल पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यदि अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षण में विफल हो जाते हैं तो तुरंत बसों में चढें।

कलक्टर ने बताया कि भर्ती के दौरान कानून शांति व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। उन्होंने बताया कि नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों के संपर्क में रहकर सभी व्यवस्थाएं बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

## किन्नर के घर से 20 लाख की चोरी

**अलवर,** (निसं)। अलवर के कठूमर में किन्नर मंजू बाई के घर करीब 20 लाख रुपए की बडी चोरी की वारदात हो गई। किन्नर के घर से चोर 15 तोला सोना और करीब 5 लाख रुपए नकदी सहित अन्य सामान ले गए। जिसमें 5 तोला सोना के लक्ष्मी-गणेश थे। पुलिस को चोरी की रिपोर्ट दी है। लेकिन अभी तक चोरी कापता नहीं लगा है। यह भी नहीं पता कि चोरी की घटना कितने तारीख की है। असल में किन्नर 25 अक्टूबर से घर के बाहर थी। 31 को वापस आई तब चोरी का पता लगा है।

किन्नर मंजू 25 अक्टूबर को दिल्ली गई थी। अब 31 अक्टूबर को घर रात करीब नौ बजे वापस आई तो घर के गेट के कुंदी वैगरह टूटे मिले। अंदर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था। तब घर में देखा तो 15 तोला सोने के आभूषण भी गायब मिले। वहीं करीब 4 से 5 लाख रुपए की नकदी भी नहीं मिली। पूरे घर को देखने के बाद किन्नर मंजू ने बताया कि करीब 15 से 2० लाख रुपए का माल पार हो गया। वह चाहती है कि पुलिस इसे गंभीरता से लें। चोरी का माल वापस लाया जाए। खुद किन्नर मंजू ने बताया कि यह सोना व नकदी उनको बधाई में मिला हुआ है।

# नीट यूजी स्टेट काउंसलिंग के प्रथम राउंड में सीट अलॉटमेंट जारी

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर फर्स्ट च्वाइस

**कोटा,** (निसं)। नीट यूजी-2022 स्टेट काउंसलिंग कमेटी ने राजस्थान के मैडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसलिंग के प्रथम राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया।

यह अलॉटमेंट सोमवार देर रात जारी किया गया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि राजस्थान राज्य स्तरीय 85 प्रतिशत कोटे में सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीस कोर्स के लिए जनरल कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 10539, जनरल कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 10526, ओबीसी कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक में 10683, ओबीसी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 10701, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी में बॉयज की क्लोजिंग रैंक 11418, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 11367 रही। एमबीसी कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 25999, एमबीसी कैटेगिरी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 29611 रही। एससी में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 70110, एससी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 70093, एसटी नॉन ट्राइबल में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 80335, एसटी नॉन ट्राइबल कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 81994, एसटी ट्राइबल एरिया में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 253974, एसटी ट्राइबल एरिया गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 250362 रही। मिश्रा ने बताया कि इसी प्रकार कॉमन काउंसलिंग में शामिल प्राइवेट कॉलेज की जनरल सीट्स की एमबीबीस कोर्स क्लोजिंग रैंक 1051263 तथा मैनेजमेंट सीट्स की एमबीबीस कोर्स क्लोजिंग रैंक 955000 रही।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की मैनेजमेंट कोटा सीट्स की क्लोजिंग रैंक जनरल कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 33641, जनरल कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 33086, ओबीसी कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक में 34507, ओबीसी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 34771, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी में बॉयज की क्लोजिंग रैंक 35754, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 36292 क्लोजिंग रैंक रही। एससी में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 190546, एससी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 191447, एसटी नॉन ट्राइबल में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 180269, एसटी नॉन ट्राइबल कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 190274, एसटी ट्राइबल एरिया में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 956499, एसटी ट्राइबल एरिया गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 737595 रही।

# कार्मिक विभाग ने अलवर एसडीएम और तहसीलदार को सस्पेंड किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर के चमेली बाग में कब्रिस्तान की जमीन की फर्जी तरीके से डिक्री करने और इंतकाल दर्ज करने के मामले में अलवर एसडीएम प्यारेलाल व तहसीलदार कमल पचौरी को कार्मिक विभाग ने सोमवार को सस्पेंड कर दिया।

इसके अगले दिन मंगलवार को मेव समाज के लोगों ने कंपनी बाग के सामने से कलेक्ट्रेट तक मौन जुलूस निकाला । उनकी मांग है कि गलत काम करने वाले अधिकारियों को सस्पेंड करने के बाद उनके खिलाफ विभागीय जांच हो, दूसरा जमीन खरीद-बेचान करने वाले 6 जनों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाएं, जमीन बेचान में 20 लाख रुपए नकद देना बताया गया । जिसके आधार मनी लॉड्रिंग का मुकदमा दर्ज हो।

- **कब्रिस्तान की जमीन की फर्जी तरीके से डिक्री करने और इंतकाल दर्ज करने का मामला**

मामले का खुलासा सबसे पहले पूर्व मंत्री नसरू खां ने किया। जिन्होंने पुराना रिकॉर्ड जुटाकर उच्च अधिकारियों की मिलीभगत को सामने लाया गया। उसके बाद एसडीएम व तहसीलदार पर गाज गिरी।

जानकारी में आया है कि चमेली बाग कब्रिस्तान की जमीन की फर्जी तरीके से डिक्री कर दी गई। उसके बाद जमीन का बेचान कर दिया गया। उच्च स्तर पर शिकायत करने के बाद एसडीएम व तहसीलदार को सस्पेंड कर दिया गया। विभागीय जांच की कार्यवाही सुनिश्चित होनी चाहिए।

कब्रिस्तान की जमीन के मामले में दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज कर जांच हो। इसके अलावा बेचान में 20 लाख रुपए नकद भुगतान दिखाया गया है। इस कारण छह जनों पर मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज होना चाहिए। राजेंद्र गुप्ता ने 1963 की वसीयत का हवाला दिया है। उस वसीयत के फर्जी होने को लेकर संज्ञान लेकर कार्यवाही होनी चाहिए।

## सटोरिया गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)।सवीना थान पुलिस ने क्रिकेट पर सट्टा लगाते एक सटोरिये को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ठाकुर चन्द्रशील, पुलिस उप अधीखक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थनाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नवंबर को कार्यवाही करते हुए टी 20 क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा लगाते असलम हुसैन उर्फ मुन्ना पुत्र सुल्तान निवासी नवचेतना स्कूल के पीछे, रोशन जी बाडी, सेक्टर 12, बरकत कॉलोनी, सविना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाईल, लाखों के हिसाब की पर्ची जब्त की।

# सहरिया बस्ती के लोगों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के मोडा पहाड़ के नजदीक सहरिया बस्ती के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। यहां एसपी को ज्ञापन देने पहुंची महिलाओं एवं पुरुषों ने बताया कि कॉलोनी में कुछ लोगों की अनैतिक गतिविधियों की वजह से बाहरी लोगों की आवाजाही रहती है।

- **विरोध करने पर मुकदमों में फंसाने और मारने की धमकी दी जाती है**



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान सहरिया बस्ती की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

इससे कॉलोनी में लोगों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विरोध करने पर मुकदमों में फंसाने और मारने की धमकी दी जाती है। कुछ महिलाएं बाहरी युवकों को बुलाकर बस्ती के लोगों के साथ मारपीट करवाती हैं। दौरान माया, सरोज, शारदा, राजबाला, इमरता, विमला, संगीता, विद्या, सरजीत, विजेंद्र, सुशीला, राजबाला समेत अनेक लोग थे।

## हादसे में युवक की मौत

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में शिवदासपुरा थाना के अंतर्गत पुरानी - 12 टोंक रोड दादनपुरा कट के नजदीक कुम्हारों की ढाणी के पास रात 8 बजे के करीब एक दर्दनाक हादसा घटित हो गया जिसमें एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई दुर्घटना इतनी भयंकर थी

- **दुर्घटना इतनी भयंकर थी जिससे बाइक सवार का शव बुरी तरीके से कुचल गया**

जिससे बाइक सवार का शव बुरी तरीके से कुचल गया और उसका शव कई टुकड़ों में बदल गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची शिवदासपुरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर चाकसू स्थित मोर्चरी में रखवा कर मृतक की शिनाख्त और घटना की जानकारी में जुट गई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार मृतक मेघराज मीणा, गांव रावल सवाई माधोपुर का है।

# ससुराल में विवाहिता की दो मासूम बेटों के साथ हत्या

**बाप,** (निसं)। जोधपुर जिले में जांबा थाना क्षेत्र के देगावडी गांव में एक विवाहिता व उसके दो बेटों की संदिग्ध मौत हो गई। तीनों के शव घर में बने टांके में मिले। मृतका आठ माह बाद तीन दिन पहले ही पीहर से ससुराल आई थी। । मृतका के पिता ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मेडिकल बोर्ड से तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवा पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

जांभा थाना के थानाधिकारी मगाराम ने बताया कि सोमवार करीब 10 बजे सूचना मिली कि देगावड़ी में विवाहिता अपने दो बेटों के साथ टांके में कूद गई है। तीनों के शव पानी से भरे टांके में है। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तब तक ग्रामीणों ने तीनों के शव बाहर निकाल टांके पर रख दिए थे। पुलिस ने मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी। बाप से वहां पहुंचे मृतका के पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बेटी व दोनो मासूम दोहितों को दहेज लोभियों ने मार दिया। तीनों को मारकर टांके में डाला है। दहेज प्रताड़ना की शिकार उसकी बेटी आठ माह से उसके घर थी। तीन दिन पहले ही उसे इस विश्वास से ले गए थे कि उसे तंग नहीं करेंगे लेकिन तंग क्या उसे तो मार ही डाला।

- **आठ माह बाद पीहर से ससुराल गई थी विवाहिता**

बाप निवासी सरादीन पुत्र बंचू खां जाति मुसलमान ने बताया कि उसकी पुत्री सुरमा की शादी करीब 8-9 वर्ष पूर्व इकबाल पुत्र अब्दुल शकूर जाति मुसलमान निवासी ग्राम देगावडी के साथ की थी। शादी के थोडे दिन बाद पुत्री के पति इकबाल, ससुर अब्दुल शकूर व सास नूर खातु पीहर से दहेज लाने के लिये तंग व परेशान करने लगे थे। इन लोगो ने कई बार मेरी पुत्री के साथ मारपीट भी की थी। आज से करीब आठ माह पूर्व दामाद इकबाल व सास नूर खातु ने दहेज लाने के लिये उसकी बेटी के साथ मारपीट की। उसके बाद उसे घर से निकाल दिया था। तब उसकी बेटी उसके घर आ गई। तब से वह उसके घर पर ही रह रही थी। 28 अक्टूबर को उसकी बेटी के ससुर अब्दुल शकूर उसके घर पर आये तथा सुरमा को उसके साथ भेज देने को कहा।

साथ ही भरोसा दिलाया कि अब वे सुरमा को दहेज के लिये तंग परेशान नहीं करेंगे और न ही इनके साथ मारपीट करेंगे। तब उसने अपनी बेटी सुरमा व दोनो दोहितों को ससुर अब्दुल शकूर के साथ ससुराल भेज दिया। यह सारी बातचीत अखी खां पुत्र कादर खां मुसलमान निवासी घटोर के समक्ष हुई थी। तीन दिन बाद सोमवार को दोपहर को उसे सूचना मिली की सुरमा व दोनों बेटों को मारकर पानी के टांके में डाल दिया है।

## उपजाऊ जमीन खो रही उर्वरक क्षमता!

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले की मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन की कमी भी होती जा रही है। इससे फसलों में रोगों से लड़ने की क्षमता घट रही है। इस कारण फसलों का उत्पादन लगातार कम होता जा रहा है। यह खुलासा मृदा परिक्षण प्रयोगशाला की ओर से की गई मार्च के बाद लिए साढ़े चार हजार नमूनों की जांच में सामने आया है। जिले के विभिन्न गांवों से 4529 नमूने लिए गए थे ।

स्थानीय प्रयोगशाला में इन नमूनों की जांच की गई। इसमें एनपीके, पीएच तथा ईसी सहित अन्य तत्वों की कमी और अधिकता का पता लगाया गया। इसमें सामने आया कि खेतों की मिट्टी में दिन-प्रतिदिन आर्गेनिक कार्बन की कमी हो रही है। जांच में पोटाश फास्फोरस की कमी की बात भी सामने आई है। खेती से ऑर्गेनिक कार्बन का लगातार घटते जाना किसानों के लिए नई चुनौती है। झुंझुनूं जिले के विभिन्न गांवों से मिट्टी के 4529 नमूने लिए गए। इनमें से 3950 नमूने सुपरवाइजरों ने एकत्रित किए। जबकि 579 नमूने किसानों ने जमा करवाए थे। इनकी जांच में आर्गेनिक कार्बन कम पाया गया।

# गहलोत सरकार का पुष्कर घाटों को 'विज्ञापनघाट' बनाना निंदनीय: देवनानी

- **आध्यात्मिक नगरी पुष्कर के पवित्र घाटों को सरकारी योजनाओं के विज्ञापन पोस्टर लगाने पर बबाल**
- **कहा मेला पूर्व घाटों की दीवारें पुतवानी थी जबकि घाटों को पाट दिए विज्ञापनों से**
- **पुष्करवासी और श्रद्धालुओं में भी सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त**

**जयपुर,** (का.सं.)। भाजपा नेता, पूर्व शिक्षा मंत्री एवं अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने आध्यात्मिक नगरी पुष्कर के पवित्र घाटों को सरकारी योजनाओं के विज्ञापनों से पाटने का पुरजोर विरोध किया है। देवनानी ने कहा है कि पुष्कर मेले में तो आध्यात्मिक बातें होनी चाहिए। आध्यात्मिक केन्द्रों पर सरकारी विज्ञापन करना निंदनीय है। राज्य सरकार और उसके विभागीय आला अधिकारियों को पवित्र 52 घाटों को सरकारी योजनाओं का विज्ञापनस्थल बनाने और करोडों हिन्दुओं की आस्थाओं के साथ खिलवाड करने का रत्तिभर भी अधिकार नहीं है। सरकार का यह कृत्य निश्चित ही निंदनीय है।

देवनानी ने कहा कि देश-दुनिया में पुष्कर नगरी को तीर्थराज के रूप में मान्यता है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु धर्म और आध्यात्मिक भाव से यहां पुष्कर आते है। श्रद्धालु यहां स्थित 52 घाटों पर न केवल स्नान करते है बल्कि पूजा-अर्चना कर अपने को धन्य समझते हैं। आज मेला शुरू हुआ है तो स्वाभाविक ही घाटों पर आध्यात्मिक, पुष्कर का महत्व और मेले की महिमा की बातें होनी थी लेकिन सरकार और उसके आला अधिकारियों को शायद यह सब पसंद नहीं है। उन्होंने घाटों को सरकारी योजनाओं के विज्ञापन के पोस्टरों से पाट दिया। 52 घाट अब आध्यात्मिक स्थल कम विज्ञापन स्थल ज्यादा लग रहे हैं।

देवनानी ने कहा कि सरकार और आला अफसर सरकारी योजनाओं के विज्ञापन पोस्टर लगाने में इतने मशगूल हो गए कि इस वर्ष पुष्कर मेले से पूर्व घाटों की दीवारों की पुताई करना भी भूल गए। घाटों की बदरंग दीवारें सरकार और आला अफसरों के नाकारापन का खुला प्रदर्शन कर रही है। विज्ञापन पोस्टर सरकार के नाकारापन को ढंकने का असफल प्रयास है। घाट की दीवारों की पुताई नहीं होने और इस खामी को छिपाने के लिए सरकारी योजनाओं का विज्ञापन करना पुष्करवासियों एवं श्रद्धालुओं को रास नहीं आ रहा है जिसको लेकर दोनों में ही राज्य सरकार और उनके आला विभागीय अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त है।

# भारत-पाक सीमा पर पाकिस्तानी गुब्बारा मिला




भारत-पाक सीमा पर मिली गुब्बारा जैसी आकृति।

**बीकानेर,** (कासं)। भारत-पाक सीमा से सटे गांव में पाकिस्तानी गुब्बारा पहुंचा है। ये सामान्य गुब्बारा नहीं बल्कि 'पाकिस्तान एयरलाइन्स' लिखा खिलौने जैसा एरोप्लेन है। जिस खेत में ये गुब्बारा मिला है, वहां के किसान ने दंतौर पुलिस को मौके पर बुलाकर उसके सुपुर्द कर दिया है। अब सीमा सुरक्षा बल व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के हवाले किया जाएगा।

भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा से 16 किमी दूर एक खेत में सुबह गुब्बारा देखा गया। गुब्बारा देखते ही किसान परेशान हो गया। तुरंत पुलिस को सूचना दी। हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह ने गुब्बारे को कब्जे में लिया गया। अधिकारियों को सूचना दी। गुब्बारे में किसी तरह का कोई संदिग्ध उपकरण नहीं मिला है। फिर भी इसकी जांच की जा रही है ।

- **गुब्बारे पर लिखा है 'पाकिस्तान एयरलाइंस'**
- **अब सुरक्षा एजेंसियां करेंगी जांच**
- **भारत-पाक सीमा से 16 किमी दूर खेत में देखा गया गुब्बारा**

दंतौर पुलिस ने बाद में इस खिलौने को अपने कब्जे में ले लिया, जिसकी सुरक्षा एजेंसियां जांच करेंगी।

## अध्यापिका ने छुप कर बचाई जान

**मंडावरी,** (निसं)। मंडावरी में अपराधिक किस्म की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं । मंगलवार को सरकारी स्कूल से लोट रही एक सरकारी अध्यापिका का एक युवक द्वारा पीछा करने के बाद युवती द्वारा मंडावरी कस्बे में भागकर खुद के रिश्तेदार के यहां जान बचाई । घटना उस वक्त की है जब अध्यापिका स्कूटी पर सवार होकर खुद के निवास जा रही थी । इसी दौरान स्थानीय रहने वाले एक युवक द्वारा महिला का मोटरसाइकिल से पीछा किया गया। सरकारी महिला अध्यापिका ने युवक के गलत इरादे को भापकर स्कूटी को भगाकर पास ही रिश्तेदार के एक मकान में घुसकर पनाह ली।

मिली जानकारी के अनुसार महिला अध्यापिका का पीछा कर रहा युवक पीछे -पीछे महिला रिश्तेदार के घर में घुस गया । जहां पर उसकी रिश्तेदारों द्वारा जमकर धुनाई भी की गई । महिला अध्यापिका के पीछे इस प्रकार युवक का पीछा करना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। महिला द्वारा पुलिस में सूचना दी गई एवं आरोपी युवक के परिजनों द्वारा दलित महिला अध्यापिका से माफी का मांगते हुए दोबारा इस तरह की कोई घटना नहीं होने एवं उसकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेने के बाद उस दलित महिला अध्यापिका द्वारा उसको माफ कर दिया गया एवं किसी भी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। युवक के पीछा करने के बाद कस्बे की अन्य महिलाओं में भी अब भय का माहौल है।

# झुंझुनूं पुलिस अधीक्षक ने एक साथ सात बदमाशों की खोली हिस्ट्रीशीट

## बदमाशों के अड्डे पर भी अब पुलिस चौकी व साइबर थाना, राजपासा के तहत तीन इस्तगासे भेजे कलेक्टर के पास

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में अब बदमाशों की खैर नहीं होगी। जिला पुलिस ने ऐसे दस बदमाशों का चयन कर उनके खिलाफ राजपासा में इस्तगासा करने की तैयारी की है। तीन के खिलाफ इस्तगासा किया जा चुका है। सात के खिलाफ जल्द ही इस्तागासा किया जाएगा। इसके बाद इन्हें बिना मुकदमे के एक साल के लिए जेल भेजा जा सकेगा। ताकि वे बाहर रहकर ना तो किसी को डरा सके और ना ही कोई बदमाशी कर सके।

झुंझुनूं एसपी बदमाशों के खिलाफ पूरे एक्शन में है। एसपी मृदुल कच्छावा ने झुंझुनूं जिले के सभी डीवाईएसपी को अपने अपने क्षेत्र में एक-एक बदमाश के खिलाफ राजपासा में इस्तगासा पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत ही सक्रिय बदमाशों की लिस्ट बनाई गई है। इस लिस्ट में से 10 पर राजपासा के तहत कार्रवाई करने का प्लान बनाया गया है। इसके अलावा आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सात बदमाशों की हिस्ट्रीशीट भी खोली गई है। ताकि इन पर लगातार नजर रखी जा सके। एसपी ने बताया कि जिन सात बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। उनमें लोकेश गुर्जर, विकास मीणा, सोनू उर्फ टकला, सुशील उर्फ सेठिया, अनिल पुत्र बलबीर, अंकित कुल्हरी और अरविंद उर्फ गब्बर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यस्त अपराधियों पर भविष्य में भी लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ऐसे बदमाशों की



झुंझुनूं एसपी मृदुल कच्छावा ने पुलिस टीम के साथ जानकारी साझा की।

लिस्ट बनवाई जा रही है, जो जिले में अपराध करने में सक्रिय हैं। इनके खिलाफ भी भविष्य में हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। हिस्ट्रीशीट खोलने का मकसद आदतन अपराधियों पर निगरानी रखना है और पब्लिक को भी पता रहना चाहिए कि कौन बदमाश आदतन अपराधी है। ताकि वे उनकी हरकतों के बारे में पुलिस को सूचना दे सकें। अब तक पुराने अपराधी ही पुलिस के निशाने पर हुआ करते थे। लेकिन नए बदमाश, जो हिस्ट्रीशीटर के रूप में इलाके में खौफ और अपराध दोनों पैदा कर रहे है। उनके खिलाफ एसपी ने बड़ा एक्शन लिया है। यही कारण है कि हाल ही में सात बदमाशों की खोली गई हिस्ट्रीशीट में चार अपराधी तो 25 साल से कम उम्र के है।

बदमाशों की कमर तोड़ने और पुलिस की ताकत दिखाने के लिए एसपी मृदुल कच्छावा ने एक और बड़ा एक्शन लिया है। जिला मुख्यालय पर कभी बदमाशों का अड्डा रही लालकोठी अब पुलिस के कब्जे में है। जहां पर अब साइबर थाना खोलने की पूरी तैयारी हो चुकी है। इसके लिए एसपी ने प्रस्ताव भेजकर सरकार ने नोटिफिकेशन जारी

- **एसपी मृदुल कच्छावा लगातार एक्शन में, 10 से ज्यादा बदमाश एक साल के लिए जाएंगे जेल**

करवा लिया है। एक डीवाईएसपी साइबर सेल की नियुक्ति भी कर दी गई है। हालांकि उन्होंने अभी ज्वॉइन नहीं किया है। लेकिन उनके ज्वॉइन करने के साथ ही बाकी स्टाफ तैनात कर थाने का शुभारंभ कर दिया जाएगा। एसपी कच्छावा ने बताया कि इसी माह में साइबर थाने का शुभारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद जिले के विभिन्न थानों में दर्ज होने वाले साइबर अपराध इस थाने में पंजीकृत होंगे।

गौरतलब है कि पिछले दिनों पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राकेश झाझड़िया हत्याकांड में शामिल अपराधियों का लाल कोठी अड्डा था। शहरवासियों की शिकायत पर पुलिस ने लालकोठी को खाली करवाया था। उस समय इसमें पुलिस चौकी की शुरुआत की गई थी। इसके बाद पुलिस ने यहां साइबर थाना खुलवाने के लिए सरकार को चिट्ठी भेजी थी। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब यहां साइबर थाना खुल जाएगा।

# शहर की चौपट सफाई व्यवस्था के लिए निगम जिम्मेदार : हाईकोर्ट

## 'नगर निगम 11 नवंबर को अदालत में सफाई व्यवस्था का एक्शन प्लान पेश करे'

■ **सुनवाई के दौरान न्यायमित्र अधिवक्ता विमल चौधरी ने कहा कि शहर में आठ हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं, लेकिन फिर भी सफाई के हाल बेहाल हैं। इंदौर में नगर निगम का बजट कम है फिर भी वह नंबर वन है। इसलिए यहां पर भी इंदौर की गाइडलाइन को फॉलो करना चाहिए।**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की सफाई व्यवस्था को चौपट बताते हुए कहा है कि इसके लिए नगर निगम जिम्मेदार है। गांधी नगर में न्यायाधीशों में आवास के पास भी हालात खराब हैं। यहां बच्चों के नेहरू पार्क में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। ऐसे में नगर निगम इसकी जिम्मेदारी लेते हुए 11 नवंबर को अदालत में सफाई व्यवस्था का एक्शन प्लान पेश करे। सीजे पंकज मित्थल और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश शहर की सफाई व्यवस्था पर लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान सीजे के कहा कि वे पिछले दस दिनों से नेहरू पार्क जा रहे हैं। वहां पर भी कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नगर निगम बताए कि वहां से कचरा क्यों नहीं उठ रहा है। अदालत ने कहा कि नगर निगम को शहर में एरिया चिन्हित कर सफाई करनी चाहिए। नगर निगम पहले शहर की तीन जगहों मोती डूंगरी, म्यूजियम रोड व नेहरू पार्क में सफाई व्यवस्था करे और आगामी सुनवाई पर इसका ब्यौरा दे।

सुनवाई के दौरान न्यायमित्र अधिवक्ता विमल चौधरी ने कहा कि शहर में आठ हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं, लेकिन फिर भी सफाई के हाल बेहाल हैं। इंदौर में नगर निगम का बजट कम है फिर भी वह नंबर वन है। इसलिए यहां पर भी इंदौर की गाइडलाइन को फॉलो करना चाहिए। इस दौरान राज्य सरकार ने कहा कि लोगों में सिविक सेंस नहीं है और गंदगी के लिए जनता जिम्मेदार है। इस पर अदालत ने कहा कि यदि ऐसा है तो फिर बनारस कैसे साफ हो गया। नगर निगम को अपनी जिम्मेदारी से बचना नहीं चाहिए। अदालत को कागजी कार्रवाई या किसी का शपथ पत्र नहीं चाहिए, बल्कि धरातल पर काम होना चाहिए।

हालांकि अदालत ने माना कि पूरे शहर में एक साथ सफाई नहीं हो सकती, इसलिए नगर निगम शहर के अलग-अलग एरिया चिन्हित कर उनमें काम करें ताकि पूरे शहर में सफाई हो सके। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई पर न्याय मित्र ने सफाई व्यवस्था के संबंध में दिए गए सरकार के हलफनामे पर आपत्ति करते हुए कहा कि शहर में सफाई नहीं हो रही है और कई दिनों तक कचरा नहीं उठ रहा है।

## युवक से मारपीट कर हजार रुपए लूटे

**जयपुर।** राजधानी के सांगानेर इलाके में लिफ्ट देना एक युवक को भारी पड़ गया। लिफ्ट के दौरान दोस्ती कर मिलने बुलाकर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों द्वारा ब्लैकमेल कर धमकी देने से परेशान होकर पीड़ित ने सोमवार रात एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज करवाया है।पुलिस ने बताया कि जगदीश विहार सांगानेर निवासी अरुण नामा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह मालवीय नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करता है। सप्ताहभर पहले नौकरी कर वापस घर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में मिले युवक ने उससे लिफ्ट मांगी। लिफ्ट के दौरान बातचीत होने पर दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया। मोबाइल पर बातचीत होने पर अरुण को मिलने के बहाने जवाहर सर्किल के पास सिद्धार्थ नगर में एक अपार्टमेंट में बुलाया। फ्लैट में पहले से एक लड़का था। पिस्तल के दम पर उसका किडनैप कर लिया। ऑनलाइन पेमेंट एप के जरिए 10 हजार रुपए और बैग में रखे 8 हजार रुपए लूट लिए। जिसके बाद उसे कार में बैठा लिया। रास्ते में दोनों बदमाशों का साथी भी कार में बैठ गया।

# सरपंच के 4, उपसरपंच के 5 व वार्ड पंच के 46 पदों पर उपचुनाव 25 को

■ **संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता हुई लागू**

■ **उप चुनाव वाले स्थानों पर मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा और इसके बाद परिणाम घोषित होंगे**

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में 31 जुलाई तक जयपुर जिले में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए सरपंच के 4, उपसरपंच के 5 एवं वार्ड पंच के 46 पदों पर उपचुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा के साथ संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिले में 4 सरपंच और 46 पंच सहित 5 उप सरपंचों के पद रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि सरपंचों के चुनाव ई.वी.एम. तथा वार्ड पंचों के उपचुनाव मतपेटी के माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सरपंच एवं पंचों के उपचुनाव के लिए 17 नवंबर 2022 को लोकसूचना जारी की जाएगी। 19 नवंबर 2022 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। 20 नवंबर 2022 को प्रातः 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी।

20 नवंबर 2022 दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया की जाएगी। इसके बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवम चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 25 नवंबर 2022 को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। मतदान समाप्ति के बाद पंचायत मुख्यालय पर मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

इसी प्रकार उप सरपंच चुनाव के लिए 26 नवंबर 2022 को प्रातः 9 बजे से पूर्व बैठक के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। 10 बजे से बैठक प्रारंभ होगी।

इसी दिन प्रातः 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों (प्रस्तावों) का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। 11.30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 1.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी और चुनाव प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक होने पर दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक मतदान होगा तथा इसके पश्चात् मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# आरएनसी रजिस्ट्रार का जन्मदिन जनकल्याण दिवस के रुप में मनाया



राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा के जन्म दिन पर नर्सिंग संवर्ग से जुड़े लोगों ने रक्तदान किया।

■ **हज़ारों नर्सिंग छात्र छात्राओं व नर्सेज ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना से आम लोगों को जोड़ने की शपथ ली**

**जयपुर।** राज्य के विभिन्न सरकारी व निजी नर्सिंग संगठनों ने राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकांत शर्मा का जन्मदिन जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में जनकल्याण दिवस के रूप में मनाया।

इस अवसर पर नर्सिंग संवर्ग से जुड़े नर्सिंग कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। साथ ही रजिस्ट्रार डॉ. शर्मा के नेतृत्व में राज्य के हजारों नर्सिंग कर्मचारियों और नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा राज्य सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डा. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में निःशुल्क इलाज व चिरंजीवी योजना लागू कर गरीब लोगों को राहत पहुंचाई है। उन्होंने ने राज्य में नर्सिंग प्रोफेशन को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए नर्सिंग में रिसर्च को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए नर्सिंग काउंसिल से हर संभव मदद मिलेगी।

इस अवसर पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले एक वर्ष में डॉ शर्मा द्वारा नर्सिंग काउंसिल में नर्सिंग हितों के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों से प्रसन्न हो कर राज्य भर के नर्सेज उनका जन्म दिवस जनकल्याण दिवस के रूप में मना रहे है। इस अवसर पर नर्सेज नेता प्यारे लाल चौधरी, ओम प्रकाश स्वामी, मिथलेश टॉक,योगेश यादव, राजपाल यादव, पुरषोत्तम कुंभज, पवन मीणा, नवीन पारीक, जावेद अख्तर नकवी, मुकेश तेतरवाल के सी सैनी व गिरीश शर्मा आदि ने संबोधित किया।

## धोखाधड़ी करने पर विदेशी सैलानियों ने हंगामा किया

**जयपुर।** राजधानी के आमागढ़ में लेपर्ड सफारी के दौरान करीब आठ हजार से ज्यादा की धोखाधड़ी करने पर विदेशी पर्यटकों ने जमकर हंगामा कर दिया। मामला बढ़ने पर पुलिस बुलाई गई। बाद में स्थानीय गाइड ने समझाइश कर मामला शांत करवाया। वहीं मामले की जांच के लिए वन विभाग ने कमेटी का गठन किया है। जानकारी के अनुसार बेल्जियम से विदेशी पर्यटक लियोना एलन सोमवार शाम अपने परिवार के 7 सदस्यों के साथ आमागढ़ में लेपर्ड सफारी करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान जिप्सी संचालक ने विदेशी पर्यटकों से 13,848 रुपए के बदले 22 हजार रूपए वसूल लिए। गड़बड़ी सामने नहीं आए इसके लिए 4 फर्जी आईडी से इंडियन स्टूडेंट के टिकट काट दिए। विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ वन विभाग को भी जिप्सी संचालक ने धोखा दिया। इसके बाद 8 विदेशी पर्यटकों को 4-4 के जोड़ों में अलग-अलग जिप्सी में बिठाकर लेपर्ड सफारी के लिए ले जाया गया। विदेशी पर्यटकों ने ट्रैक पर दूसरी जिप्सी में 6 और 8 लोगों को बैठा देखा।

# प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा में प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रारंभिक शिक्षा की कक्षाओं में अध्यापन के लिए आवश्यक दो वर्ष के डिप्लोमा कोर्स, डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन में प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम मंगलवार को शिक्षा संकुल परिसर में डॉ. मोहन लाल यादव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, द्वारा घोषित किया गया। इस डिप्लोमा कोर्स को पूर्ण करने वाले व्यक्ति प्रारंभिक शिक्षा की कक्षाओं में अध्यापन कर सकते हैं।

इस द्विवर्षीय डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए राज्य स्तर पर प्री.डी.एल.एड परीक्षा के नाम से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। ऑनलाइन काउन्सलिंग के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं में प्रवेश मिलता है। वर्ष 2022 की इस परीक्षा का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया था। परीक्षा में कुल 5,99,294 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 5,33,988 परीक्षार्थियों ने राज्य भर में 2590 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दी। गत वर्ष इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राज्य भर के 372 राजकीय एवं निजी संस्थानों की 25420 सीट्स पर प्रवेश दिया गया। मंगलवार को घोषित किये गये परिणाम में डी.एल.एड सामान्य पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थी रामदेव ने तथा डी.एल.एड. संस्कृत पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी वेदिका जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. मोहन लाल यादव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, ने कहा कि इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी भविष्य में प्रारंभिक शिक्षा में अध्यापक लेवल प्रथम में चयनित होकर विद्यार्थियों की प्रारम्भिक शिक्षा की नींव तैयार करवाते हैं। गौरव अग्रवाल, निदेशक प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा ने समस्त परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं एवं इस परीक्षा के आयोजन से जुड़े पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान, बीकानेर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समन्वयक नीरू भारद्वाज ने बताया कि जल्द ही ऑनलाइन काउन्सलिंग की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ कर दी जायेगी।

## सार-समाचार

### "दीपावली महोत्सव में जुटे युवा"



**जयपुर, (का.सं.)।** गोनेर जगतपुरा घाटी करोलान, मच्छ की पीपली लक्ष्मीनगर क्षेत्र के युवा संगठनों द्वारा "दिवाली की रामा श्यामा" में युवाओं द्वारा संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा इस परिक्षेत्र के युवाओं को एकजुट करने और क्षेत्रीय विकास की विस्तार से चर्चा की गई, तथा युवा समाज द्वारा व्याप्त कुरीतियों तथा रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम और क्षेत्रीय विकास के लिए चर्चा की गई और वहीं पर लक्ष्मीनगर में कर्मठ युवा व्यक्ति रामप्रसाद मीणा द्वारा सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया गया कि हमारे क्षेत्र के विकास के लिए हमें योग्य और व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति की तलाश है जो हमारे क्षेत्र का विकास करा सके। युवाओं द्वारा इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि एल.सी. असवाल पूर्व आई.ए.एस. का नागरिक अभिनन्दन किया गया और वहीं पर युवाओं द्वारा असवाल को एक फोटो प्रस्तुत कर स्वागत सम्मान किया गया और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।समारोह में असवाल ने कहा कि युवा ही समाज क्षेत्र और प्रदेश के विकास की मुख्य कड़ी है, यही सामाजिक क्रांति का आगाज करते हैं और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रांति का सूत्रपात करते हैं और युवाओं से अपील की कि हम सब साथ चलेंगें तो निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास होगा और प्रगति का संचार होगा। सभी को असवाल द्वारा दिवाली की शुभकामनाएं दी गई।

### जीपीएस बंद कर चुराई लग्जरी कार

**जयपुर।** राजधानी के प्रताप नगर में चोर सोमवार रात को जीपीएस सिस्टम बंद कर एक लग्जरी कार का चुरा ले गए। पुलिस ने बताया कि कार रवीन्द्र नगर निवासी पूनम शर्मा की थी। चोरों की तलाश में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के साथ जयपुर से बाहर जाने वाले रास्तों के टोल गेट के कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों ने परिवादी के घर के बाहर ही कार का जीपीएस बंद कर दिया। पूनम शर्मा ने बताया कि कार सोमवार रात साढ़े सात बजे घर के बाहर खड़ी की थी। मंगलवार सुबह पौने छह बजे कार की सफाई करने वाला आया, तब कार चोरी होने का पता चला। वहीं खोनागोरियान थाना अंतर्गत गोनेर रोड स्थित गणेश एन्क्लेव निवासी देवेन्द्र गुप्ता की कार चोर 29 अक्टूबर को ले गए। परिवादी ने 30 अक्टूबर की रात को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई।उधर सेंट्रल पार्क के गेट से कार सहित चालक का अपहरण करने वाले तीन आरोपियों का फुटेज सामने आया है। आरोपी गोली मारने के बाद घायल चालक को बगरू क्षेत्र में पटक गए थे। सेंट्रल पार्क के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में तीनों संदिग्ध कार के आस-पास घूमते कैद हुए हैं। अशोक नगर थाना पुलिस फुटेज के आधार पर भी लुटेरों की तलाश में जुटी है। गौरतलब है कि लुटेरों ने सेंट्रल पार्क के गेट के पास से कार चालक अरविंद शर्मा को बंधक बनाया था। पुलिस लुटेरों को बगरू टोल गेट से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में से होकर जाने वाले मार्गों पर भी तलाश रही है।

### दीवाली स्नेह मिलन समारोह

**जयपुर।** दी इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर की ओर से दीवाली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। असमें बडी संख्या में सीएमए मैम्बर्स व उनके परिजन शामिल हुए।समारोह में एनसीएलटी के डिप्टी रजिस्ट्रार सीएमए ललित माहेश्वरी मुख्य अतिथि थे। समारोह के प्रारम्भ में चैप्टर के चेयरमैन सीएमए सुदर्शन नाहर ने मुख्य अतिथि व सभी मैम्बर्स और उनके परिजनों का अभिनन्दन व स्वागत किया। समारोह में सदस्यों व उनकी फैमिली में हाउजी, गीत संगीत, डान्स व विभिन्न गेम्स के साथ मनोरंजन किया। विजेता मैम्बर्स व बच्चों को पुरस्कार दिये गये। समारोह का संचालन चैप्टर के सैक्रेटरी सीएमए डॉ. दीपक कुमार खण्डेलवाल व कोषाध्यक्ष सीएमए पूर्णिमा गोयल ने किया। कार्यक्रम के अंत में जोइन्ट सैक्रेटरी सीएमए संदीप चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जनाना कुंड में युवक का शव मिला

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी के गलता गेट इलाके में स्थित गलता तीर्थ में चार दिवसीय छठ पूजा का आयोजन समाप्त हो जाने के बाद सोमवार सुबह जनाना कुंड में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर गलता प्रबंधन और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और युवक के शव को बाहर निकाल कर मोर्चरी में रखवाया। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह जनाना कुंड में युवक का तैरता हुआ शव मिला। पुलिस ने बताया कि जनाना कुंड वैसे महिलाओं के लिए है। लेकिन वहां से युवक की लाश मिली है। कुंड के आसपास कपडे या युवक से संबधित दस्तावेज नहीं मिले हैं। सवेरे से कुंड की ओर किसी को जाते भी नहीं देखा गया था। फिलहाल शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### अक्टूबर में राज्य में हुआ अब तक का सबसे अधिक जी.एस.टी. संग्रहण

**जयपुर, (का.सं.)।** वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा माह अक्टूबर-2022 में कुल 3370.51 करोड़ रूपये के शुद्ध जी.एस.टी. राजस्व का अर्जन किया गया है जिसमें से 1228.88 करोड़ रूपये एस.जी.एस.टी. का नगद संग्रहण एवं 2141.63 करोड़ रूपये का आई.जी.एस.टी. भुगतान शामिल है। जो कि जी.एस.टी. लागू होने के बाद राज्य द्वारा संग्रहित अब तक का अधिकतम जी.एस.टी. राजस्व है तथा यह दूसरी बार है जब राजस्थान राज्य द्वारा जी.एस.टी. राजस्व संग्रहण में 3000 करोड़ रूपये का आंकडा पार किया गया है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर-2021 की तुलना में अक्टूबर-2022 में राजस्थान राज्य में राजस्व संग्रहण में 36.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल, बम को रोबोट के जरिए निष्क्रिय किया

**जयपुर।** सांगानेर एयरपोर्ट पर मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों के अचानक हरकत में आने से वहां मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया। एक के बाद एक अनाउंसमेंट करके सभी यात्रियों को टर्मिनल के बाहर ही रोक दिया। इस बीच सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बैग में मिले बम को रोबोट के जरिए डिफ्यूज किया गया। बाद इस पूरे ऑपरेशन को मॉक ड्रिल बताने पर सबने राहत की सांस ली।

दरअसल ये असली बम न होकर एयरपोर्ट प्रशासन की मॉक ड्रिल का हिस्सा था। दोपहर करीब ढाई से 4 बजे तक एयरपोर्ट पर नोटम रहता है।

यानी रनवे पर मेंटनेंस वर्क के कारण फ्लाइट्स का आवागमन बंद रहता है। इस दौरान एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जांच-पड़ताल के लिए मंगलवार को एयरपोर्ट प्रबंधन ने मॉक ड्रिल प्लान रखा। मॉक ड्रिल जैसे ही शुरू की गई सीआईएसएफ और वहां तैनात सुरक्षा जवानों ने एयरपोर्ट परिसर में चहलकदमी तेज कर दी। अराइवल और डिपार्टचर पोर्च पर खड़े यात्रियों को पोर्च से बाहर कर तीन सौ मीटर दूर मैदान में खड़ा कर दिया। इधर कर्मचारियों ने उन लोगों को भी हॉल से बाहर निकालना शुरू कर दिया, जो यात्री एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश कर चुके थे। हालांकि जिन यात्रियों ने चैक-इन करके बोर्डिंग गेट तक पहुंच गए थे, उन्हें एयरपोर्ट से बाहर नहीं निकाला गया।

इसके बाद पुलिस प्रशासन, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड, फायर बिग्रेड की टीम सहित अन्य एजेसियां भी एयरपोर्ट पर पहुंची।

जहां इन्होंने सभी बैग और आसपास के एरिया की तलाशी ली। तलाशी करने के दौरान डिपार्टचर एरिया में रखे एक बैग में बम होने का पता चला, जिसके बाद उसे अलग किया गया।

इसके बाद रोबोटिक मशीन के जरिये बम को स्पेशल टीम ने निष्क्रिय मशीन में रखा गया। इस बॉक्स में रखे बम को बम निरोधक दस्ते के जवानों ने निष्क्रिय किया। दोपहर करीब पौने तीन बजे शुरू हुई ये मॉक ड्रिल करीब पौन घंटे चली। हालांकि बाद में अनाउंसमेंट करके यात्रियों को बताया की ये केवल एक मॉक ड्रिल है, इससे डरने की कोई जरूरत नहीं। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान सीआईएसएफ के कमांडेंट नरपत सिंह, उप कमांडेंट सुगना राम समेत अन्य आलाधिकारी, मौजूद रहे।

## दुष्कर्म करने वाले युवक को सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राहुल सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर डेढ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि मामले में 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने दस जुलाई 2021 को मालपुरा गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# दो शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

■ **लोन देने के नाम पर मोबाइल में एप डाउनलोड करवाने के बाद ठगी की वारदात को अंजाम देते थे**

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की गलता गेट थाना पुलिस ने मोबाइल में ऑनलाइन एप डाउनलोड करवा कर लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी ईस्ट डॉ.राजीव पचार ने बताया कि शातिर ठग सेस्पीयर (23) निवासी नहरपुर जिला नवादा बिहार हाल दिल्ली और गौरव तिवाड़ी (25) निवासी जवां जिला अलीगढ़ यूपी हाल दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।

पचार ने बताया कि वन विहार कॉलोनी ईदगाह निवासी इमरान मोहम्मद ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि उसके मोबाइल पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करने पर उसके मोबाइल में होम कैश एप डाउनलोड हो गया और खाते में बिना मर्जी के 3080 रुपए आ गए।

कुछ मोबाइल नम्बर से फोन आने शुरु हो गए और रुपए डालने का दबाव बनाने लगे। फोटो और वीडियो को न्यूज बनाकर वायरल करने की धमकी देने लगे जिसके डर से उसने खातों में रुपए डाल दिए। इसके बाद आरोपी और ज्यादा रुपयों की मांग करने लगे।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सैकड़ों लोगों से मोबाइल के जरिए सम्पर्क कर ऑनलाइन लोन को जमा कराने के लिए फर्जी सिम और बैंक खाते में उन पर दबाव डालकर पैसे जमा करवा करते थे। ठगे गए पैसों को फर्जी तरीके से खुलवाए गए बैंक खातों में डलवा कर निकालते थे। इसके अलावा लोन के पैसे नहीं जमा करवाने पर पीड़ितों को फोन कर संपर्क लिस्ट, फोटोज आदि को एडिट कर उसे वायरल करने की धमकी देकर ऑनलाइन धोखाधड़ी कर रुपये हड़पे जाते थे।

# जेडीए ने अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

**जयपुर, (का.सं.)** ।जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 2 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोर्नी का पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

साथ ही जविप्रा स्वामित्व की करीब 26400, वर्ग मीटर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में जमवारामगढ़ रोड़ चैनपुरा के पास अवस्थित करीब 2 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना भूरूपान्तरण कराये नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयोजनार्थ बिना जेडीए की अनुमति व स्वीकृति के विगत दीपावली अवकाश के दिनो में मौका पाकर रातों रात बनायी गयी मिट्टी-ग्रेवल व अन्यं अवैध निर्माण करना आज ही अवधान में आते ही अविलंब जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रांरभीक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 व प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## 'युवाओं को मिले गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण'

**जयपुर, (का.सं.)।** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण देने पर जोर देते हुए कहा कि जो ट्रेनिंग पार्टनर अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनके लक्ष्य बढ़ाएं ताकि उन्हें प्रोत्साहन मिले और बेहतर नतीजे सामने आएं। चांदना मंगलवार को यहां शासन सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आर.एस.एल.डी.सी.), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) एवं रोजगार विभाग की समीक्षा कर रहे थे। चांदना ने आर.एस.एल.डी.सी. अधिकारियों को त्वरित निर्णय लेते हुए लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ट्रेनिंग पार्टनर ने मानकों के मुताबिक संतोषजनक कार्य किया है। उनका समय पर भुगतान करें। उन्होंने फील्ड में विशेष कौशल से संबंधित कार्य करने वाले लोगों से जोड़कर युवाओं में कौशल विकास करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

# 'डिजीटल अड्डा' चर्चा में 350 छात्रों ने भाग लिया




**जयपुर, (का.सं.)।** नैसकॉम फ्यूचरस्किल्स प्राइम ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से डिकोडिंग डेटा एनालिटिक्स और क्लाउड करियर विषय पर एक "डिजिटल अड्डा" गोलमेज चर्चा का आयोजन किया। इस सत्र में लगभग 350 छात्रों ने भाग लिया।

वर्तमान में बिग डेटा एनालिटिक्स में डिमांड सप्लाई गैप 50 से अधिक और क्लाउड में 40 से अधिक है। इसका उद्देश्य छात्रों को उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल के महत्व और उनके रोजगार कौशल को बढ़ाने के लिए कुछ सरल हैक्स से अवगत कराना था।

मेमोरेस डिजिटल की संस्थापक, सीईओ रंजना थलवी ने स्विगी का उदाहरण दिया। महामारी के दौरान, स्विगी ने महसूस किया कि संपर्क रहित डिलीवरी समय की आवश्यकता थी। बैकएंड में काम कर रहे डेटा साइंस और क्लाउड कंप्यूटिंग टीमों की बदौलत यह सुविधा एक मिनट के डाउनटाइम के बिना भी सक्षम थी।मैटेलियो के सह-संस्थापक और सीओओ पुनीत राव ने कहा कि फ्रेशर्स को हायर करते समय, वे यह देखने के लिए अपने रिज्यूम की जांच करते हैं कि क्या उम्मीदवार ने कोई अतिरिक्त पाठ्यक्रम सीखने की पहल की है।

जो उम्मीदवार केवल पाठ्यक्रम के पाठ्यक्रम से चिपके रहते हैं, उन्हें सीधे खारिज कर दिया जाता है।डॉ. अजय खुंटेटा, डीन और प्रोफेसर सीएसई, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर ने छात्रों को उभरती प्रौद्योगिकियों में खुद को कुशल बनाकर नौकरी के बाजार के लिए अपनी तैयारी में एक शुरुआत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से कहा की स्किलिंग में आपके जीवन को बदलने की क्षमता है।

## दुर्घटना के बाद घायल से मारपीट

**जयपुर।** राजधानी के भांकरोटा इलाके में कार सवार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार उसके पैर की छोटी अंगुली तोड़ दी। घटना के बाद कार सवार ने मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन भीड़ ने उसे रोक लिया। गुस्साए कार चालक ने लोगों पर बैसबॉल के डंडे से हमला कर दिया। जिसके बाद आरोपी कार चालक मौके से भाग गया।

इस सम्बंध में घायल दीपक रावत की ओर से भांकरोटा थाने में कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। दीपक ने बताया कि वह बाइक को सर्विस करवा के घर जा रहा था। इस दौरान लापरवाही से कार चालक ने उन्हे टक्कर मारी। जिससे वह सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने कार सवार को रोका और कार से उतरने का दबाव बनाया। इस पर आरोपी ने कार से बैसबॉल का डंडा निकाल कर लोगों पर हमला करने लगा। इस दौरान आरोपी के साथ एक महिला थी जिस महिला ने लोगों से मांफी मांगी और कहा की वह अधिक शराब पीने के कारण यह सब हो गया।

# मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के लिए एक रोडमैप तैयार करें: पीएम मोदी

## आदिवासियों का इतिहास जितना गौरवमयी है उतना ही ज्यादा मार्मिक हैः मोदी



शहीदी मानगढ धाम पर जनता का अभिवादन स्वीकार करते पीएम मोदी, सीएम गहलोत, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व अन्य नेता।

■ पीएम ने अपने भाषण से आदिवासियों को सम्मोहित किया

**उदयपुर,** (कासं) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय यात्रा पर मानगढ धाम पहुंचे, जहाँ उन्होंने गौरव गाथा कार्यक्रम में भाग लिया हालांकि जैसी संभावना थी कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करेंगे, पर ऐसा नही हुआ और इस आदिवासी अंचल के बाशिंदों को निराशा हुई। फिर भी चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों के पाले में यह मुद्दा डालकर इस सम्बन्ध में कुछ उम्मीद को जिन्दा रखा ।

पीएम मोदी ने आदिवासी शहीदों को एक बार फिर से याद किया। उन्होंने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की तारीफ करते हुए कहा कि वे इस समय सबसे सीनियर नेता हैं। जब मैं गुजरात का सीएम था तब मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला। तब भी हम सबमें सबसे सीनियर थे और आज भी इस मंच पर वे सबसे सीनियर सीएम हैं।

वहीं मानगढ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने पर उन्होंने कहा कि चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों से अपील करता हूं। इसके लिए एक रोडमैप तैयार करें, इसके लिए वर्ल्ड क्लास विकास के लिए चारों राज्य काम करें। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानगढ धाम और गुरू गोविंद सिंह का स्मृतिस्थल ऐसा तैयार किए जाए कि बाद में इसे राष्ट्रीय स्मारक नाम दें या और कोई नाम दें, नाम तो कुछ भी दे दिया जाएगा, लेकिन इसके पहले इसका विकास किया जाए।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आदिवासियों का इतिहास जितना गौरवमयी है उतना ही ज्यादा मार्मिक है। यह मानगढ धाम इन्ही आदिवासियों की धरती है। झारखंड के कोल विद्रोह के नायक बुधु भगत को आज कौन नहीं जानता। हजारों की संख्या में खुद का बलिदान देने वाले आदिवासियों का कहानी सुनकर आंखों से आंसू तक आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि कल शाम ही अहमदाबाद से उदयपुर चलने वाली ट्रेन को मैंने हरी झंडी दिखाई है। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इससे आदिवासी इलाकों को एक.दूसरे से जुडने का मौका मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सीएम गहलोत ने मांग रखी कि मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया जाए। साथ ही सीएम गहलोत ने राजस्थान की चिरंजीवी योजना को राष्ट्रीय योजना घोषित करने और बांसवाडा-उदयपुर ट्रेन भी शुरू करने की मांग की।

सीएम ने कहा कि इस मेवाड की धरती का अपना गौरवशाली इतिहास रचा है। साल 1913 में गोविंद गुरू के सानिध्य में आदिवासियों ने संघर्ष किया। उनकी कहानी बेहद गौरवमयी और मार्मिक है। इससे पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आजादी के लिए हमारे कई आदिवासियों भाइयों ने बलिदान दिया है। 1507 से ज्यादा भील भाइयों ने अपने प्राणों की बली दी थी।

मानगढ धाम के गौरव गाथा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, महेश शर्मा, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर सांसद अर्जुनराम मीणा, जसकौर मीना, कनकमल कटारा, दीया कुमारी, अरुण सिंह, मंत्री रामलाल जाट, विधायक मदन दिलावर, भवानी जोशी, धन सिंह रावत, राजेंद्र राठौड सहित भाजपा और कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे।

# मंत्री के आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

## हड़ताल के समापन पर आंदोलनरत सफाईकर्मी दिखे खाली हाथ



हड़ताल समाप्त होने पर सफाईकर्मियों ने मंत्री डॉ. गर्ग को गुलदस्ता भेंट कर आभार जताया।

**भरतपुर,** (निसं)। 43 दिन तक चली सफाईकर्मियों की हड़ताल का समापन ऐसे होगा ये किसी ने सोचा भी नहीं था। जिसमें आंदोलनकारियों को कुछ भी नहीं मिलेगा। इस हड़ताल से दीपावली त्यौहार सहित 43 दिन तक लोग परेशन रहे।

हड़ताल समाप्ति का मामला चर्चा का विशय बना हुआ है । राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने सफाईकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन पर ही सफाईकर्मियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी। जबकि नगर निगम के महापौर अभिजीत कुमार जाटव हडताल कर रहे सफाईकर्मियों को करीब एक माह से यही बोल रहे हैं कि सफाईकर्मियों की मांगों का प्रस्ताव बना कर मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा। तभी कुछ हो सकता है। जिसे सफाईकर्मियों ने नहीं माना और हड़ताल करीब एक माह तक खिंची। इस दौरान सफाईकर्मियों की हडताल का नेतृत्व कर रहे जनता आंदोलन के संयोजक राघवेन्द्र सिंह को दो बार गिरफ्तारी का भी सामना करना पड़ा। वहीं एक बार उनके साथ कई सफाईकर्मी भी गिरफ्तार हुए। सफाईकर्मी पुलिस के आमने सामने भी हुए। उनकी सिर्फ एक प्रमुख मांग थी कि उनका मासिक वेतन 15 हजार रूपये किया जाए। जिसे नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन, सफाई कंपनी लॉयन व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने सिरे से नकार दिया था।

सफाईकर्मियों को यहां तक बताया गया कि भरतपुर में कंपनी के द्वारा ठेका सफाईकर्मियों को सबसे ज्यादा वेतन मिल रहा है और इससे ज्यादा देने का नियम हाल फिलहाल है ही नहीं। सफाईकर्मियों को बताया गया था कि उनकी मांग जायज नहीं है। वहीं सफाईकर्मी इस जिद पर अडे थे कि जब तक वेतन 15 हजार नहीं कर दिया जाता हडताल खत्म नहीं होगी। वहीं कुछ दिनों पूर्व भाजपा के पूर्व विधायक विजय बंसल एवं पूर्व महापौर शिव सिंह भौंट ने भी आंदोलन में एंट्री मारी और सफाईकर्मियों की मांगों को जायज बताया। राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग उनसे मिलने पहुंचे सफाईकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। उनके प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलवा कर पूरे राजस्थान के सफाईकर्मियों का पक्ष रखेंगे। जिस पर सफाईकर्मियों ने हड़ताल खत्म कर दी।

# जन-विरोधी नितियों के खिलाफ भाजपा का धरना आठ को



गंगापुर सिटी में प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राज्य की अशोक गहलोत सरकार सभी मोर्चों पर पूर्णतया विफल रही है। राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है, भ्रष्टाचार चरम पर है, गांव- गरीब की सुनने वाला कोई नही है, एमएलए अपने आप को मिनी मुख्यमंत्री समझ रहे है, उक्त विचार पूर्व विधायक मान सिंह गुर्जर ने प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किए। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि गंगापुर सिटी में भ्रष्टाचार चरम पर है।

विधायक के इशारे पर सरकारी व मंदिर माफी की जमीनों पर कब्जे हो रहे है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे आंख मूंद कर बैठा है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों व मंदिर माफी की जमीनों को अगर प्रशासन ही नहीं बचायेगा तो कौन बचायेगा। परन्तु अधिकारियों की जबान पर लगाम लगी हुई है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों पर 10 करोड रूपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पाइप लाइन डालने व नल कनेक्शनों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

जलदाय विभाग को 16 हजार कनेक्शन करने थे जिसमें से मात्र 6 हजार कनेक्शन हुए है। आखिर वो 10 हजार कनेक्शन कहां गए। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक व अधिकारियो की मिली भगत के अनुसार हो रहा है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल से इन मामलों की जांच कर भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गंगापुर की जनता पेयजल के लिये त्रस्त है। पूर्व विधायक ने कहा इन सब मुद्दो को लेकर आगामी 8 नबम्बर को मिनी सचिवालय के सामने सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

प्रेसवार्ता मे पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, उप सभापति वीरू पुजारी, जिला महामंत्री मनोज बंसल, मंडल महामंत्री मिथलेश व्यास, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री संदीप सिंह मौजुद रहे।

# होटल संचालक और कर्मचारी से मारपीट

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र की मेजा रोड पर स्थित एक होटल पर खाने के बाद बिल देखकर आक्रोशित युवकों ने होटल संचालक व कर्मचारी पर चाकू व लाठियों से हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, भादू निवासी सुरेश चंद्र खटीक (40) की मेजा रोड पर भैंरूनाथ के नाम से होटल है। 30 अक्टूबर को वह अपनी होटल पर था। होटल पर ही काम करने वाला महेंद्र सिंह पुत्र लादूसिंह निवासी भादू भी वहीं था। शाम करीब 7 बजे मुकेश गुर्जर व उसके तीन साथी होटल पर खाना खाने आए। खाने के बाद होटल संचालक सुरेश ने रात करीब 8-8.30 बजे खाने का बिल 1900 रुपये का मुकेश गुर्जर को बिल दिया। इस पर उसने सुरेश से कुछ रुपये कम करने को कहा तो सुरेश ने 100 रुपये कम देने की बात मुकेश से कही। इस पर मुकेश गुर्जर के साथी ने आक्रोश में होटल संचालक को जान से मारने की नियत से सिर पर लाठी से वार कर दिया। इसके बाद उस पर चाकू से वार किया, जो उसके होंठ पर लगा।

■ आक्रोशित युवकों ने चाकू और लाठियों से होटल संचालक पर हमला किया

होटलकर्मी महेंद्र सिंह, होटल संचालक सुरेश को बचाने गया तो उसके साथ भी लकडी व चाकू से मारपीट की। उसे भी सिरव पीठ पर चोट लगी। पुलिस ने सुरेश की रिपोर्ट पर मारपीट, जान लेवा हमला और एससीएसटी के तहत केस दर्ज किया है।

# गोविन्द गिरि ने परिवार खोया लेकिन हौंसला नहीं: मोदी

**बांसवाड़ा,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मानगढ़ धाम पहुंचकर गोविन्द गिरि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सांसद कनकमल कटारा प्रधानमंत्री के साथ थे। प्रधानमंत्री को देखने और सुनने की चाह में हजारों आदिवासी अपने पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ सभास्थल पर पहुंचे। ढोल-थाली, कुंडी, शहनाई आदि की गूंज सुनाई दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शहीदी मानगढ़ धाम के प्रणेता गोविन्द गिरि ने परिवार खोया लेकिन हौंसला नहीं और इसी हौंसले के दम पर उन्होंने हर आदिवासी कमजोर और गरीब को अपना परिवार बनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहीदी मानगढ़ धाम पर कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि गोविन्द गुरु लाखों आदिवासियों के नायक थे उनकी धूणी आज भी मानगढ़ धाम पर प्रज्ज्वलित है। मोदी ने कहा कि 17 नवंबर 1913 में मानगढ पर जो नरसंहार हुआ था वह अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की पराकाष्ठा थी। मोदी ने कहा कि 1857 की क्रान्ति से पहले आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंका था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश आदिवासी समाज के बलिदानों का ऋणी है। प्रकृति से लेकर पर्यावरण और संस्कृति से लेकर परम्पराओं को आदिवासी समाज ने सहेजा है। उन्होंने 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाये जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान, गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर और ओडिशा तक विविधता से भरे आदिवासी समाज के लिये देश स्पष्ट विचार के साथ काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के बाद वे जामूगोडा जा रहे हैं जहां गोविन्द गुरु के नाम पर बनी यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करेंगे।

सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, एमपी के राज्यपाल मंगू पटेल आदि मंच पर मौजूद रहे।

# असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की मांग

**परबतसर,** (निसं)। ग्राम बस्सी में विधायक रामनिवास गावडिया व पीसीसी सदस्य बृजकिशोर मेहरडा का दीपावली स्नेह मिलन की बधाई का लगा पोस्टर असामाजिक तत्वों ने फाड़ दिया वहीं पास में लगाए दूसरे नेताओं के पोस्टर, मानवाधिकार परिषद के प्रदेश सचिव दीनानाथ योगी ने नाराजगी जाहिर की तथा पुलिस से आरोपियों को पकडने की मांग करते हुवे सख्त कारवाई की मांग है। योगी ने आईजी, एसपी, डिप्टी, पीलवा थानाधिकारी को मेल की जिसमे गुस्सा जाहिर करते हुए कहा की जब असामाजिक तत्व विधायक का बधाई का पोस्टर फाड सकते है तो उनके हौसले कितने बुलंद है। बस्सी सरपंच प्रतिनिधि जगदीश मेघवाल, महावीर नाहर आदि ने विधायक के पोस्टर फाडने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# सीएम के स्वागत के दौरान कांग्रेसियों व पुलिस में बहस

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आप पार्टी को तो गुजरात वासियों द्वारा प्रवेश की अनुमति नहीं देनी चाहिए क्योंकि इन्होंने अपने पोस्टर्स में शहीद भगतसिंह व अम्बेडकर की फोटो लगाई लेकिन महात्मा गांधी को भूल गए ।

रविवार देर शाम उदयपुर पहुंचे सीएम ने सर्किट हाउस में मीडिया से संक्षिप्त मुलाकात में कहा कि दुनिया भारत को गांधी के नाम से जानती है। पीएम मोदी दुनिया के मुल्कों में जाते हैं तो वहां लोग कहते हैं कि गांधी के देश से आए हैं। इन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य छात्रवृत्ति सहित हमारे कई मॉडल कॉपी कर लिए।

सीएम गहलोत ने कहा कि मोदीजी मीडिया को दबाव में रखते हैं और केजरीवाल पैकेज दे के रखते हैं। जबकि काम हम करते हैं मार्केटिंग वो कर रहे हैं। गहलोत देर रात करीब 10 बजे उदयपुर सर्किट हाउस पहुंचे थे और मंगलवार सुबह 8.30 बजे बांसवाडा के लिए रवाना हो गए। सीएम के साथ जिला प्रभारी एवं राजस्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व सांसद रघुवीर मीणा भी थे। सीएम ने मंगलवार सुबह सर्किट हाउस में ही आमजन के ज्ञापन लिए एवं जनसुनवाई की। इस दौरान अधिकारियों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात यहां से हेलीकॉप्टर के माध्यम से मानगढ पहुंचे। पुनः दोपहर में मानगढ से प्रस्थान कर उदयपुर पहुंचे एवं अल्प विश्राम कर यहां से अजमेर प्रस्थान किया। सर्किट हाउस में सीएम के स्वागत के लिए खड़े कुछ कांग्रेस नेताओ की पुलिस से बहस भी हो गई जिसे वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत ने समझाइश कर शांत किया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा को लेकर गहलोत ने कहा कि रोज 25 किमी चलना हर किसी के बस की नहीं है। राहुल चलते हुए बेरोजगारी-महंगाई जैसे मुद्दे भी उठा रहे हैं। मोदी के शासन में तो कोई उनकी नीति से असहमति व्यक्त कर दे तो वो दुश्मन हो जाता है। ये तो फासिस्ट लोग हैं भाजपा के लिए तो लोकतंत्र चुनाव जीतने का साधन है। इसीलिए ये लोग धर्म-जाति के नाम पर राजनीति कर रहे हैं।

# हत्या प्रकरण में 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने 30 अक्टूबर की रात्रि को बैरासर छोटा में एक युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या करने के प्रकरण में डीएसटी चूरू के सहयोग से घटना के मात्र 24 घंटो में एक आरोपी को गाँव सोमासी से दस्तयाब किया जाकर अनुसंधान के बाद आरोपी कर्मवीर उर्फ छोटू पुत्र हरिसिंह जाति जाट उम्र 45 साल निवासी बैरासर छोटा पुलिस थाना राजगढ को गिरफ्तार किया गया है। तथा आरोपी से घटनाक्रम व घटना में अन्य आरोपियों की संलिप्तता के संबन्ध में गहन पुछताछ व अनुसंधान जारी है।

राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि गिरफ्तारशुदा आरोपी कर्मवीर उर्फ छोटू द्वारा 31 अक्टूबर 2०21 को घटना के मृतक सुनिल कुमार के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करवाया गया था। जिसमें दौराने इलाज गिरफ्तारशुदा आरोपी कर्मवीर उर्फ छोटू की पत्नी संतोष की मृत्यू हो गई थी, जिस मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण के अनुसंधान में इस घटना के मृतक सुनिल कुमार के खिलाफ मामले में विभिन्न धाराओं में न्यायायल में चालान पेश किया गया था। जिसमें आरोपी करीब 4-5 महिने जेल में रहने के बाद वर्तमान में जमानत पर आया हुआ था। उक्त मामले की रंजिशवंश ही मृतक सुनिल कुमार की हत्या किया जाना प्रारम्भिक पुछताछ व अनुसंधान में सामने आया है तथा गिरफ्तारशुदा आरोपी कर्मवीर उर्फ छोटू से पुछताछ व अनुसंधान जारी है।

ज्ञातव्य है कि इस संबन्ध में मृतक के चचेरे भाई संदीप पुत्र महेन्द्र सिंह जाति जाट निवासी बैरासर बुधू ने राजगढ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया था कि रविवार देर शाम उसके ताऊ का लडका सुनील पुत्र कर्ण सिंह बाइक लेकर बैरासर बुधू से बैरासर गुमाना की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह गाँव बैरासर की सरकारी स्कूल से पहले मेहरचन्द राव के नोहरे के सामने पहुँचा तो आरोपी विजेन्द्र, कर्मवीर, धर्मवीर पुत्र हरिसिंह महिया, सुनिल, टिंकू पुत्र विजेन्द्र, कमला पत्नी विजेन्द्र, पुनम पुत्री कर्मवीर जाति जाट निवासी बैरासर छोटा व दो-तीन अन्य थे, जिन्होंने पूर्व एकराय होकर षडयत्र रचकर सभी ने अपने हाथों में लाठिया लेकर सुनील को बाइक सहित रोक कर सभी ने सुनील की लठो से मारपीट की, जिससे सुनिल को काफी चोटें लगी।

इसी दौरान उसने व उसके चाचा एवं बीरसिंह पुत्र अमरचन्द तीनों ने एटीएम से उनके घर की तरफ आते देखा तो उनके सामने घटना कारित कर रहे थे। हल्ला मचाने पर सभी वहां से भाग गये तथा पास जाकर देखा तो सुनिल की मौत हो चुकी थी। सुनिल के खिलाफ कर्मवीर की पत्नी संतोष की पूर्व में मृत्यु हो गई थी, उसका पूर्व में मुकदमा चल रहा है।

# हादसे में बहन की दर्दनाक मौत

**धौलपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के राजाखेड़ा सड़क मार्ग पर जाटोली गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में बहन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं भाई का उपचार किया जा रहा है। भाई बाइक पर बैठाकर बहन को ससुराल छोड़ने जा रहा था। परिजनों से मिली जानकारी में लोहारी निवासी मुकेश शर्मा बहन प्रीति पत्नी कमल किशोर कटारा को बाइक पर बिठाकर उसकी ससुराल खेरली छोड़ने जा रहा था।

■ सदर थाना क्षेत्र के जाटोली गांव में हुई घटना

मंगलवार शाम को बाइक सवार भाई बहन जैसे ही जाटोली गांव के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना स्थल पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने सदर थाना पुलिस को सूचित कर दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रीति को मृत घोषित कर दिया। भाई को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। दुर्घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस जिला अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल से शव गृह में रखवाया। मौके पर पहुंचे परिजन दहाड़ मारने लगे।

# लेटा महंत ने मध्यस्थता कर अनशन तुड़वाया, धरना जारी रहेगा

## भारतीय किसान संघ के बैनल तले चल रहे अनशन के दौरान कई किसानों की तबीयत खराब हो गई



जालोर में किसानों का आमरण अनशन लेटा महंत रणछोड़ भारती महाराज ने तुड़वाया।

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ के बैनर तले जवाई बांध से नदी में पानी छोड़ने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को महापडाव में तब्दील होता नजर आया। मंगलवार को धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे तीन - चार किसानों की तबीयत खराब होने की सूचना पर आखिर लेटा महंत रणछोड़भारती महाराज को किसानो के बीच पहुंचकर अनशन तुडवाना पड़ा। धरना स्थल पर मंगलवार को किसानो ने महापडाव रखते हुए लापसी बनाईं। धरना में बैठे अन्य किसानो ने अनशनकारियों के समक्ष लापसी खाई। महंत रणछोडभारती महाराज काफी नाराज हुए। वहीं उन्होंने एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर भेजने को लेकर जन अभाव निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर से वार्ता की। जिसके बाद किसानो का एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर रवाना होगा। जब तक कलैक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

जालोर जिला मुख्यालय पर कलैक्ट्रेट के समक्ष जवाई बांध का पानी नदी में छोडने व सात घंटे बिजली देने की मांग को लेकर किसानो का अनिश्चिकालीन धरना व 25 किसानो का आमरण अनशन मंगलवार को भी जारी रहने पर किसानो में आक्रोश देखा गया। किसानो ने मंगलवार को महापडाव का एलान करते हुए धरना स्थल पर ही राशन सामग्री लेकर पहुंच गये तथा सुगन के रूप में लापसी बनाई। वही धरना स्थल पर अनशनकारियों के समक्ष ही अन्य लोगो ने जमकर लापसी का स्वाद चखा। जिसको लेकर कई किसान नाराज नजर आये। धरना स्थल पर अनशन कर रहे तीन चार उम्रदराज किसानो की तबीयत खराब होने पर उन्हे हॉस्पीटल पहुंचाया गया। जिसके बाद प्रशासन भी हरकत में आया तथा प्रशासन के भी हाथ पैर फूल गये। जिला कलैक्टर निशांत जैन द्वारा एक बार भी धरना स्थल पर पहुंचकर किसानो की सुध नही लेने से किसानो में जिला कलैक्टर के प्रति भी आक्रोश देखा गया। ऐसे में करीब छह दिन से किसान अपनी मांगो लेकर अपने घर बाहर छोड़कर धरने पर बैठे है। लेकिन प्रशासन व सरकार की ओर से किसानो के हक की मांगो को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाने से जिलेभर में प्रशासन व सरकार के खिलाफ लोगो में नाराजगी देखी जा रही है। दिनभर किसानो का धरना स्थल पर जमावाडा देखा गया। लेकिन उम्रदराज किसानो के अनशन पर बैठने पर चिंता बढने पर मंगलवार शाम को लेटा महंत रणछोड़ भारती ने पहुंचकर ज्यूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। जबकि किसानों ने धरना जारी रखने का निर्णय लिया। अब एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर जाकर किसानों के हक की बात सरकार के साथ करेगा। जवाई बांध के पानी को नदी में छोड़ने की मांग को लेकर जालोर जिला मुख्यालय पर छह दिनों से किसानों ने धरना दिया हुआ है। इसमें 25 किसान चार दिन से अनशन पर बैठे हुए है। उधर अनशन कर रहे भूखे किसानों के बीच अन्य पदाधिकारियों ने लापसी बनाकर धरना स्थल पर ही खानी शुरू कर दी। शाम को लेटा मंदिर के महंत रणछोड़ भारती धरना स्थल पर पहुंचे, उनका कहना था कि एक तरफ किसान भूखे बैठे है, वहीं दूसरे किसान उसी स्थान पर लापसी जीम रहे है, यह ठीक नहीं है। भूखे रहे किसानों ने क्या बिगाडा है। उन्होंने अनशनकारियों को ज्यूस पिलाकर अनशन तुडवाया, पदाधिकारियों ने धरना जारी रखने का निर्णय किया। अब एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर जाकर अधिकारियों से वार्ता करेगा।

जवाई बांध का नदी में छोड़ने को लेकर किसानो का जिले के जनप्रतिनिधियों का पूर्ण सहयोग नही मिलने से नाराजगी देखी जा रही है। ऐसे में मंगलवार को धरने के छठे दिन सांसद देवजी पटेल धरना स्थल पर पहुंचे। लेकिन अभिवादन करने के लिए एक भी किसान खड़ा तक नही हुआ।

## संक्षिप्त

### सिंगल यूगल प्लास्टिक जब्त

**टोंक, (निसं)।** नगर परिषद टोंक की टीम ने सिंगल यूगल प्लास्टिक आईटम के उत्पादन, संग्रहण, बिक्री एवं उपयोग पर रोक के तहत कार्यवाही करते हुए 32 किलो 300 ग्राम प्लास्टिक उत्पादक जब्त किए। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि नगरपरिषद टोंक क्षेत्र में बंमोर रोड, सोरण रोड, इन्द्रा गांधी सर्किल छावनी क्षेत्र में संचालित दुकानों आदि से सिंगल यूज प्लास्टिक आईटम के उत्पादन, संग्रहण वितरण, बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए आयुक्त अनिता खींचड द्वारा गठित टीम के प्रभारी अधिकारी भरतलाल मीणा, सुभाष धामुनिया, नरेन्द्र कुमार जैन, संरजन सिंह, मो.सलीम, मो. आदिल, दीपक, राकेश ने कार्यवाही करते हुए 32 किलो 300 ग्राम प्लास्टिक केरी बैग्स, प्लास्टिक डिस्पोजल व अन्य प्लास्टिक उत्पादक जब्त किए।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**अलवर, (निसं)।** मालाखेडा उपखंड कार्यालय पर अलवर ग्रामीण विधानसभा के पांचों मंडलों के मंडल अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष भाजपा दक्षिण संजय सिंह नरूका के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की नीतियों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया तथा राज्यपाल के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में झूठे वादों की सरकार विद्युत सर चार्ज बढाया गया है, अवैध खनन, बिगडती हुई कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, गोचर भूमियों पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे, गोकशी पर नियंत्रण नहीं ,बेरोजगारी आदि विषयों को सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर अलवर ग्रामीण के पूर्व विधायक जयराम जाटव, रामकिशन मेघवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनलाल सुलानिया, भाजपा के युवा नेता देशराज खरेरा, जय भगवान जाटव, जिला महामंत्री पवन जैन, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी जाटव, विधानसभा प्रभारी पूर्व उप जिला प्रमुख व जिला मंत्री रमन गुलाटी, जिला मंत्री विष्णु शर्मा, एसटी मोर्चा के जगदीश मीणा, एस.टी. मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नेहरू मीणा, पांचों मंडलों के महामंत्री व मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व महामंत्री, भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि व सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वेद प्रकाश पीटीआई का सम्मान

**कोटपूतली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जागुवास बहरोड़ में एक कार्यक्रम आयोजित कर पीटीआई वेदप्रकाश यादव के सेवानिवृति अवसर पर उनके पूर्व विद्यार्थियों ने उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। कंवरपुरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राव मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि वेद प्रकाश पीटीआई ग्राम कांकरा कल्याणपुरा ब्लॉक बहरोड़ ने ग्राम कंवरपुरा कोटपुतली में वर्ष 1992 से 2000 तक शारीरिक शिक्षक के तौर पर विद्यालय में सेवाए दी थी। उनका यह कार्यकाल ग्राम कंवरपुरा के विथार्थियो के लिए स्वर्णिम अवसर रहा। उन्होंने बतौर शारीरिक शिक्षक विद्यालय में अनुशासन और खेल कौशल की एक मजबूत नींव रखी थी, जिसके कारण ही गुरुजी के विद्यार्थी आज विभिन्न उच्च पदो पर सेवाए दे रहे है। परिणाम स्वरूप ग्राम कंवरपुरा को सरकारी नौकरी वाले गांव के रूप में जाना जाता हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका ये अतुल्य योगदान हम सबको हमेशा याद रहेगा। उन्होंने 36वर्ष के सेवा काल के उपरांत 31 अक्टुबर 2022 को राजकीय सेवाओं से निवृत हुए गुरुजी को आगामी जीवन की शुभकामना दी। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार यादव, व्याख्याता विरेंद्र कुमार यादव, व्याख्याता आशीष कुमार यादव, पीटीआई अमित कुमार यादव, पीटीआई महेश कुमार यादव आदि मौजूद थे।

### गोपाष्टमी का पर्व मनाया

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे में जगह-जगह पर गोपाष्टमी का पर्व गाय की पूजा कर मनाया गया। इस दौरान पुराना फुलेरा स्थित ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर में श्री ठाकुर जी सेवा समिति के तत्वधान में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। जिसमें मन्दिर के पुजारी पण्डित शिवनारायण शर्मा के द्वारा गौ माता का विधिवत रूप से पूजन करवाया गया। तत्पश्चात गौ माता की आरती की गई। जिसमें मोहन शर्मा नटवर लाल गौड, बजरंग जोशी, रामपाल कुमावत, श्रीकिशन जांगिड, जुगल किशोर जांगिड़, विकास जांगिड़, महावीर प्रसाद जैन, गोविंद शर्मा, शुभम शर्मा, सत्यनारायण जोशी, प्रेमचंद, रमेश जांगिड़ सहित महिला मण्डल उपस्थित रहे।

# ईओ का चार्ज मिलते ही जेईएन ने नियमों की उड़ाई धज्जियां

- अध्यक्ष व ईओ आमने-सामने, एक-दूजे पर लगाये अनियमित्ताओं के आरोप
- मालपुरा में करोड़ों की किमती जमीन के नामान्तरण से जुडा मामला

**मालपुरा, (निसं)।** शहर से होकर गुजर रहे जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर डेयरी चौराहे के पास करोडों रूपयों की बैशकिमती जमीन के मामले में मालपुरा पालिका ईओ का अतिरिक्त चार्ज मिलते ही जेईएन से ईओ बने देशराज मीणा द्वारा नियम कायदों के विपरीत जाकर व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने की नियत से आपत्तिशुदा पत्रावली को बिना विभाग व बोर्ड की स्वीकृति के ही नामान्तरण खोले जाने का मामला उजागर होते ही पालिका अध्यक्ष व ईओ ने एक-दूजे पर अनियमित्ताओं के आरोप लगाये। वहीं मामले से जुडे भूमाफियां व बाहुबलियों की सांसें अटक गई।

ईओ ने अध्यक्ष के विरूद्ध पत्रावलियां गायब किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्राथमिकी दर्ज किये जाने के लिए एसडीएम को सौंपे पत्र के बाद एसडीएम द्वारा 21 अक्टूबर को पुलिस उपाधिक्षक को पुलिस प्राथमिकी दर्ज किये जाने के लिए थानाधिकारी को निर्देशित किये जाने हेतु पत्र जारी करने के बाद पार्षद अतिक, नूर, डीआर छोगालाल गुर्जर, मजीद, ब्लॉक कांग्रेसजनों ने ईओ पर कई संगीन आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा की अगुवाई में सौंपे गये ज्ञापन में तत्कालीन ईओ सुरेन्द्र कुमार मीणा द्वारा कांग्रेस पार्टी की पालिका अध्यक्ष आशा नामा व उपाध्यक्ष पवन कुमार मैन्दवास्या के बारे में कई मनघंडत झूंठी शिकायतों का पुलिन्दा तैयार कर छवि धुमिल करने का आरोप लगाते हुए अवगत करवाया कि डीएलपी से स्थानान्तरण आदेश जारी हो जाने के बाद भी सुरेन्द्र मीणा ने डेयरी चौराहे के पास स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैरूमल सेवकरामानी की जमीन व मकान के नामान्तरण को बिना सुने व बगैर सूचना के अवैधानिक रूप से निरस्त किया गया है। साथ ही आरोप लगाया कि सुरेन्द्र मीणा ने पट्टा चाहने के लिए पालिका में प्राप्त हुई कई पत्रावलियों को गायब कर दिया जो कि आज भी उन्हीं के पास है। कांग्रेसजनो ने ईओ के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने व स्वायत शासन विभाग से कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

वहीं दुसरी और करोडों रूपयों की बैशकिमती जमीन प्रकरण में 6 अक्टुबर को कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी व जेईईन देशराज मीणा द्वारा उक्त पत्रावली मे नामान्तरण को लेकर 30 जून 2020 को राधेश्याम जांगिड द्वारा आपत्ति दर्ज करवाने व 25 जून 2020 को रामप्रसाद सैनी द्वारा तत्कालीन ईओ सीमा चौधरी के समक्ष आपत्ति दर्ज करवा सुचना के अधिकार के तहत रिकार्ड मांगे जाने व सरकारी सम्पत्ति को पालिका के कब्जे मे लेने के दिये प्रार्थना पत्र के बावजूद नियमों के विपरीत जाकर पत्र क्रमांक 7995 से भैरूमल सेवकरामानी के नाम से भूखण्ड नामान्तरण जारी कर दिया। जिसे पुनः ईओ के पद पर पदस्थापित हुए सुरेन्द्र मीणा ने 18 अक्टूबर को पत्र क्रमांक 8480 द्वारा जारी नामान्तरण को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के आदेश जारी कर स्वायत्त शासन विभाग निदेशक, संयुक्त सचिव, जिला कलेक्टर, उपनिदेशक क्षैत्रिय निकाय अजमेर, पुलिस अधिक्षक टोंक व एसडीएम मालपुरा को प्रतिलिपि प्रेषित कर देशराज मीणा को नामान्तरण की मूल पत्रावली तलब करने के आदेश दिये गये। इनकी पालना नहीं होने पर तत्कालीन ईओ सुरेन्द्र मीणा ने देशराज मीणा के खिलाफ आरोप पत्र तैयार कर निदेशालय भेजते हुए उक्त मामले मे देशराज मीणा के विरूद्ध सीसीए 16 मे नोटिस जारी किया गया है।

उक्त मामले मे जांच को लेकर बीते दिनों उपनिदेशक क्षैत्रिय निकाय विभाग अजमेर आलोक जैन व प्रशासन शहरो के संग अभियान के ऑब्जर्व कृष्णावतार त्रिवेदी ने मालपुरा पहुंच कार्मिकों से मामले को लेकर आवश्यक पूछताछ कर रिपोर्ट भी तैयार की है।

## नारेहड़ा गौशाला के पीछे की कॉलोनी की पाइप लाइन में पानी का प्रेशर नहीं



कोटपूतली में पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन करती महिलायें।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा के गोशाला के पीछे बसी कॉलोनी में लगभग 2 साल से पाइप लाइन में पानी का प्रेशर नहीं होने की वजह से लोगों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, पानी की किल्लत होने से लोगों को पानी लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर गुरुवार को महिलाओं ने जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध जताया तथा शीघ्र ही समस्या समाधान की मांग की। ग्रामीण लक्ष्मीचंद मीणा, महेश जांगिड़, घनश्याम कुमावत, मनोहर सिंह, बनारसी, सुनील बासनीवाल, रेशम, अन्नु देवी आदि ने बताया कि पाइप लाइन में प्रेशर नहीं होने से कभी कभार थोड़ा बहुत पानी आता है जिससे पीने के पानी की पूर्ति भी नहीं होती है। पानी की समस्या से हमारे दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मजबूरन हमे पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम मजबुर होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है की कर्मचारी और अधिकारी बुलाने पर भी मौके पर नही पहुंचते हैं। जलदाय विभाग कर्मचारी विशम्बर ने बताया की पाइप लाइन में प्रेशर नहीं होने से इस कॉलोनी तक पानी नहीं पहुंचता है, जिसके बारे में उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया है। समस्या को लेकर जलदाय विभाग के जेईएन हंसराज से फोन पर वार्ता करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होने फोन ही नहीं उठाया।

# 18 घंटे में चोरी की वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल की अगुवाई में प्रागपुरा थाना पुलिस ने ग्राम पंचायत जोधपुरा में हुई चोरी की वारदात का महज 18 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने बताया है कि 30 अक्टूबर को प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोधपुरा भवन में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए बेट्री व इंवेर्टर ले गए।

वारदात के संबंध में पीडित द्वारा प्रागपुरा थाना पर तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया था।

जिस पर एएसपी कोटपुतली

- 30 अक्टूबर को चोर बेट्री व इंवेर्टर ले गए थे

विद्याप्रकाश की अगुवाई व वृत्ताधिकारी वृत्त विराट नगर संजीव चौधरी के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम में शामिल प्रभारी उप निरीक्षक किरण सिंह, सहायक उप निरीक्षक रामोतार, कांस्टेबल जितेंद्र ने सुरागरसी शुरू करते हुए थाना देवली क्षेत्र के देवपुरा में रहने वाले सुदामा पुत्र भोमराम जाति उम्र 30 साल को 18 घंटे के भीतर धर दबोचा।



पावटा पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

# विशाल अन्नकूट महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के पुतली रोड़ स्थित शरणम पैराडाईज मैरिज गार्डन में श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को विशाल अन्नकूट प्रसादी महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा श्याम बाबा का आकर्षक दरबार सजाकर आरती उतारते हुए भोग लगाया गया।

जिसके बाद अन्नकूट प्रसादी का वितरण शुरू हुआ। गौरतलब है कि गोपाष्टमी के अवसर पर विगत तीन

- हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण की पंगत प्रसादी

वर्षो से उक्त महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए क्षेत्र में आमजन को न्यौता दिया जाता है। इस दौरान ट्रस्ट के महामंत्री मनोज दीवान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम लाल बंसल, उपाध्यक्ष ख्यालीराम सैनी, महामंत्री मनोज दीवान, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, रमेश जिंदल, रजत जिंदल, जितेन्द्र जोशी, छाजुराम सैनी, महेश बंसल, बाबूलाल सैनी, हीरालाल सैनी, प्रदीप अग्रवाल, राजेश सवाईका, एड. अभिषेक बंसल, नागरमल, पवन मोरीजावाला, कमल गुप्ता, अशोक पाटन वाले, कैलाश सैनी, घनश्याम अथोनिया आदि मौजूद रहे। प्रसादी वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी एड. अशोक बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, दिनेश मित्तल, आरजेडी अध्यक्ष रामनिवास यादव, डॉ. अश्वनी गोयल, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, पूर्व जिला पार्षद धुड़सिंह शेखावत, रामप्रकाश बंसल, प्रवीण बंसल, अरविन्द सैनी, सुनील कुमावत, विनोद जोशी, सूरज अरोड़ा, सौरव अरोड़ा, बृजमोहन बंसल, मुकेश सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।



कोटपूतली में पंगत प्रसादी ग्रहण करते श्रद्धालु।

## सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित

- कार्यक्रम में वर्तमान एवं पूर्व मंत्री तथा नेता पहुंचे

**बहरोड़/अलवर।** अलवर जिले के मूलचंद गुर्जर प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ राजस्थान के शिक्षा विभाग में डहरा शाहपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सेवाकाल पूर्ण होने पर 37 वर्ष सेवा देने के बाद समाज के दर्पण रूपी शिक्षक के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में वर्तमान एवं पूर्व मंत्री तथा दिग्गज नेता पहुंचे।

कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली राजस्थान सरकार एवं अलवर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर के इस सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में पहुंचने पर मंच पर सेवानिवृत्त शिक्षक सहित उनका स्वागत सत्कार करते हुए माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इसी के चलते एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी के रामहेत यादव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ जसवंत यादव भी पहुंचे तो पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर करण सिंह यादव एवं बहरोड़ से पीसीसी सदस्य बस्तीराम यादव तथा मुंडावर विधायक मनजीत चौधरी भी उपस्थित रहे।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षक मूलचंद गुर्जर के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा किया गया।

जिसमें विद्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोगों ने शिक्षक का कार्यकाल के दौरान उत्तम व्यवहार एवं मिलनसार प्रवृत्ति का व्यक्तित्व होने के नाते सराहना कर उनके द्वारा दिए गए योगदान की प्रशंसा कर स्वागत सत्कार एवं उपहार भेंट किए। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण तथा गणमान्य लोगों सहित परिवार के सदस्य, रिश्तेदार एवं भारी तादाद में शिक्षक के परिचित लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आज खैरथल में

**अलवर (निसं )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 2 नवम्बर को दोपहर 12:15 बजे खैरथल में आयोजित कार्यक्रम में किशनगढबास विधानसभा क्षेत्रा के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात गहलोत हैलीकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## गौ माता में सभी देवताओं का निवास : महंत सुरेश दुबे

- गौशाला में किया कामधेनू लख चौरासी पूजन

**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय रक्षा संगठन के तत्वाधान में गौपाष्टमी पर्व पर संगठन की सरवराबाद रोड स्थित गौशाला में संगठन के जिलाध्यक्ष एवं गोपालजी मन्दिर के महंत पं. सुरेश दुबे के सानिध्य में कामधेनू लख चौरासी पूजन गौभक्तों ने किया और गायों को चारा व गुड खिलाया।

संगठन के शहर अध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा संगठन टोंक की ओर से गौपाष्टमी पर्व पर संगठन की सरवराबाद रोड स्थित गौशाला में संगठन के जिलाध्यक्ष एवं गोपालजी मन्दिर के महंत पं.सुरेश दुबे के सानिध्य में कामधेनू लख चौरासी पूजन गौभक्तों द्वारा किया व गायों को चारा खिलाया। साथ ही गौशाला में गायों की सेवा व विकास की संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष पं. सुरेश दुबे ने कहा कि गौ माता में सभी देवताओ का निवास होता है। हम सबको गौशाला में गायों की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। गौमाता की सेवा करने वाले स्वयं गोपालजी महाराज है और हम सबको भी सेवा में पीछे नहीं रहना चाहिए, क्योकि गौसेवा ही गोपालजी की सेवा के समान है।

इस गौशाला में गायों के गौशाला की जमीन से ही चारे पानी की व्यवस्था होती है। जिससे गायों को कोई परेशानी नही होती। कार्यक्रम में संगठन के शहर अध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, मोहन गुप्ता, एडवोकेट मनमोहन शर्मा, शैतान यादव, अनिल शर्मा, बालमुकूंद कुर्मी, महेश सोनी, शुभम सोनी, लक्ष्मण सैनी, गौरव सोनी, नमन दुबे, सौरभ सोनी आदि मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने डॉ. रमेश बैरवा का निलम्बन रद्द करने की मांग की

- विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार को बंद रख प्रदर्शन किया

**अलवर।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर की छात्रसंघ संयुक्त सचिव सोनिया जाटव के नेतृत्त्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार को बंद रख प्रदर्शन कर छात्र हितैषी राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश बैरवा के निलंबन को तुरंत रद्द करने की मांग की।

प्रदर्शन में छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री एवं उच्च अधिकारियों पर आरोप लगाया कि जातिवादी मानसिकता एवं द्वैषता के कारण डॉ. रमेश बैरवा सहित अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षकों को विशेष तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा हैं। डॉ.रमेश बैरवा नियमित अध्ययन-अध्यापन का कार्य करते हैं। अनुशासन समिति के संयोजक हैं। छात्रहित में निष्पक्ष रूप से प्रत्येक छात्र-छात्राओं की सहायता एवं सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने तथ्यों के बिना तुगलकी फरमान जारी कर डॉ रमेश बैरवा को निलंबित कर प्रताड़ित किया है। इससे कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राओं मे आक्रोश है। इस दौरान प्रदर्शन मे बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया।

## सार-समाचार

### गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया



**चाकसू, (निसं)।** गो सेवा परिवार समिति द्वारा जनसहयोग से एनएच 12 बाईपास गरुडवासी स्थित श्री कामधेनु गौशाला में गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया। जिसमें कस्बे सहित आसपास के गांवों के अलावा जयपुर शहर से भी अनेकों गोभक्तों ने गौशाला में गोमाता चारा एवं गुड खिलाकर वंदना की महिलाओं ने गौ माता के तिलक कर माला पहना, खाद्य सामग्री भेंट कर को सेवक महाराज के लिए पत्र भेंटकर परिवार के लिए सुख समृद्धि की मंगल कामना की। गौशाला पदाधिकारी महेश शर्मा, बुद्धिप्रकाश गौतम, रामावतार सैनी, लालाराम सैनी, आशीष गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भामाशाहओं एवं अन्य लोगों को गौशाला के कार्यों की जानकारी देते हुए अवलोकन कराया। भामाशाहओं ने भी गौ सेवकों कार्यों की सराहना करते हुए आर्थिक सहयोग दिया। तत्पश्चात भोलेनाथ एवं वीर हनुमान मंदिर का भव्य श्रृंगार कर अन्नकूट प्रसादी का भोग लगा सभी मौजूद लोगों को अन्नकूट पंगत प्रसादी खिलाई।

### अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी घोषित

**चौरु/उनियारा।** अभिभाषक संघ की एक बैठक का आयोजन अभिभाषक संघ हाल उनियारा में किया गया। आयोजित बैठक में एक और जहां दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।वही अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों का स्वागत भी किया गया। साथ ही इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं भी दी। वही आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुषमा शर्मा व मुंसिफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत पूनिया, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी जीतराम मीणा ने भी शिरकत की। वहीं इस दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं वह अधिकारियों का दीपावली स्नेह मिलन पर स्वागत किया। समारोह के बाद आयोजित अभिभाषक संघ की बैठक में अभिभाषक संघ उनियारा की कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया जिसमें उपाध्यक्ष कमल कासलीवाल, सचिव वकील अहमद, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह हाडा ,पुस्तकालय अध्यक्ष मंसूर अहमद व मीडिया प्रेस सचिव मुजम्मिल सारण को मनोनीत किया गया इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद जैन, दिनेश पारीक, बाबूलाल जैन, बरकतुल्लाह खान, इकबाल अहमद हरिराज सिंह नरूका, कन्हैयालाल टाढा, श्योजी लाल जाट, नमो नारायण गौतम, सुरेंद्र धाकड़ ,दिनेश मोरवाल, रामस्वरूप मीणा, मस्तराम मीणा, सच्चिदानंद शर्मा,पितांबर मीणा ,हरिश मोरवाल, महावीर चौधरी शकील अख्तर, रमेश शर्मा, महेश शर्मा,कुलदीप सिंह गुर्जर ओमप्रकाश सेनी सहित कहीं अधिवक्ता उपस्थित थे।

### अधिकारियों ने सांभर झील का दौरा किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के काचरोदा नर्सरी मे वन विभाग के कुछ अधिकारी व वन रक्षक व वनपाल की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चाएं कर विचार-विमर्श किया गया। वहीं 2019 मे हुई पक्षी त्रासदी पर चर्चा की और प्रवासी पक्षीयों पर उक्त त्रासदी की पुनरावर्ती ना हो। इसके लिए उपयुक्त तैयारियां की गई। साथ ही जयपुर वन विभाग प्रशिक्षण केन्द्र के डीएफओ रमेश कुमार मालपानी, एसीएफ संजय कौशिक, रेंजर हजारी लाल मीना, दूदू रेंजर राजेन्द्र खींची, फुलेरा वन विभाग नका इन्चार्ज श्याम शर्मा व सेकेट्री नेशनल नेचर सोसाईटी के पक्षी विशेषज्ञ राजकुमार चौहान राजस्थान के अलग-अलग जिलों के वन रक्षक व वनपाल स्टॉफ ने रामसर साइट की सांभरझील वैट्लेन्ड् एवं पक्षीयों की पहचान पर कार्यशाला की गई। इस अवसर पर डब्लूसीओ के सदस्यों ने आये हुए वनरक्षक, वनपाल को प्रवासी पक्षियों की पहचान व पक्षीयों की गणना एवं पक्षीयों की प्रजातियों का डेटा तैयार करने के सरल तरीके की जानकारी दी। वाइल्डलाइफ क्रिएचर ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूसीओ) के ओम प्रकाश सैन (पीन्टी), मनीष, मोहित, जतिन व गौरव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वार्डवासियों का धरना लगातार जारी

**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड़ पर निर्माणाधीन अवस्था में पड़े अधुरे नाले की समस्या व इस बाबत नगर परिषद् द्वारा बरती जा रही लापरवाही के विरोध में रविवार को वार्ड नं. 24 व 30 के वार्डवासियों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी बदस्तुर जारी रहा। वार्डवासियों का कहना था कि जब तक नाले का पुर्ननिर्माण शुरू नहीं हो जाता, तब तक विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री सुभाष दवाईवाला, फूलचंद ऑपरेटर, मुरलीराम गुर्जर, बलबीर मास्टर, मातादीन मीणा, पूर्व पार्षद हरदान पायला, गिरिराज मीणा, पूरण भगतजी, ख्यालीराम गुर्जर, रमेश कुमावत, होलदार पायला, दयाराम कुमावत, पार्षद लालचंद सैनी, प्रफुल्ल पायला समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी धरणार्थी मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद् एक्सईएन दीपक मीणा भी मंगलवार शाम मौके पर पहुंचे। मीणा ने पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला व वार्डवासियों के साथ अधुरे पड़े नाले का अवलोकन किया। उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचकर बुधवार से ही नाला निर्माण शुरू करवाये जाने का आश्वासन दिया। धरना संयोजक मुखिया पायला ने बताया कि बुधवार को नाला निर्माण शुरू होते ही धरने को समाप्त किया जायेगा।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया

**बोराज।** कृषि विभाग में सहायक कृषि अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए बोराज निवासी गोपाल लाल प्रजापत का मंगलवार को ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ सम्मान किया। ग्राम वासियों ने बस स्टैंड से जुलूस के रूप में नगर भ्रमण करते हुए उन्हें घर तक विदाई दी। इस दौरान जगह-जगह कृषि अधिकारी का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा, पूर्व दूदू प्रधान रामेश्वर प्रसाद कड़वा, प्रेमशंकर शर्मा, वार्ड पंच विजय सांखला, बाबूलाल राव, सेवानिवृत्त बीएसएनएल अधिकारी जीवराज सांखला सहित अनेक लोग जुलूस में शामिल रहे।

स्वच्छ फुलेरा-स्वच्छ फुलेरा
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**
क्रमांक न.पा.फु./2022-23/2702 **लोक सूचना** दिनांकः-01.11.2009

श्री लादूराम कासोटिया पुत्र श्री कालूराम निवासी जी आर.पी.थाने के पीछे आर्दश रैगर बस्ती काचरोदा फुलेरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (भू-रूपान्तरण) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला जयपुर, जयपुर तहसील, फुलेरा | ग्राम दयाल नगर फुलेरा | खसरा नं.213/143 रकबा 0.1138 कुल खसरे 01 कुल रकबा 0.1138 हैक्टेयर | 0.1138 हैक्टेयर |

इस लिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.11.2022 को जारी की गयी है।
(राकेश कुमार शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4421-22 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-31.10.2022

श्याम सुन्दर, गौतम पटवा पुत्रगण श्री जगदीश प्रसाद पटवा जाति निवासी वार्ड नम्बर 23 पटवा का मोहल्ला कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.23 पटवों का मोहल्ला श्रीमाधोपुर | चतुसीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में आम राम रास्ता, पश्चिम दिशा में ग्यारसीलाल पटवा का मकान, उत्तर दिशा में जगनलाल पटवा का मकान व दक्षिण दिशा में आम रास्ता अवस्थित है। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 34 फुट व उत्तर से दक्षिण 10 फुट 3 इंच कुल क्षैत्रफल 38.72 वर्गगज या 32.36 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 31.10.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

## संक्षिप्त

### गो संरक्षण की शपथ दिलाई

**रामगढ़/पचवारा,** (निसं)। क्षेत्र के डीडवाना ग्राम पंचायत में गौ रक्षा कमांडो फोर्स एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा गोपाष्टमी के मौके पर गोवंश का पूजन कर उनके संरक्षण की शपथ दिलाई गई। लंबे अरसे से गोवंश के संरक्षण का कार्य कर रही रक्षा कमांडो फोर्स के कार्यकर्ता लगातार दुर्घटनाग्रस्त गोवंश का इलाज करने के साथ मुद्दत समय में गोवंश की अकाल मौत का कारण बनी लंबी बीमारी से भी ग्रसित पशु गोवंश को राहत दिलाने के लिए खुद के स्तर पर प्रयास कर रहे हैं एवं काफी तादाद में उनके प्रयासों से गोवंश की जान भी बची है। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर भूतेश्वर गौ सेवा समिति डिडवाना में अन्नकूट कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर भूतेश्वर गौ रक्षा कमांडो फोर्स डिडवाना के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे व डिडवाना के पूर्व सरपंच दीपक पटेल के नेतृत्व में गौ सेवकों ने गौ माता का पूजन कर गायों को खिचड़ा व गुड़ खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### अधिकारियों को नोटिस जारी

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्राप्त परिवादों का निश्चित समयावधि में निस्तारण नहीं किए जाने पर जिले के 8 अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। जिला कलेक्टर ने त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों का निश्चित समयावधि में निस्तारण नहीं किए जाने पर उप श्रमायुक्त अलवर, तहसीलदार लक्ष्मणगढ, अधिशासी अधिकारी खेरली व विकास अधिकारी मालाखेडा को कारण बताओ नोटिस तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी तिजारा व मुण्डावर तथा अधिशासी अधिकारी बहरोड व राजगढ को 17 सीसीए का नोटिस दिया गया है।

### विद्यालय में शक्ति दिवस मनाया

**अलवर,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज राजकीय बालिका सीनियर सैकेंडरी विद्यालय नयाबास में शक्ति दिवस आयोजित किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. के.के मीना ने बताया कि एनीमिया व कृमि रोग से बचाव हेतु कक्षा 1 से 5 तक की छात्राओं को आयरन की गुलाबी गोली तथा कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को आयरन की नीली गोली खिलाई गई।

### लोकसभा अध्यक्ष से भेंट

**निवाई।** प्रमुख समाजसेवी अशोक बिलाला के नेतृत्व में निवाई से एक शिष्टमण्डल के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला के निवास कोटा पहुंचकर स्वागत सत्कार करके गुलदस्ता भेंटकर कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान समाजसेवी भूषण सालोदिया, अशोक बिलाला, गोपाल शर्मा, भागचंद सेखाटियां सहित जैन समाज के कई पदाधिकारी मौजूद थे। यह जानकारी प्रवक्ता विमल जौंला ने दी।

### खिलाड़ी लाल बैरवा आज टोंक में

**टोंक** (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाडी लाल बैरवा बुधवार को टोंक के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। बैरवा प्रात: 10 बजे टोंक सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा अनुसूचित जाति के उत्थान एवं अधिकारों के लिए जिले में कार्यरत सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

# चौथ माता की चोरी हुई मूर्ति बरामद कर पुजारी को सौंपी

**लालसोट,** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 31 के गोबरिया पाड़ा से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की गई चौथ माता की मूर्ति को लालसोट थाना पुलिस की टीम द्वारा महज 2 घंटे में कार्रवाई करते हुए कुवैत से निकाल बरामद की एवं पुलिस थाना परिसर में मीडिया कर्मियों की मौजूदगी में पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल एवं थानाधिकारी नाथू लाल मीणा द्वारा पुजारी को सुपुर्द कर दिया गया। घटनाक्रम को लेकर पुलिस उप अधीक्षक अरविंद कुमार गोयल ने

- **पुलिस टीम ने अमराबाद में कुएं से निकाली मूर्ति**

जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि गोबरिया पाड़ा स्थित चौथ माता मंदिर में करीब सौ साल पुरानी पीतल की चौथ माता की मूर्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है।

घटनाक्रम को लेकर थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा के नेतृत्व में गठित एएसआई प्रताप सिंह कांस्टेबल आजाद सिंह आसूचना अधिकारी नरेश योगी, कांस्टेबल लहरी लाल आदि की पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मुखबिर खास की सूचना पर अहमदाबाद पहुंचे जहां पर एक युवक उस मूर्ति को सामने रख बैठा हुआ था। जहां पुलिस टीम को देखकर उस युवक द्वारा चोरी की गई मूर्ति को कुएं में डाल कर वहां से भाग खड़ा हुआ। जांच करने पर सामने आया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त चल रहा है।

इसके पश्चात गौ रक्षा कमांडो फोर्स के युवा दल को बुलाकर कुएं से चोरी हुई चौथ माता की मूर्ति को निकाला गया एवं थाने पर लाया गया। जहां पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल एवं थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा द्वारा मूर्ति से कुशल सुपुर्द की गई। वहीं पुलिस टीम द्वारा महेश 2 घंटे में चोरी की गई मूर्ति को बरामद करने से कस्बे में फैलने वाले धार्मिक ग्रुप से जुड़े तनाव को भी विराम मिल गया। पुलिस द्वारा सूचना मिलने के 2 घंटे में मूर्ति को बरामद कर पुजारी को सुपुर्द करने को लेकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पुलिस टीम को सम्मानित करने की मांग की है।



चौथ माता की मूर्ति को पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल ने पुजारी को सौंपी।

## अवैध शराब की हो रही बिक्री

**देवली,** (निसं)। यहां निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र में पनप रहे अवैध शराब के करोबार मामले के विरुद्ध राजस्थान मुख्यमंत्री के ओएसडी सीएमओ कार्यालय से भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। मामले के अनुसार पिछले कई वर्षों से यहां हनुमान नगर थाना क्षेत्र की ऊंचा ग्राम ग्राम पंचायत एवं कुचल वाड़ा माता जी ग्राम पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह अवैध शराब की ब्रांच संचालित है। ऐसी ही अवैध शराब की एक ब्रांच देवली राजकीय चिकित्सालय के बाहर भी संचालित है।

उक्त मामले में स्थानीय लोगों ने नाम नई छापने की शर्त पर जानकारी में बताया है कि यहां हनुमान नगर थाना क्षेत्र के कुचल वाड़ा माताजी रोड स्थित मेडिकल की दुकानों के बीच बेखौफ रहकर शराब माफिया अंडे की दुकान के आड़ में अवैध रूप से बीयर और देसी अंग्रेजी शराब बेच रहे हैं। स्थानीय लोग शराब माफिया के भय की वजह से खुलकर शिकायत करने से डरते हैं। और इसी वजह को लेकर संबंधित अधिकारी और पुलिस उक्त मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। यहां अवैध शराब की ब्रांच ओं के विरुद्ध पुलिस और संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई नहीं होने पर जानकारी सीएम के ओएसडी सीएमओ कार्यालय को भी पहुंचाई थी।

## बाबा श्याम के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

**खाटूश्यामजी** (निसं)। कस्बे में प्रसिद्ध बाबा श्याम के कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी पर आयोजित होने वाले बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी व प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है।बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर देश के कोने कोने से लाखों श्याम भक्त बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर बाबा का जन्मदिन मनाते हैं।बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर श्रद्धालु देवउठनी एकादशी पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार होता है तथा दिल्ली से आए सतरंगी फूलों से बाबा के दरबार की मनमोहक सजावट व 56 भोग झांकी सजाकर भोग लगाया जाता है। वहीं रात्रि में आतिशबाजी कर बाबा के जन्मोत्सव मनाएंगे।जन्मोत्सव की मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपखंड अधिकारी व मेला मजिस्ट्रेट प्रतिभा वर्मा, सहायक मेला मजिस्ट्रेट विपुल चौधरी व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एएसपी रतनलाल भार्गव के निर्देशन में डीवाईएसपी विजय सिंह, थाना अधिकारी सुभाष चंद्र के नेतृत्व में सुरक्षा के 350 पुलिस के अधिकारी व जवान 300 होमगार्ड्स व 300 श्री श्याम मंदिर कमेटी के सिक्योरिटी गार्ड व सीकर महिला थाना अधिकारी कमल कुमार के निर्देशन में ट्रेफिक व्यवस्था व दर्शन व्यवस्था कराने में सहयोग देंगे।इसके साथ ही बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर जिक जैक सहित सभी व्यवस्थाएं विभाग के अधिकारी करने में जुट गए हैं।नगर पालिका प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण हटाना,आवारा पशुओं को गौशाला में भेजना, चिकित्सा विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना सहित अनेक व्यवस्थाएं की जा रही है।

## प्रायोगिक परीक्षा संपन्न

**निवाई,** (निसं)। पीपलू के राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को बीए पार्ट प्रथम वर्ष 2021-22 की भूगोल एवं गृह विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा महाविद्यालय में संपन्न हुई। कार्यवाहक प्राचार्य सीएल मीणा ने बताया कि भूगोल विषय में 130 छात्राएं व गृह विज्ञान में 13 छात्राओं ने परीक्षा दी। भूगोल विषय के वीक्षक डॉ रामलाल मीणा सहायक आचार्य राजकीय महाविद्यालय सांगानेर व गृह विज्ञान वीक्षक डॉ गीता मीणा सहायक आचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक ने छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा ली।

# हौज की पट्टियां टूटने से बच्चों के गिरने का खतरा

**सांभरझील।** गुढा में बावडी की ढाणी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 2 साल पहले विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी का इंतजाम व परिसर में पेड़-पौधों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनवाए गए हौज की पट्टियां टूट कर गिर जाने से इसकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

करीब 16 फुट गहरे और 12 फुट चौड़े हौज के खुला पड़ा होने से स्कूली बच्चों के गिरने का अंदेशा बना

- **दो साल पहले स्कूल में बने हौज की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

हुआ है, वहीं अब बच्चों अपने घर से पानी की बोतल लाकर काम चलाना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ विद्यालय परिसर में अनेक किस्म के पेड़ पौधों को भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने से इनके भी मुरझा जाने का खतरा हो गया है। जानकारी के अनुसार इसी विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित है जहां पर नौनिहालों पढ़ाया जाता है। इनकी सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल प्रशासन की ओर से संबंधित ग्राम पंचायत को आ नहीं रहा अवगत करवा कर क्षतिग्रस्त होज को ठीक कराने का अनुरोध किया जा चुका है लेकिन 4 माह बीत जाने के बाद क्षतिग्रस्त होज को ठीक करवाने का कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है। वहीं इसी विद्यालय में एक साल पहले जिस शौचालय का निर्माण कराया गया था उसमें भी अनेक कमियां होने के कारण उसका भी उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि शौचालय में पानी की व्यवस्था करवाने के लिए अभी तक टंकी ही नहीं रखी गई है, शौच निकासी के रास्ते बंद पड़े हैं जिससे उसमें अब गंदगी जमी रहती है। जानकारी में आया है कि शौचालय के काम के लिए लीकेज टंकी रखी हुई है जिसमें पानी नहीं ठहरता है। इस मामले में स्कूल प्रशासन की ओर से पंचायत पर आरोप लगाया गया है कि हौज के निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल में ली गई है जिसकी वजह से अल्प समय में पट्टियां टूट कर गिर गई है। इसके लिए सरकार के पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है लेकिन वहां से भी कोई समाधान नहीं निकल रहा है।



क्षतिग्रस्त हौज में पड़ी हुई पट्टियां।

# आदर्श ग्राम पंचायत नगरफोर्ट का जिला प्रमुख बंसल ने दौरा किया

**टोंक** (नि.स.)। जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने आदर्श ग्राम पंचायत नगरफोर्ट का दौरा किया। जिला प्रमुख ने 8 नवम्बर को आयोजित होने वाले मांडकलां मेले की तैयारियों के संबंध में ग्राम पंचायत में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों एवं आम जनता के साथ चर्चा की तथा उपस्थित लोगों से कहा कि मांडाकलां का मेला एक प्रसिद्ध मेला होता है, जिसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है।

उन्होंने अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग देवली फोन पर चर्चा कर सार्वजनिक निर्माण विभाग की सडकों का पेच वर्क करवाने तथा रोड के दोनों साइड उगे हुए बबूलों को कटवाने के लिए फोन पर निर्देशित किया, ताकि मेले में आने वाले राहगीरों को कोई असुविधा ना हो। तत्पश्चात जिला प्रमुख द्वारा सी एच सी नगरफोर्ट तथा मांडाकलां सरोवर का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों, सरपंच प्रतिनिधि को वहां पर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख के साथ दौरे में पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल, वार्डपंच कमलेश गौतम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवप्राज मीणा, पंचायत समिति देवली के सहायक अभियंता सरदार सिंह, कनिष्ठ तकनीकी सहायक बहादुर मीणा, ग्राम पंचायत नगरफोर्ट के सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम विकास अधिकारी, सेवानिवृत्त अध्यापक अंजनी शर्मा, सेवानिवृत्त मेजर दुर्गालाल तथा आम ग्रामीण उपस्थित रहे।



जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने आदर्श ग्राम पंचायत नगरफोर्ट का दौरा कर जानकारी ली।

## आभूषण लूटने का आरोपी दिल्ली से हुआ गिरफ्तार

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर गत दिनों गणेश कॉलोनी में महिला रुकमणी देवी के कानों से सोने के कुंडल लूटकर भागने के आरोपी को पुलिस टीम द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया गया है। आरोपी के कब्जे से महिला के कारणों से तोड़कर ले गए स्वर्ण आभूषण को भी बरामद कर लिया गया है।

घटनाक्रम को लेकर थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 22 स्थित गणेश कॉलोनी की रहने वाली महिला रुकमणी देवी जिस समय मंदिर में पूजा अर्चना कर वापस लौट रही थी उस समय आरोपी द्वारा उसके कान में पहने हुए स्वर्ण आभूषण को कान से तोड़ कर भाग गया था। इस मामले को लेकर थाने में अज्ञात के खिलाफ कानों से स्वर्ण आभूषण तोड़ कर ले जाने की रिपोर्ट

- **आरोपी से स्वर्ण आभूषण किए बरामद**

दर्ज कराई गई थी।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ लालचंद कायल एवं पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल के सुपरविजन में एवं मन अधिकारी के नेतृत्व में थाने के हेड कांस्टेबल हरि सिंह कांस्टेबल लहरी लाल अमर सिंह आदि की एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। जहां पुलिस टीम द्वारा आरोपी के हुलिए के आधार पर उसका पीछा करते हुए आरोपी मुन्ना उर्फ अमरनाथ शर्मा निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## रोडवेज कर्मचारियों के आंदोलन का पांचवा चरण शुरू

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। बस स्टैंड पर कर्मचारियों ने बैठक के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी, 24 नवंबर को करेंगे एक दिवसीय चक्काजाम, राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की ओर से "रोडवेज बचाओ-रोजगार बचाओ" संकल्प के साथ आंदोलन का पांचवां चरण आज मंगलवार से शुरू हुआ।

इसके तहत श्रीमाधोपुर के रोडवेज बस स्टेंड परिसर में कर्मचारियों की बैठक हुई और 21 सूत्रीय मांगों के लिए 24 नवंबर को जयपुर में प्रस्तावित हड़ताल को लेकर चर्चा की गई। एटक के कृष्णगोपाल गुप्ता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एटक शंकरलाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंटक ताराचंद जैन, अध्यक्ष कल्याण समिति सैयद आदि वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन रोडवेज प्रबंधन की ओर से श्रम कानूनों के निरन्तर उलंघन और बदले की भावना से यूनियन के पदाधिकारियों को प्रताड़ित करने के विरोध में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोडवेज प्रशासन ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक संवर्ग के कर्मचारियों के साथ लगातार भेदभाव कर रहा है। कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जा रहे हैं। इसलिए रोडवेज की अनुचित नीतियों के खिलाफ कर्मचारी विरोध जताएंगे। आगामी 17 नवंबर को जयपुर में रैली, 19 नवबंर को प्रत्येक डिपो पर ढोल बजाओ सरकार जगाओ कार्यक्रम, 22 व 23 नवंबर को प्रत्येक डिपो पर धरना, 24 नवंबर को एक दिवसीय चक्का जाम हड़ताल की जाएगी।

**ये रखी मांगें:** प्रांत से आए वक्ताओं ने रोडवेज में 2 हजार बसों की खरीद, दस हजार पदों पर नई भर्ती, पहले कार्यदिवस पर वेतन व पेंशन देने सुनिश्चित करने, जनवरी 2022 से नवंबर 2022 तक सेवानिवृत कर्मचारियों का सेवानिवृति परिलाभों का भुगतान तुरंत करने की मांगे रखी।

# गौ सेवकों एवं रक्षकों का सम्मान कर टीनशेड का लोकार्पण किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। श्री कृष्ण गौशाला में आज गौ सेवकों एवं रक्षकों का सम्मान समारोह तथा लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्री गोपीनाथ मंदिर महंत डॉ. मनोहरशरण पारीक के मुख्यातिथ्य में हुआ। श्री कृष्ण गोशाला समिति की ओर से आज क्षेत्र में लंपी वायरस बीमारी के दौरान गायों को बचाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 70 गौ सेवकों और भामाशाहों का सम्मान प्रशस्ती पत्र देकर और दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए महंत डॉ. पारीक ने कहा कि गाय के बिना हमारे जीवन की कल्पना ही बेमानी है। हम सबको गौवंश संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। गौ की सेवा परमात्मा की सेवा के समान है। गाय ही एकमात्र ऐसा जीव है, जिसकी गोबर-गोमूत्र दोनों ही पवित्र माने गए। कार्यक्रम का संचालन गोशाला समिति अध्यक्ष सुरेश वशिष्ठ व मंत्री ललित चौधरी ने किया। सम्मान समारोह के बाद गोशाला परिसर में गायों को धूप से बचाने के लिए भामाशाहों द्वारा 8 लाख 2 हजार रुपए की लागत से निर्मित दो टीनशेड का लोकार्पण भी किया गया।

गौशाला में भामाशाह नौरंगमल कयाल तथा कैलाश हलवाई ने 4.1 लाख रुपए की लागत से टीनशेड का निर्माण कराया। वहीं नोरंगमल कयाल ने गोशाला विकास के लिए 1 लाख रूपयों का भी सहयोग दिया। कार्यक्रम में समिति द्वारा विश्वम्भर प्रसाद मऊवाला, कृष्ण गोकुलका, हेमन्त गोपालका, नौरंगमल कयाल, कैलाश हलवाई, नपा एसआई शशिकान्त शर्मा, चौथमल जमादार, विष्णु, कैलाश सैनी, नाहर सिंह बुगालिया, चेतन, ताराचंद, अनिल, मिन्टू सैनी, श्योराम (न.पा. श्रीमाधोपुर), पार्षद उमेश चूलेट, मनोज जांगिड, राजेश सोनी, शिवपाल कलवानियां, मनोज लोकनाथका, कुमार गौरव अठावाल, हिमांशु शर्मा, आशीष जैन, रितेश कुमार, रमेश सैनी, आशीष चौधरी, पुष्पेन्द्र सिंह, पार्षद मनोहर सिंह, मनोज मिश्रा, पशुधन सहायक, महेन्द्र सैनी, बलराज सैनी, सुभाष लैगा, ओम प्रकाश सैनी, राधाकिशन रणवां, दिनेश कुमार कुमावत, सुरेन्द्र सिंह, रामलाल सामोता, सुनील कुमार वर्मा (पशुधन सहायक), डॉ. मुकेश सैनी, घासीराम डूडी, सन्नी हरिजन, कालूराम हरिजन के अलावा एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़, पशुपालन विभाग उप निदेशक डॉ. मोहन अठावाल,संयुक्त निदेशक डॉ. सुमित्रा सिंह,तहसीलदार लोकेन्द्र मीणा, ईओ, एड.रामावतार सैनी आदि का सम्मान किया गया।



श्री कृष्ण गौशाला में में गौसेवकों का सम्मान किया।

## सार-समाचार

### मोहम्मद साद अली खान का चयन

**टोंक,** (निसं)। अण्डर-19 राजस्थान टीम की घोषणा हुई, जिसमें टोंक जिले के मोहम्मद साद अली खान का 16 सदस्यों में चयन हुआ है। टोंक जिला क्रिकेट संघ के सचिव विवेक व्यास ने बताया कि मोहम्मद साद अली खान पिछले साल भी राजस्थान अण्डर-19 कुंच बिहार ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम में चयनित हुये थे, साद अली खान अभी अण्डर-25 चैलेंजर्स ट्रॉफी में खेल रहे है तथा 5 तारीख से होने वाली अण्डर-19 कुंच बिहार ट्रॉफी के लिये टीम के साथ जुडेंगें। मोहम्मद साद के चयन पर टोंक के जिले के सभी खिलाडीयों व खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है तथा साद मोहम्मद जिला क्रिकेट संघ टोंक के कोच व कोषाध्यक्ष के बेटे है, जिन्होंने राज्य के घरेलु क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। साद अली के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण धनजानी, सचिव विवेक व्यास, कोच बैनीप्रसाद गुर्जर, अतहर अली, मोहम्मद जावेद, अजहर अली, शकील अहमद, रामजी सैनी, फुजैल अहमद, जावेद मसूद, कैलाश गर्ग, कामिल खान, विजय बहादुर एडवोकेट, राजेन्द्र कुमार बैरवा, निपुण चौहान, शफीक अहमद, रामकिषोर चांवला आदि ने बधाई दी व टोंक क्रिकेट एकेडमी में पटाखे चलाकर खुशी जाहिर की।



मो. साद अली खान।

### विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**पावटा,** (निसं)। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने बागावास अहिरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने अस्पताल में उपस्थिति पंजिका, दवाओं के स्टॉक की जांच की। वही विधायक इंद्राज गुर्जर ने औषधी भण्डार कक्ष में पहुंच कर रिकार्डो को देखा और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके बाद विधायक इंद्राज गुर्जर ने पैदल भ्रमण करके ओपीडी कक्ष, पर्ची काउण्टर पर मरीजों का हाल चाल जाना। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को बिना ड्रेस के पाए जाने पर फटकार लगाई। वहीं बागावास अहिरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई बडी खामी नहीं पाई गई। व्यवस्था में ओर अधिक ज्यादा सुधार लाने के लिए आदेश दिए। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दे रही है। जिससे आम जनमानस को सीधा लाभ मिल सके। जिससे गरीब जनता अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना सही ढंग से निशुल्क जांच करा सके। वही विधायक इंद्राज गुर्जर ने मनोहरपुर में वीर हंसराज की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में शाहपुरा के कांग्रेस प्रत्याशी मनीष यादव के साथ शिरकत करते हुए रक्तदान करने वाले युवा साथियों का मनोबल बढाया। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ गोली लगने के बाद भी सच्चाई के लिए वीरगति को प्राप्त हुए भाई वीर हंसराज हमारी यादों में सदैव जीवित रहेंगे। वही विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा विगत दिनों ग्राम कैरली में बिजली के करंट लगने से विक्रम सैनी की मृत्यु होने पर उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों को अपनी निजी आय से एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता कर सांत्वना दीं व जल्द ही सरकार से भी उचित मुआवजा जल्दी दिलवाने के लिए आश्वस्त किया।

### गोपाष्टमी पर महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई,** (निसं)। पीपलू में श्रीश्याम गौशाला में मंगलवार शाम को गोपाष्टमी पर्व अन्नकूट प्रसादी महोत्सव, महाआरती, पूजा अर्चना के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोपाष्टमी पर गायों को लापसी, चारा, गुड़ खिलाया गया। वहीं महिला मंडल की ओर से संकीर्तन किया गया। 108 दीपकों से महाआरती की गई। पंडित चिरंजीलाल दाधीच ने बताया कि गोकुल में पहली बार गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण गाय चराने पहुंचे थे। इसलिए यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता हैं। मंत्रोच्चार के साथ महिला-पुरुषों में गायों का पूजन किया गया। भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया गया। महाआरती के बाद पंगत लगाकर गौभक्तों को प्रसादी जिमाई गई। इस अवसर पर कार्यवाहक उपखंड अधिकारी नेहा चौधरी, गजल गायक डॉ. अनिल शर्मा सहित काफी संख्या में गौ भक्त मौजूद रहे।

### दामोदर गोशाला का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**निवाई,** (निसं)। श्री दामोदर गोशाला में गौशाला का 64 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसको लेकर खुले अधिवेशन का भी आयोजन किया। अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति रमेशचंद बढाया उनियारा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संत स्वामी रामचंद्र महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि आदि अनादि काल से भारतवर्ष में गाय की पूजा होती आ रही है। गाय में सभी देवी देवताओं का निवास है। सृष्टि की रचना के साथ साथ भगवान ने मानव कल्याण हेतु गाय की भी उत्पत्ति की थी। अधिवेशन के दौरान गौशाला विकास सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चाएं की गई। इस अवसर पर गोशाला अध्यक्ष शिवरतन दरगड, बृजमोहन गुप्ता, भंवरलाल अग्रवाल, राजेन्द्र टोडवाल, कैलाश अग्रवाल, बद्रीनारायण पारीक, राजमल मंगल, प्रेमचंद बोहरा, मुरारीलाल पारीक सहित कई लोग मौजूद थे।

### कैलाश यादव अध्यक्ष मनोनीत

**पावटा,** (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा पावटा की एक बैठक किशन लाल यादव गुरुजी की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में आयोजित की गई। जिसमें नई निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर कैलाश चंद यादव, संरक्षक प्रभाती लाल सराधना बनवारी लाल आर्य लक्ष्मी नारायण शर्मा, सदस्य साधुराम गुप्ता सूरजमल स्वामी शंकरलाल शर्मा रामेश्वर यादव नियुक्त किए गए। साथ ही बैठक में पेंशनर समाज द्वारा नए आगंतुक पेंशनर्स का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर किशन लाल यादव गुरुजी, कैलाश चंद यादव, प्रभाती लाल सराधना, बनवारीलाल आर्य, लक्ष्मीनारायण शर्मा, साधुराम गुप्ता, सूरजमल स्वामी, शंकर लाल शर्मा, रामेश्वर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सड़कों का शिलान्यास आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। एनएसयूआई के पूर्व श्रीमाधोपुर ब्लॉक अध्यक्ष रोहित कुमावत ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र श्रीमाधोपुर के वार्ड नंबर 6 में एक करोड़ 35 लाख की लागत से चौथमल के मकान से तुलसीराम के मकान तक व सोहनलाल खटीक के मकान से राजेंद्र कसेरा के मकान तक बनने वाली सड़कों का शिलान्यास होगा। महात्मा गांधी कॉलेज के पास स्थित श्री श्याम नर्सरी व बालाजी विहार कॉलोनी में आयोजित शिलान्यास समारोह में श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य युवा नेता बालेंदु सिंह शेखावत के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित शिलान्यास समारोह बुधवार को किया जाएगा।

### नवीन कार्यकारिणी घोषित

**निवाई,** (निसं)। पारीक समाज के अध्यक्ष श्री भागीरथ पारीक ने गोपाल महाराज के आर्शीवाद से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मनिष कैसोट ने बताया कि कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर सीताराम जोशी व मुरारीलाल सिरस वाले, उपाध्यक्ष कैलाश रामका व जयप्रकाश पारीक, मंत्री मनीष केसोट, कोषाध्यक्ष के पद पर चेतन पारीक सुरेली को मनोनित किया है। इसी प्रकार सदस्य के रूप में सत्यदेव पारीक भाया, अशोक पारीक जमात, गिर्राज पारीक शिवाड़, सुरेश पारीक बीएएड कॉलेज वाले, गोविन्द स्वरूप पारीक, गोपाल लाछड़, पवन एजेन्सी के पवन पारीक, रविप्रकाश जोशी, विश्वास पारीक, अविनाश पारीक, सुनील पारीक, धनराज पारीक, योगेन्द्र पारीक बहड़, राजेश पारीक फौजी, रघुवीर पारीक को मनोनीत किया है।

### लूट के आरोप में एक गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। निवाई-बाईपास पर स्थित बीसलपुर फिल्टर प्लांट के पास से ट्रक चालक व खलासी से नकदी व मोबाइल लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत ने बताया कि एक वर्ष पूर्व बीसलपुर फिल्टर प्लांट के पास 2 बाईकों सवार होकर आए 4-5 लोगों ने ट्रक को रूकवाकर चालक व खलासी से बीस हजार रुपये एवं दो मोबाइल लूट लिये। उन्होंने बताया कि अरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एएसआई मोहनलाल के नेतृत्व में टीम का गठन करके आरोपी मनराज गुर्जर पुत्र बजरंग गुर्जर निवासी गोठडा बौंली को गिरफ्तार कर लिया।



सेमीफाइनल स्थान के लिए मेरा पूर्वानुमान है कि ग्रुप-2 से भारत और दक्षिण अफ्रीका आगे जाएंगे। ग्रुप-1 से न्यूजीलैंड के साथ इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक होगा। फाइनल में कोई शक नहीं, भारत और न्यूज़ीलैंड को वहां होना है। - मितालीराज

पूर्व भारतीय कप्तान, टी-20 विश्वकप को लेकर।




आज का खिलाड़ी

## सात्विक साईराज



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रंकी रेड्डी मौजूदा सत्र में चिराग शेट्टी के साथ शानदार प्रदर्शन करने के पीछे का मुख्य कारण लक्ष्य के बारे में स्पष्टता, बार-बार मानसिकता पर काम करना और खेल से ब्रेक को मानते हैं। सात्विक और चिराग ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई। सोच-विचार के साथ तैयार की गई योजना और विशिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए करो या मरो के दृष्टिकोण को अपनाने से उन्हें खेल का आनंद लेने और सफलता हासिल करने में मदद मिली।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड का विजय रथ रोका, सेमीफाइनल की उम्मीदें जिन्दी रखी

// इंग्लैंड 20 रन से जीता //



ब्रिस्बेन, 1 नवंबर। इंग्लैंड ने जॉस बटलर (73) और एलेक्स हेल्स (52) के अर्द्धशतकों की मदद से न्यूज़ीलैंड को टी20 विश्व कप के सुपर-12 मुकाबले में मंगलवार को 20 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिन्दा रखा।

इंग्लैंड ने ग्रुप-1 के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 179 रन बनाये, जिसके जवाब में न्यूज़ीलैंड 159 रन ही बना सकी। न्यूज़ीलैंड को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये ग्लेन फिलिप्स ने अर्द्धशतकीय पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

फिलिप्स ने 36 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 62 रन बनाये मगर 18वें ओवर में उनके आउट होते ही कीवी टीम की उम्मीदें समाप्त हो गईं। इंग्लैंड चार मैचों में पांच अंकों के साथ अपने ग्रुप में दूसरे पायदान पर आ गई है, जबकि इतने ही अंकों वाली ऑस्ट्रेलिया (-0.30) खराब रन रेट के कारण तीसरे स्थान पर है। पांच अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद न्यूज़ीलैंड (2.23) के पास यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाने का अवसर था, लेकिन अब उसे सुपर-12 के अपने आखिरी मैच में अफगानिस्तान को हर हाल में हराना होगा। कप्तान बटलर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और हेल्स के साथ मिलकर इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। बटलर-हेल्स ने पहले विकेट के लिये 10 ओवर में 81 रन जोड़कर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में डाल दिया। हेल्स ने 40 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाकर 52 रन बनाये। उनका विकेट गिरने के बाद बटलर ने भी हाथ खोले और अपना अद्धर्शतक पूरा करते हुए 47 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों के साथ 73 रन की पारी खेली।


इंग्लैंड ने 17 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बना लिये थे, लेकिन न्यूज़ीलैंड ने आखिरी तीन ओवरों में चार विकेट चटकाते हुए रनगति पर लगाम लगाई। लोकी फर्ग्यूसन ने लायम लिविंग्सटन (20) और बेन स्टोक्स (08) को आउट किया, जबकि टिम साउदी ने हैरी ब्रूक को सात रन पर पवेलियन भेजा। सैम करेन ने आखिरी ओवर में छक्का लगाकर अपनी टीम को 179/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने 28 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों को गंवा दिया। डेवन कॉनवे (03) और ग्लेन फिलिप्स (16) के आउट होने के बाद विलियमसन और फिलिप्स की जोड़ी ने न्यूज़ीलैंड को संकट से निकालते हुए तीसरे विकेट के लिये 91 रन की साझेदारी की। विलियमसन ने 40 गेंदों पर इतने ही रन बनाये, लेकिन फिलिप्स ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 25 गेंदों में अपना अद्धर्शतक पूरा किया।

स्टोक्स ने 15वें ओवर में इस साझेदारी को तोड़ दिया, जबकि न्यूज़ीलैंड को पांच ओवरों में 57 रनों की जरूरत थी। मार्क वुड ने अगले ओवर में जेम्स नीशम को आउट करके सिर्फ तीन ही रन दिये, जबकि क्रिस वोक्स ने 17वें ओवर में पांच रन देकर डेरिल मिशेल का विकेट लिया।

फिलिप्स न्यूज़ीलैंड की आखिरी उम्मीद थे लेकिन करेन ने उन्हें 18वें ओवर में आउट कर मैच इंग्लैंड की झोली में डाल दिया। इंग्लैंड को सुपर-12 के अपने आखिरी मुकाबले में श्रीलंका का सामना करना है, जबकि न्यूज़ीलैंड का सामना आयरलैंड से होगा।

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को टी-20 विश्व कप से बाहर किया



## पांच विकेट से मात दी

ब्रिस्बेन, 1 नवंबर। श्रीलंका ने वानिंदू हसरंगा (13/3) की शानदार गेंदबाजी और धनन्जय डी सिल्वा (66) के नाबाद अद्धर्शतक की बदौलत अफगानिस्तान को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 मुकाबले में मंगलवार को पांच विकेट से मात दी। अफगानिस्तान ने ग्रुप-1 के मैच में श्रीलंका को 145 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे श्रीलंका ने 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। अफगानिस्तान चार मैचों में केवल दो अंकों के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने चार मैचों में चार अंक हासिल कर लिये हैं, लेकिन वह भी सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये अन्य नतीजों पर निर्भर हैं।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की अच्छी शुरुआत की लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज उसे भुना नहीं सके। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (28) और उस्मान ग़नी (27) ने पावरप्ले में 42 रन की साझेदारी की। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए इब्राहीम ज़ादरान ने 18 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर 22 रन बनाये, जबकि इन तीनों के अलावा कोई भी अफगान बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका।

अफगानिस्तान ने 12 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 89 रन बना लिये थे लेकिन श्रीलंका ने अंतिम ओवरों में लगातार विकेट निकालते हुए रनगति पर लगाम लगाई। अफगान टीम ने आखिरी पांच ओवरों में पांच विकेट गंवाते हुए केवल 40 रन जोड़े और 20 ओवर में 144/8 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका के लिये हसरंगा ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिये। लहिरू कुमारा ने दो जबकि कसुन रजिता और धनन्जय डी सिल्वा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिये गेंदबाजी में दमखम दिखाया और श्रीलंका पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 28 रन ही बना सकी। कुसल मेंडिस ने सातवें ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर रनगति बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन अगले ओवर में राशिद खान (31/2) ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका के दो विकेट 46 रन पर गिरने के बाद डी सिल्वा और चरिता असलंका ने 54 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की।

# हमारे पास आत्मविश्वास है क्योंकि हमारी टीम में दिग्गज खिलाड़ी है : जोस बटलर

ब्रिसबेन, 1 नवंबर। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि उनकी टीम आयरलैंड के खिलाफ मिली करारी हार के बारे में ज्यादा नहीं सोचती क्योंकि उन्हें पता है कि मौजूदा टी20 विश्व कप में वापसी करने के लिए उनके पास आत्मविश्वास और टीम है।

इंग्लैंड की टीम 26 अक्टूबर को आयरलैंड से हार के बाद दबाव में थी लेकिन उसने मंगलवार को यहां न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 20 रन से जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। बटलर ने मैच के बाद कहा, ''हमने पिछले खराब प्रदर्शन (आयरलैंड से हार) के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचा था, हमारे पास अंतिम एकादश में और टीम में दिग्गज खिलाड़ी हैं। हमने आज जो आत्मविश्वास दिखाया, वह हमारे पास था।''

उन्होंने कहा, ''हमारी बल्लेबाजी में गहराई है, मुझे लगता है कि विकेट थोड़ा मुश्किल था विशेषकर स्पिन के खिलाफ। मुझे लगता कि एलेक्स हेल्स ने अच्छा योगदान दिया। यह सब साझेदारी के बारे में है, किसी दिन वह अच्छी पारी खेलेगा और किसी दिन मेरी बारी होगी।''

बटलर को 47 गेंद में 73 रन की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, ''यह एक क्रूर टूर्नामेंट है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच में से चार जीतने के बावजूद बाहर हो गई थी। यह विश्व कप है, इसमें दबाव होगा और सबसे अच्छी टीमें ही दबाव में सफल होती हैं।'' बटलर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का उनका फैसला सही था। उन्होंने कहा, ''हम 160-165 रन को लक्ष्य बनाकर चल रहे थे लेकिन हम उससे आगे बढ़ने में कामयाब रहे। हमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता मिली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलों में हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत दर्ज की।''

बटलर ने कहा, ''आज हमारे लिए पहले बल्लेबाजी करना सही विकल्प था। पिच थोड़ी नम थी। अब सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण हमें श्रीलंका के खिलाफ (अगले मैच में) जीत हासिल करने की जरूरत है।'' न्यूज़ीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड की टीम ने बेहतर खेल दिखाया। विलियमसन ने कहा, ''इंग्लैंड ने जिस तरह से खेला उसके लिए उन्हें श्रेय जाता है। उन्होंने हमें दबाव में डाल दिया।''

उन्होंने कहा, ''उन्होंने प्रतिस्पर्धी स्कोर से अधिक रन बना लिए। हमने मुकाबले को करीबी करने का प्रयास किया लेकिन जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की उसका श्रेय उन्हें जाता है।'' विलियमसन ने पावरप्ले में आठ रन के निजी स्कोर पर बटलर का कैच टपकाया। उन्होंने कहा, ''आप ऐसा नहीं करना चाहते (बटलर का कैच छोड़ना), वह आपकी मुसीबत बढ़ाएगा। उसने बड़े मैच में शानदार पारी खेली।''

# स्पर्श जीते, भारत ने एशियाई एलीट मुक्केबाजी में जीत के साथ अभियान शुरू किया

अम्मान (जोर्डन), 1 नवंबर। स्पर्श कुमार ने एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की शुरुआत जीत के साथ करते हुए मंगलवार को पुरुष 51 किग्रा वर्ग में एकतरफा जीत दर्ज की।

स्पर्श ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में किर्गिस्तान के दिउशेबाएव नूरझिगिट को आसानी से 5-0 से हराया। पंजाब के मुक्केबाज ने पैर की तेज मूवमेंट और सटीक मुक्कों से विरोधी मुक्केबाज पर दबदबा बनाया।

स्पर्श का सामना बुधवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन साकेन बिबोसिनोव से होगा। मंगलवार को ही लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ताजिकिस्तान के शब्बोस नेगमातुलोएव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

पांच बार के एशियाई पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) के साथ-साथ सात अन्य भारतीय पुरुष मुक्केबाज अनंत (54 किग्रा), हुसामुद्दीन (57 किग्रा), एताश खान (60 किग्रा), अमित कुमार (67 किग्रा), सचिन (71 किग्रा), लक्ष्य ( 80 किग्रा) और कपिल (86 किग्रा) प्री क्वार्टर फाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गोविंद साहनी (48 किग्रा), सुमित (75 किग्रा), नवीन (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक) पहले दौर में बाई मिलने के बाद क्वार्टर फाइनल से अभियान शुरू करेंगे। महिला मुक्केबाजों में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन शनिवार को क्वार्टर फाइनल में 2016 की विश्व चैंपियन कजाखस्तान की वेलेंटीना खलजोवा के खिलाफ उतरेंगी।

अपना वजन वर्ग 69 किग्रा से बदलने वाली लवलीना यहां 75 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और दो बार की एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता कोरिया की योनजी ओह से भिड़ेंगी। अन्य महिला मुक्केबाजों में मोनिका (48 किग्रा), मीनाक्षी (52 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), प्रीति (57 किग्रा), परवीन (63 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), पूजा (70 किग्रा) और सविता (50 किग्रा) अंतिम आठ चरण के साथ अभियान शुरू करेंगी। स्वीटी (81 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा से अधिक) सीधे सेमीफाइनल में उतरेंगे। टूर्नामेंट में 27 देशों के 267 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। दुबई में आयोजित पिछले सत्र में भारतीय दल ने 16 पदक जीते थे और देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित किया था।

## शास्त्री की यंगमैन पर संघर्षपूर्ण जीत

नयी दिल्ली, 01 नवंबर। शास्त्री फुटबाल क्लब ने मंगलवार को यंगमैन एफसी को 2-0 से हराकर फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। विजेता के लिए गोंटो और उज्ज्वल ने गोल किए। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शास्त्री के गोलकीपर आनंद राजभर को आंका गया। शास्त्री की जीत का अंतर बड़ा हो सकता था लेकिन यंगमैन के गोली मयंक हुडा ने आधा दर्जन अवसरों पर सुंदर बचाव किए। विजेता टीम के मारिइस कोंटो, जीत डे और कप्तान राजीव की कोशिशों को मयंक ने नाकाम किया। सीनियर डिवीजन लीग में बुधवार को खेले जाने वाले मैचों में सीआईएसएफ को अहबाब से जबकि यूनाइटेड भारत को गढ़वाल डायमंड से खेलना है।

## दक्षिण अफ्रीका के घरेलू मैच में टी-20 विश्व रिकॉर्ड 501 रन बने

पोटचेफस्ट्रूम, 1 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टी20 टूर्नामेंट में यहां टाइटंस और नाइट्स के बीच मैच में इस प्रारूप के किसी मैच के विश्व रिकॉर्ड 501 रन बने। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर टाइटंस ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 271 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने सोमवार को सीएसए टी20 चैलेंज के इस मैच में 57 गेंद में 13 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 162 रन बनाए। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट्स ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 230 रन बनाए जिससे उसे 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2016-17 में सुपर स्मैश में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और ओटागो के बीच टी20 मैच में पिछला उच्चतम स्कोर 497 रन था।

# द्रविड़ ने राहुल पर भरोसा जताया

एडिलेड, 1 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने अपने हमनाम सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की खराब फॉर्म के बावजूद उन पर भरोसा जताया है। द्रविड़ ने बंगलादेश के खिलाफ मुकाबले से पहले मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, इन (कठिन) परिस्थितियों में, शायद हम उन्हें थोड़ा समय दे सकें। हम उनका पूरा समर्थन करते हैं, हमें उनकी कोई चिंता नहीं है। हम जानते हैं कि जब वह अच्छा खेलते हैं तो क्या प्रभाव डाल सकते हैं। मैंने इसे कुछ हफ़्ते पहले ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष-श्रेणी गेंदबाजी के खिलाफ देखा है। मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि हमारे लिए कौन ओपनिंग करने वाला है।

टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में राहुल का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अपनी तीन पारियों में कुल 22 रन बनाये हैं। राहुल ने टूर्नामेंट में आने से पहले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्म-अप मैच में भी 57 रन बनाये थे, लेकिन बड़े मंच पर वह अपने प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सके हैं।

कोच द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने अच्छे प्रदर्शन से खुद को साबित किया है। मुझे लगता है कि वह शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। ये चीजें 20-20 ओवर के खेल में हो सकती हैं। सलामी बल्लेबाजों के लिये यह टूर्नामेंट ऐसे भी चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा, बस उम्मीद है कि अगले तीन-चार मैचों में यह चीजें हमारे हित में काम करेंगी। हम उनकी गुणवत्ता और क्षमता को जानते हैं, इस तरह की परिस्थितियों और पिचें उनको जचती हैं। उनका बैक-फुट गेम इन परिस्थितियों में बहुत जरूरी है। नेट में उनके प्रदर्शन से हम काफी आश्वस्त और खुश हैं।

## एशियाई महाद्वीपीय शतरंज : ओपन वर्ग में चार खिलाड़ियों को संयुक्त बढ़त

नयी दिल्ली, 1 नवंबर। शीर्ष वरीय भारतीय ठौंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप के सातवें दौर के मैराथन मुकाबले में हमवतन कार्तिकेयन मुरली को हराकर 5.5 अंक से तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने कार्तिकेयन के खिलाफ 137 चाल में जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर हर्ष भरतकोटि ने हमवतन भारतीय ठौंडमास्टर एसएल नारायणन को बराबरी पर रोका। हर्ष के 5.5 अंक हैं। प्रज्ञानंदा और हर्ष के अलावा भारत के ही कौस्तव चटर्जी भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जिन्होंने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अरविंद चिदंबरम को हराकर उलटफेर किया। उज्बेकिस्तान के शैम्स वोखिदोव भी भारत के एसपी सेतुरमन को हराकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए।

# कार्तिक पर फैसल मैच से पहले किया जाएगा : राहुल द्रविड़

एडिलेड, 1 नवंबर। दिनेश कार्तिक का अंतिम एकादश में स्थान खतरे में दिख रहा है और उन्होंने मंगलवार को यहां इंडोर अभ्यास सत्र में जमकर विकेटकीपिंग की लेकिन वह पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे थे। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कार्तिक को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच से पहले किया जाएगा। कार्तिक ने अभी तक जिन दो मैचों में बल्लेबाजी की है उनमें उन्होंने एक और छह रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ में खेले गए मैच के दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे।

ऋषभ पंत ने अभ्यास नहीं किया और जिन खिलाड़ियों की अंतिम एकादश में जगह सुरक्षित है उनमें से भी अधिकतर मैच की पूर्व संध्या पर अभ्यास के लिए नहीं आए। द्रविड़ ने अभ्यास से पहले संवाददाताओं से कहा,'' वह ( कार्तिक) आज अच्छी स्थिति में दिख रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि वह बाउंसर को रोकने के प्रयास में चोटिल हो गया।''

उन्होंने कहा, ''उपचार के बाद आज सुबह वह काफी अच्छी स्थिति में लग रहा था। हम उसकी चोट का आकलन कर रहे हैं और आज अच्छे अभ्यास सत्र के बाद वह कल सुबह कैसी स्थिति में होते हैं यह देखना होगा। अंतिम फैसला कल किया जाएगा।''

द्रविड़ जब से मुख्य कोच बने हैं तब से अगर वह किसी खिलाड़ी की उपलब्धता को लेकर सुनिश्चित नहीं होते तो इसका मतलब होता है कि उसे अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावन कम है। विकेटकीपिंग का अभ्यास करते समय कार्तिक सहज नहीं दिखे और कुछ अवसरों पर उन्हें गेंद संभालने में दिक्कत हुई। संभवत अपना आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे कार्तिक को फिनिशर की भूमिका में टीम में चुना गया लेकिन ऑस्ट्रेलिया की तेज और उछाल भरी पिचों पर अभी तक वह संघर्ष करते नजर आए हैं।

द्रविड़ ने उनका बचाव करते हुए कहा, ''कार्तिक जैसे खिलाड़ी का आकलन करना मुश्किल है। उनको बहुत अधिक बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने आखिरी क्षणों में केवल एक गेंद खेली और नीदरलैंड के खिलाफ उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने सूर्यकुमार के साथ अच्छी साझेदारी निभाई।'' सूर्यकुमार के साथ 52 रन की साझेदारी में कार्तिक का योगदान छह रन का था।

विश्व कप के दौरान विराट कोहली बमुश्किल ही अभ्यास सत्र छोड़ते हैं तथा यहां भी वह केएल राहुल, कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन के साथ इंडोर अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे थे। उन्होंने थोड़े समय तक बल्लेबाजी की लेकिन इसके बाद राहुल की बल्लेबाजी पर करीबी नजर रखी। इसके बाद उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ के साथ ही पर्याप्त समय बिताया।

# भारत के खिलाफ करना चाहते है उलटफेर : शाकिब

एडिलेड, 1 नवंबर। बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा है कि वह भारत की तरह विश्व कप जीतने के प्रबल दावेदार नहीं हैं इसलिये रोहित शर्मा की टीम के खिलाफ वह बिना किसी दबाव के खेलेंगे और बड़ा उलटफेर करने का प्रयास करेंगे। शाकिब ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अगले दो मैचों (भारत और पाकिस्तान के खिलाफ) में अच्छा खेलना चाहते हैं, इसलिए यदि हम उनमें से एक मैच को जीत जाते हैं, तो यह एक बड़े उलटफेर के रूप में गिना जाएगा। हमें यह उलटफेर करने में खुशी होगी। दोनों टीमें हमसे बेहतर हैं। अगर हम अच्छा खेलते हैं और वह हमारा दिन हुआ तो हम क्यों नहीं जीत सकते? हमने आयरलैंड को इंग्लैंड को हराते हुए देखा है और जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को हराया है। इस विश्व कप में एक ऐसा ही नतीजा हमारी टीम के लिए खुशी की बात होगी। बंगलादेश के कप्तान ने कहा, भारत खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। वे यहां विश्व कप जीतने के लिए आए हैं। हम दावेदार नहीं हैं, हम यहां विश्व कप जीतने के लिए नहीं आए हैं। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि अगर हम भारत के खिलाफ जीतते हैं, इसे बड़ा उलटफेर कहा जाएगा। हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे। टी20 विश्व कप जैसे बड़े मंच पर शाकिब के शब्दों ने बंगलादेश क्रिकेट टीम के प्रशंसकों का ढांढस नहीं बंधाया होगा, लेकिन यह बात काफी हद तक सच भी है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत ने 10 बार बंगलादेश को हराया है, जबकि बंगलादेश केवल एक बार भारत से जीती है। एडिलेड ओवल में भी जहां भारत ने 29 मैच खेले हैं, वहीं बंगलादेश केवल एक बार इस मैदान का अनुभव ले सकी है। शाकिब ने कहा, भारत ने इस मैदान में सभी प्रारूपों में बहुत सारे मैच खेले हैं। अपनी टीम से केवल तस्कीन और मैं यहां खेले हैं। ज़ाहिर है कि हमारा अनुभव भारतीय टीम के बराबर नहीं है। हम टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने के लिए अपना शत-प्रतिशत देंगे। शाकिब ने कहा, भारत ने अपने सभी मैचों में टीमों को 160 से नीचे रोका है। हमें 160-170 प्राप्त करने के लिए वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। हमें भारत की गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा खेलना होगा। उनके पास कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। शाकिब ने करीबी मैच जीतने के लिये अपनी टीम की प्रशंसा भी की। बंगलादेश ने अपने पिछले मैच में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ तीन रन से जीत दर्ज की, जबकि अपने पहले मैच में उन्होंने नीदरलैंड को नौ रन से हराया था। शाकिब ने कहा, ज्यादातर टी20 मैच आखिरी दो ओवरों में तय होते हैं। हौसला बनाए रखना जरूरी है। हमने पिछले कुछ दिनों में काफी करीबी मैच गंवाए थे। हम कुछ करीबी मैच जीतकर इसमें सुधार कर रहे हैं। बंगलादेश ने एडिलेड ओवल पर अपना आखिरी मुकाबला विश्व कप 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था जहां उन्हें 15 रन से जीत मिली थी। शाकिब को उम्मीद है कि सात साल पहले मिली जीत उन्हें दोबारा एक बड़ा उलटफेर करने के लिये प्रेरित कर सकती है।



*गाज़ा के एक खेत में टाइल मोज़ैक का एक फर्श मिला है, जिस पर खूबसूरत पक्षी व अन्य जानवर चित्रित हैं। यह इतनी अच्छी स्थिति में है मानो हाल ही में मिट्टी में दबाया गया हो। जैतून की खेती करने वाले किसान, सलमान अल नबाहिन जब बुरेजी रिफ्यूजी कैम्प में जैतून के नए पौधे लगा रहे थे तब उन्हें और उनके पुत्र को यह प्राचीन अवशेष मिला। समझा जाता है कि, यह बायज़ैंटाइन काल का है। असल में कुछ नए पौधे जड़ नहीं पकड़ रहे थे इसलिए जब सलमान और उनके पुत्र ने जमीन खोदनी शुरु की, तब उनके औजार किसी कठोर सतह से टकराए। खोज करने पर उन्हें मोज़ैक का यह फर्श मिला। कोई पुरातत्व विशेषज्ञ आकर देख पाता इससे पहले ही नबाहिन व उनके पुत्र ने इंटरनैट पर खोज शुरु की और मोज़ैक के स्टाइल के आधार पर पता लगाया कि यह संभवतया बायज़ैंटाइन काल का है। बायज़ैंटाइन साम्राज्य रोमन साम्राज्य का पूर्वी भाग था। बायज़ैंटाइन उन कई संस्कृतियों में से एक है, जिसने सदियों तक फिलिस्तीन क्षेत्र पर नियंत्रण रखा। इसके अलावा प्राचीन रोम, मिस्र, ऑटोमन क्रूसेडर स्टेट और बाइबिल कालीन फिलिस्तीन का भी इस क्षेत्र पर प्रभाव था।*

# हिन्दुस्तान ने रूस के फैसले पर गम्भीर चिंता जताई

## रूस ने घोषणा की है कि, वह संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में यूक्रेन के साथ हुये अनाज निर्यात समझौते के क्रियान्वयन को तत्काल निलंबित करेगा

- **हिन्दुस्तान ने कहा कि, रूस के एक फैसले के कारण पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे दुनिया के कई देशों के लिए भुखमरी का गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है।**

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे दुनिया के कई देशों पर रूस के एक फैसले से भुखमरी का खतरा और बढ़ गया है। रूस ने शनिवार को कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से हुए अनाज निर्यात समझौते के क्रियान्वयन को तत्काल निलंबित करेगा। इस समझौते की वजह से यूक्रेन से नौ करोड़ टन से अधिक अनाज का निर्यात हुआ था और वैश्विक स्तर पर खाद्य कीमतों में कमी आई थी। लेकिन अब रूस के फैसले से चिंताएं एक बार फिर से बढ़ने लगी हैं। भारत जैसे मित्र देश ने भी रूस के इस कदम पर चिंता व्यक्त की है।

भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से हुए काला सागर अनाज समझौते को निलंबित किए जाने से दुनिया के सामने मौजूद खाद्य सुरक्षा, ईंधन और उर्वरक की आपूर्ति संबंधी चुनौतियां और बढ़ने की आशंका है। इस समझौते के तहत रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन से खाद्य सामग्री का निर्यात किया जा रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर आर. मधुसूदन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयासों के परिणामस्वरूप हुए अनाज समझौते का उद्देश्य वैश्विक खाद्य संकट को टालना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

काला सागर अनाज समझौते पर सोमवार को सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग के दौरान मधुसूदन ने कहा, "काला सागर अनाज समझौते और पक्षों के बीच सहयोग ने अब तक यूक्रेन में शांति के लिए आशा की एक किरण पैदा की थी...हमारा मानना है कि काला सागर अनाज समझौते के निलंबन से दुनिया और विशेष रूप से दक्षिणी हिस्से के सामने खाद्य सुरक्षा, ईंधन और उर्वरक आपूर्ति चुनौतियां और बढ़ने की आशंका है।" उन्होंने कहा कि भारत "यूक्रेन व रूस से खाद्य एवं उर्वरक के निर्यात की सुविधा शुरू करने और समझौते को नया रूप देकर उसके पूर्ण कार्यान्वयन" की संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की अपील का समर्थन करता है।

रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप में स्थित यूक्रेन के बंदरगाह सेवस्तोपोल में अपने जहाजों पर हमले का हवाला देते हुए शनिवार को समझौता निलंबित करने की घोषणा की थी। गुतारेस ने कहा था कि वह काला सागर अनाज समझौते के संबंध में मौजूदा स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चेतावनी दी कि यूक्रेन के अनाज का निर्यात करने के समझौते को रूस द्वारा निलंबित करने से वैश्विक भुखमरी बढ़ेगी। डेलवेयर के विल्मिंगटन में बाइडन ने कहा, "यह वाकई अपमानजनक है। वे क्या कर रहे हैं, उसका कोई मतलब नहीं है।" रूस ने घोषणा की थी कि वह समझौते के क्रियान्वयन को तत्काल रोक देगा। उसने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने शनिवार को रूस के काला सागर बेड़े के जहाजों पर ड्रोन से हमला किया था।

## 'ठगों की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह पार्टी धोखेबाजों और रिकवरी करने वालों की है।

पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि एक मनी लॉड्रिंग केस में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद धोखेबाज ने "आप" को प्रोटैक्शन मनी के रूप में 10 करोड़ रूपए देने और उसे राज्य सभा सदस्य बनाने के लिए अन्य 50 करोड़ रूपए देने का खुलासा किया है।

उसने दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर को लिखा कि चन्द्रशेखर और दिल्ली के मंत्री सत्येन्द्र जैन तिहाड़ जेल में हैं और आपस में अच्छे मित्र है। वे यह दबाव बना रहे है कि उसने आप को जो पैसा दिया है, उसे सार्वजनिक ना किया जाए।

डा. पात्रा ने कहा कि दिल्ली में आप की क्राइम सिण्डीकेट सरकार चला रही है। इसमें एक तो जेल के भीतर है और दूसरी जेल के बाहर।

उन्होंने कहा कि धोखेबाज सुकेश ने लैफ्टिनैंट गवर्नर को लिखे पत्र में खुलासा किया है कि दिल्ली के मंत्री सत्येन्द्र जैन वर्ष 2015 से उसके मित्र हैं और जैन ने उसे आप का राज्यसभा सदस्य बनाने का वादा किया था। उसने स्वयं को दक्षिण भारत के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित करवाने को लेकर "आप" को 50 करोड़ का डोनेशन भी दिया था।

यह दावा करते हुए कि तत्कालीन जेल मंत्री जैन ने उससे मुलाकात करने के लिए तिहाड़ का कई बार दौरा किया और जेल परिसर के भीतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वर्ष 2019 में उससे प्रोटैक्शन मनी भी ली। सुकेश ने दावा किया कि उसने 2 करोड़ की मंथली इन्स्टॉलमैंन्ट के रूप में "आप" को 10 करोड़ रूपए दिए थे। उसने जैन पर यह आरोप भी लगाया कि उनके कहने पर डायरैक्टोरेट जनरल ऑफ जेल ने उसे धमकियां दी।

दिल्ली में लैफ्टिनैंट गवर्नर द्वारा योगा ट्रेनिंग रोकने को लेकर भी उसने अरविंद केजरीवाल का उपहास करते हुए कहा कि वास्तविकता में केजरीवाल एक ही योग आसन जानते है और वह है "भ्रष्टाचार आसन"।

## सुप्रीम कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जरूरतें पूर्ण किए जाने के बाद डेढ़ वर्ष पूर्व लिस्टिंग के लिए तैयार था।

जब यह तथ्य सामने आया कि मंगलवार को लिस्ट हुआ प्रकरण डेढ़ साल से ब्लॉक करके रखा हुआ था तो चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित ने अपनी खुद की रजिस्ट्री के लिए ही नोटिस जारी किया।

बैंच की अन्य जज बेला एम. त्रिवेदी थी। नोटिस में रजिस्ट्री को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपना स्पष्टीकरण देने के साथ ही इस प्रकरण को लिस्ट करने में हुए दीर्घकालीन विलम्ब के कारण भी बताए।

कोर्ट ने रजिस्ट्री को यह भी निर्देश दिया कि वह उन मामलों की भी लिस्ट प्रस्तुत करे जो लिस्टिंग के लिए तैयार हैं लेकिन कोर्ट की सुनवाई के लिए लिस्ट नहीं है। कोर्ट ने रजिस्ट्री से कहा कि वह यह बताए कि ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई और इसके सुधार के क्या कदम उठाए गए या उठाए जा रहे हैं।

यह प्रकरण जिसने सुप्रीम कोर्ट को आक्रोशित किया, उसका संबंध उस मामले से है जो फिलहाल आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में चल रहा है।

# अजमेर दरगाह में अवैध व्यावसायिक निमाणों पर हाई कोर्ट ने सख्त आदेश दिये

## आदेश के अनुसार नगर निगम को कहा गया है कि, दरगाह शरीफ में बनी इन "अनाधिकृत दुकानों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें"

- **जहाँ अनाधिकृत दुकानों का निर्माण हुआ है, वहां निगम ने केवल जनसुविधाओं के लिए नक्शा पास किया था।**
- **पुरानी जनसुविधायें सन् 1917 में निर्मित हुई थीं, जिन्हें तोड़ दिया गया था और फिर 2017 में निगम ने नई जन सुविधायें बनाने का नक्शा पास किया था।**
- **परंतु दरगाह दीवान ने एक प्राइवेट पार्टी से उक्त स्थान पर व्यावसायिक दुकानें बनाने का अनुबंधन कर लिया।**

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 1 नवंबर। अजमेर दरगाह शरीफ परिसर के अंदर 16 खंभा क्षेत्र में अवैध रूप से बनाई जा रही दुकानों पर रोक लगाने के संबंध में दायर जनहित याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और अनूप कुमार ढंढ की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई की गई।

अदालत ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि अजमेर दरगाह शरीफ के पूरे क्षेत्र में स्थानीय निकाय की स्वीकृति के बगैर कोई भी व्यसायिक गतिविधि नहीं की जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने यह भी आदेश दिये कि निकाय इस जगह का फिर से सर्वे करे और अवैध रूप से बनाई जा रही दुकानों पर कानून के अनुसार कार्रवाई करे।

इस मामले में सैयद काज़मी चिश्ती द्वारा जनहित याचिका दायर की गई थी और याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी के लिये अधिवक्ता आशीष सक्सैना पेश हुए थे।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता आशीष सक्सैना ने अदालत को बताया कि दरगाह परिसर में 1917 में फैसिलिटी एरिया बनाया गया था परंतु कई वर्षो से जर्जर हालत में होने के कारण निकाय ने पहले तो इस फैसिलिटी एरिया में निर्मित शौचालयों के उपयोग पर रोक लगाई फिर वर्ष 2017 में 30 से 40 नये शौचालयों और एक वेटिंग रुम का निर्माण करने की योजना पारित की।

बहस के दौरान आशीष सक्सैना ने बताया कि प्राप्त दस्तावेजों से साबित होता है कि दरगाह दीवान ने एक प्राईवेट पार्टी के साथ एम.ओ.यू. किया था, जिसके तहत फैसिलिटी एरिया के ग्राउंड फ्लोर पर कुछ दुकानों का भी निर्माण किया गया है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि 27 मार्च 2017 में निगम ने जिस फैसिलिटी एरिया के प्लान को स्वीकृति दी थी, उनमें दुकानों का विवरण ही नहीं है।

बहस के दौरान अदालत के समक्ष यह तथ्य भी रखे गये कि दरगाह दीवान ने फैसिलिटी एरिया को स्वयं की संपत्ति बताया है, और दरगाह कमेटी का इस क्षेत्र पर कोई अधिकार नहीं है।

अधिवक्ता आशीष सक्सैना ने अदालत के समक्ष निकाय के एक सर्वे की नोटिंग भी प्रस्तुत की जिसमें जे.ई.एन. और एक्स.ई.एन. ने यह बताया है कि मौके पर चार से पांच दुकानों का निर्माण किया गया है।

अदालत ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा कि दरगाह के पूरे क्षेत्र पर दरगाह कमेटी का अधिकार है और वहीं किसी प्रोजेक्ट का प्रस्ताव कर सकती है। अदालत ने यह भी आदेश दिये कि निकाय इस क्षेत्र का फिर से सर्वे करे और अगर यह पाया जाए कि वहां पर कॉमर्शियल दुकानें चल रहीं हैं, तो कानून के अनुसार कार्रवाई करे।

## यूक्रेन ने रूस को अब तक का सबसे बड़ा झटका दिया

- **यूक्रेन ने 24 घंटे में रूस के एक हजार से ज्यादा सैनिक मार दिये हैं।**

लंदन, 1 नवम्बर (वार्ता)। यूक्रेन में पिछले 24 घंटे के दौरान रूस के एक हजार से ज्यादा सैनिक मारे गए हैं, जो रूस के लिए अब तक का सबसे बड़ा नुकसान और झटका है। समाचार पत्र 'द सन' ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

यूक्रेन ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में रूस के करीब एक हजार सैनिक मारे गए है जो कि रूस के लिए अब तक का सबसे जबरदस्त झटका है।

समाचार पत्र के अनुसार युद्धग्रस्त देश यूक्रेन लगातार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना को पीछे धकेल रहा है और ताजा रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की सेना ने रूस के सैकड़ों सैनिकों का सफाया किया है। यूक्रेन का दावा है कि रविवार को उसने रूस के 950 को मार गिराया है।

गौरतलब है कि आठ महीने पहले शुरू हुए हमलों में यह एक दिन में सबसे ज्यादा सैनिकों के मारे जाने की घटना है।

इसके साथ ही अभी तक मारे गए रूसी सैनिकों की कुल संख्या 71,200 तक पहुंच गयी है।

## तीन नवम्बर को...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हुआ। इसमें कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। टी.आर.एस. के मंत्री के.टी. रामाराव ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सहानुभूति पाने के लिए भाजपा ने खुद पर ही हमले का षडयंत्र रचा। लेकिन जनता ने उनका खेल समझ लिया है। ट

इसी बीच चुनाव आयोग ने हिंसक घटनाओं को गंभीरता से लिया तथा वहां मौजूद अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने बाहरी लोगों, जो इस चुनाव में वोट नहीं डालेंगे, से शहर छोड़ने को कहा है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी विकास राज ने मीडिया को गैर मतदाताओं को चुनाव क्षेत्र छोड़ने का आदेश दिए जाने की जानकारी दी।

यहां तीन नवम्बर को मतदान होना है, नतीजे 6 नवम्बर को घोषित होंगे।

चुनाव प्रचार के अंतिम राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री के पुत्र के.टी. रामाराव ने तीव्र प्रचार किया उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री पर निशाना साधा कि "जिस व्यक्ति ने एल.पी.जी. के दाम एक हजार से भी ज्यादा कर दिए हों और जो पैट्रोल 100 रुपए लीटर पर बेचता हो क्या आप उसे वोट देंगे। एकदम ठेठ तेलुगू में बोलते हुए उन्होंने तेलुगू फिल्मों के कई डायलॉग बोले और लोगों से कहा कि वोट देने में बहुत सावधानी बरतें।"

एक सीट से टी.आर.एस. और भाजपा किसी पर फर्क नहीं पड़ेगा। पर दोनों पार्टियों ने इसे जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया है क्योंकि उम्मीद है कि इससे अगले वर्ष होने वाले चुनाव की दिशा तय होगी। भाजपा इस जीत को राज्य में अपने लिए संभावनाओं के रुप में देख रही है।

भाजपा नेता केन्द्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने यकीन दिलाया कि पार्टी ना केवल मुनुगोडे सीट जीतेगी बल्कि उसके बाद अगले चुनाव में टी.आर.एस. सरकार को भी उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि टी.आर.एस. का उपचुनाव में हार का डर सता रहा है इसलिए वे हिंसा का सहारा ले रहे है ताकि भाजपा को रोक सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस भी टी.आर.एस. से मिली हुई है।

स्वतंत्र पर्यवेक्षकों ने टी.आर.एस. की आसान जीत का दावा किया हालांकि कांग्रेस से भाजपा में गए मौजूदा भाजपा प्रत्याशी भी क्षेत्र के कद्दावर नेता है। इसलिए कांग्रेसी भी उन्हें हराने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# ताईवान के लिए अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया में छः परमाणु बॉम्बर्स तैनात किये

- **एटॉमिक बॉम्बर्स तैनात करके अमेरिका ने चीन को बहुत ही कड़ा संदेश दे दिया है कि, अगर ताईवान में चीन कोई भी चालाकी करता है तो, अमेरिका तुरंत ही अपनी युद्धक प्रतिक्रिया देगा।**
- **अमेरिका के इस कदम से चीन आगबबूला हो गया है और आरोप लगाया है कि, अमेरिका के इस कदम से हमारे क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा होगी।**

सिडनी, 1 नवम्बर। अमेरिका उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में एक एयरबेस पर छह परमाणु-सक्षम बी -52 बॉम्बर्स भेजने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी दस्तावेजों का हवाला देते हुए, स्थानीय ब्रॉडकास्टर एबीसी ने बताया कि वॉशिंगटन ने ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में डार्विन शहर से लगभग 300 किमी दक्षिण में टिंडल एयर बेस पर विमान के लिए समर्पित सुविधाओं के निर्माण के लिए विस्तृत योजना तैयार की थी। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन अमेरिकी वायु सेना ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में बॉम्बर्स तैनात करना हमारे विरोधियों को एक मजबूत संदेश भेजता है। अमेरिका के इस कदम से चीन भड़क गया है।

एक्सपर्ट्स ने बताया कि यह कदम चीन के लिए एक चेतावनी है, क्योंकि ऐसी आशंका है कि चीन ताइवान पर आक्रमण कर सकता है। ऐसे में यदि ताइवान में चीन कोई भी चालाकी करने की कोशिश करता है तो फिर अमेरिका इन बॉम्बर्स के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दे सकता है। सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी के बेक्का वासेर ने कहा, "चीन की मुख्य भूमि पर संभावित रूप से हमला करने वाले बॉम्बर्स विमान चीन को एक संकेत भेजने में बहुत महत्वपूर्ण हो सकते हैं यदि चीन ताइवान पर कुछ आगे कार्रवाई करता है तो। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के साथ तनाव ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण डिफेंस सेंटर बना दिया है और इस क्षेत्र में अपनी सैन्य संपत्ति को अपग्रेड करने के लिए 1 अरब डॉलर खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विमान निर्माता के अनुसार, बोइंग द्वारा डिजाइन और निर्मित बी-52 अमेरिकी की लिस्ट में सबसे अधिक लड़ाकू-सक्षम बॉम्बर्स हैं। लंबी दूरी के भारी बॉम्बर्स अमेरिकी वायु सेना की रीढ़ रहे हैं और परमाणु व पारंपरिक दोनों हथियारों को तैनात करने में सक्षम हैं। एबीसी ने अमेरिकी वायुसेना के हवाले से कहा कि बॉम्बर्स की मेजबानी करने और संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास करने की ऑस्ट्रेलिया की क्षमता दिखाती है कि हमारी दो वायुसेनाएं कितनी एकीकृत हैं।

वहीं, इससे संबंधित पूछे गए एक सवाल में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाने के लिए नहीं है।

## ई.वी.एम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है।" एटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने भी याचिका का विरोध तथा कहा कि व्यक्ति अपनी पसंद ई.वी.एम. तक पहुंचने से पहले ही तय कर लेता है। "चुनाव चिन्ह की जगह फोटो लगाने की मांग करने वाली याचिका से मैं सहमत नहीं हूँ। चुनाव चिन्ह राजनैतिक दलों की पहचान होते हैं।"

दिल्ली के वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने यह याचिका दायर की और ई.वी.एम. पर पार्टी के निशान के इस्तेमाल को अवैध, असंवैधानिक तथा संविधान के अनुच्छे 14,15 व 21 का उल्लंघन करार देने की घोषणा करने के लिए निर्देश मांगा। याचिका का कहना है भ्रष्टाचार व राजनीति के अपराधिकरण को हटाने का एक ही तरीका है कि मत पत्र और ई.वी.एम. से पार्टी का निशान हटाकर प्रत्याशी का नाम उम्र व शैक्षणिक योग्यता लिखी जाए। याचिका कहती है कि पार्टी चिन्ह के बिना मतपत्र व ई.वी.एम. होने से मतदाताओं को ईमानदार व योग्य प्रत्याशियों को चुनने में मदद मिलेगी।

# वॉट्सऐप ने दो महीने में भारत में 49 लाख अकाउन्ट बैन किये

- **वॉट्सऐप ने इसके पीछे नये आई.टी. रूल्स का हवाला दिया है तथा कहा है कि, जांच में ये अकाउन्ट्स आपत्तिजनक कन्टैंट का प्रसार करते हुये पाये गये हैं।**
- **गौरतलब है कि, वॉट्सऐप भारत में एक सबसे अधिक लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म में से एक है, जिसके देशभर में लगभग 50 करोड़ से अधिक यूज़र्स हैं।**

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। वॉट्सऐप के स्वामित्व वाली कंपनी मैटा ने भारत में 26 लाख से अधिक आपत्तिजनक अकाउन्ट्स को बैन कर दिया है। मंगलवार को इसके बारे में जानकारी देते हुए कंपनी ने आई.टी. नियम 2021 का हवाला दिया है। ये वो लोग हैं जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत कंटैंट अपलोड एवं प्रसारित किये थे, कंपनी ने सितम्बर के महीने में इन लोगों की मॉनिटरिंग की थी और जांच में पाया गया कि, ये अकाउन्ट बैन किये जाने योग्य हैं।

गौरतलब है कि, वॉट्सऐप भारत में एक सबसे अधिक लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म में से एक है, जिसके देशभर में लगभग 50 करोड़ से अधिक यूजर्स हैं, भारत में सितंबर में 666 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुई और 23 शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई थी। कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "आई.टी. नियम 2021 के अनुसार, हमने सितंबर 2022 के महीने की रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस यूजर-सेफ्टी रिपोर्ट में प्राप्त शिकायतों और व्हाट्सएप द्वारा की गई संबंधित कार्रवाई का विवरण है, साथ ही, इसमें हमारे प्लेटफॉर्म पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई भी शामिल हैं।"

प्लेटफॉर्म ने अगस्त में भारत में 23 लाख से अधिक अकाउंट पर प्रतिबंध लगाया था। नए आई.टी. नियम 2021 के तहत प्रमुख डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जिसमें पांच मिलियन से अधिक यूजर्स हैं, उन्हें मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होती है।

इस बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और आई.टी. मंत्रालय ने डिजिटल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से कुछ संशोधनों को अधिसूचित किया है। वर्तमान में सोशल मीडिया मध्यस्थों को केवल यूजर्स को गलत कंटेट की कुछ कैटेगिरीज को अपलोड नहीं करने के बारे में सूचित करने की आवश्यकता होती है। यूजर्स को ऐसे कंटेट अपलोड करने से रोकने के लिए उचित प्रयास करना मध्यस्थों का एक कानूनी दायित्व हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि, भारतीय नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है।

मंत्रालय द्वारा सभी स्टेकहॉल्डर्स को शामिल करते हुए एक विस्तृत सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया का पालन करने के बाद संशोधनों को अधिसूचित किया गया था।

# रेलवे को इस साल बम्पर कमाई हुई

- **रेलवे की आय में 17 प्र.श. की बढ़ोतरी हुई।**

नई दिल्ली, 1 नवम्बर। रेलवे की माल ढुलाई से आय चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत तक बढ़ गई। रेलवे ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

रेलवे ने बयान में कहा कि अप्रैल-अक्टूबर, 2022 के दौरान उसने माल ढुलाई से कुल 92,345 करोड़ रुपये अर्जित किए जो एक साल पहले के 78,921 करोड़ रुपये की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले रेलवे की माल ढुलाई भी करीब नौ प्रतिशत बढ़ गई।

वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में रेलवे ने कुल 85.56 करोड़ टन वजन की ढुलाई की जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 78.62 करोड़ टन था। वहीं मासिक आधार पर अक्टूबर में रेलवे ने 11.89 करोड़ टन माल की ढुलाई की जो अक्टूबर, 2021 में 11.73 करोड़ टन थी। इस तरह अक्टूबर के महीने में माल ढुलाई में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले महीने में रेलवे ने माल ढुलाई से 13,353 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया जो एक साल पहले के 12,313 करोड़ रुपये की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक है। रेलवे ने इसका श्रेय हंग्री फॉर कार्गो योजना को देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धी दरों पर मालवहन सुविधा देने के लिए कई बदलाव किए गए हैं।

# फिल्म स्टार चिरंजीवी एक बार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रभावहीन हो गए। आंध्र प्रदेश में उनके छोटे भाई पवन कल्याण जो फिल्म स्टार भी हैं, ने भी "जन सेना" नामक अपनी पार्टी बनाई।

यह पार्टी कभी भाजपा के साथ मेल-जोल रखती दिखाई देती है तो कभी-कभार तेलुगूदेशम के साथ।

यही कारण है कि आंध्र प्रदेश में चिरंजीवी की राजनैतिक योजनाओं की चर्चा करना दिलचस्पी भरा है, क्योंकि आंध्र में इस समय वाई.एस.आर. के पुत्र जगन मोहन रेड्डी का शासन है। जिनकी राज्य पर जबरदस्त पकड़ है तथा राज्य की राजनीति में उनका दबदबा है। आंध्र के विधानसभा चुनाव, 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही होंगे तथा यहाँ से 25 सांसदों की अच्छी-खासी संख्या लोकसभा में जाती है। जहाँ तक संसद का संबंध है, वाई.एस.आर. वहाँ एन.डी.ए. सरकार का समर्थन करती है लेकिन आंध्र प्रदेश में यह क्षेत्रीय दल विस्तारवादी भाजपा का अनुमोदन नहीं करती हैं।

चिरंजीवी की पूर्ववर्ती पार्टी पी.आर.पी. के सदस्य अब अलग-अलग पार्टियों में पहुँच गये हैं। ये सभी लोग मंदिर-नगरी तिरुपति में इकट्ठे हुये तथा इन्होंने अपने सुपर स्टार तथा राजनैतिक गुरु से आग्रह किया कि वे राजनीति में वापस आ जायें। यह फिल्म स्टार स्वयं भी ऐसी चर्चा करते आ रहे हैं जिनसे उनके एक बार फिर सक्रिय राजनीति में आने के संकेत मिल रहे हैं। उनकी पार्टी के पुराने साथियों तथा उनके निकटस्थ सूत्रों का कहना है कि "उनका आशीर्वाद सदैव ही अपने छोटे भाई तथा उनकी राजनैतिक पार्टी "जन सेना" के साथ है।

दरअसल, जन सेना पी.आर.पी. से ही बनी थी तथा उनके समर्थकों, जिनकी उत्कट इच्छा है कि चिरंजीवी सक्रिय राजनीति में फिर से उतरें का मानना है कि जन सेना बड़े भाई के जीवन एवं दौर से पूरी तरह प्रेरित-प्रभावित है। फिल्म स्टार स्वयं ऐसे कूट संकेत देकर संतुष्टि का अनुभव करते हैं, जिनका अर्थ यह लगाया जा सकता है कि उनका इरादा फिर से सक्रिय राजनीति में आने का है। उन्होंने कहा है, "मैं तो राजनीति से बाहर या दूर ही नजर आ सकता हूँ लेकिन आप मेरे अन्दर से राजनीति को बाहर नहीं कर सकते।" यह बात चिरंजीवी ने हाल ही में राजनैतिक क्षेत्र के अपने समर्थकां की भीड़ को संबोधित करते हुये कही थी, जिसका उनके समर्थकों ने स्वागत किया था तथा इसे उनके एक बार से राजनीति के मैदान में प्रवेश करने का एक स्पष्ट संकेत माना था।

## सरकार ने अपना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस्तेमाल करके ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गत अप्रैल माह में यू-ट्यूब के 22 न्यूज चैनल्स, ट्विटर के तीन, फेसबुक और न्यूज साइट के क्रमश: एक-एक अकाउन्ट को बन्द करने का आदेश दिया था। आई.टी. नियमों की ताजा अधिसूचना जारी कर सरकार डे-टू-डे बेसिस पर कई मुद्दों को कवर करने के लिए प्रकट रूप से संस्थागत फ्रेमवर्क को मजबूत करना चाहती है और साथ ही सोशल मीडिया कम्पनियों को इसके लिए बाध्य करना चाहती है कि वे सैल्स सैन्सरशिप को पहले प्राथमिकता दे।

## वायर न्यूज़...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

डालकर उनके डिजीटल उपकरण जब्त कर लिए गए।

संयुक्त बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने भाजपा के नैशनल आई.टी. विभाग के मुखिया की शिकायत पर आतंक मचाया था और इसमें प्रक्रिया का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया। एफ.आई.आर. में वायर के संचालकों पर मानहानि, धोखाधड़ी, ठगी और अपराधिक षडयंत्र के आरोप लगाए गए हैं। ये सब आरोप एक न्यूज पोस्ट की वजह से लगाए गए हैं जबकि पोर्टल ने वह न्यूज हटा दी थी। वायर द्वारा जारी बयान के अनुसार क्राइम ब्रांच उनके ऑफिस हाईडिस्क, फोन, आई पैड और कम्प्यूटर ले गई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर. एन. आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908